सेंसेक्स 73,677.13 ▼ -195.16
डॉलर 82.888 ▼ -0.026

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 27.0 | 14.0 | 20.0 |
| धनबाद | 29.0 | 14.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 15.0 | 30.0 |
| पलामू | 29.0 | 13.0 | 24.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत 2080
रांची, बुधवार, 06 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-36, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155
www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय खेती और सेहत पर भारी पड़ता रसायनिक ... 06

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

लोस चुनाव की निगरानी में शामिल होंगी केंद्रीय ...10 देश-विदेश




PR No. 321496 (Social Welfare,Women and Child Development) 2023-24

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय कांके पिठोरिया में चल रहे द्वादश ज्योतिर्लिंग मेला के पांचवें दिन ध्वनि एवं प्रकाश से सुसज्जित द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। 12 दिवसीय इस मेले में विशेष आकर्षण द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन, अनोखा अनवरत दुग्धा अभिषेक, आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी, शिव शंकर की चैतन्य झांकी था। मेले में बच्चों के लिए मूल्य आधारित ज्ञान भी बताया गया। इस अवसर पर बीके राजमती ने कहा कि महाशिवरात्रि का सनातन संस्कृति में विशिष्ट महत्व है।

### समस्याएं हल रैविमो ने सौंपा ज्ञापन

खलारी। रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा द्वारा परियोजना पदाधिकारी, रोहिणी को एक ज्ञापन सौंपा गया है। मोर्चा के शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर उक्त ज्ञापन मंगलवार को परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह को दिया गया। ज्ञापन में नवाडीह, मोना टोला, गंझू टोला में स्ट्रीट लाइट, सड़क, नाली व डीप बोरिंग, शेड की मरम्मती सहित कई समस्याओं के समाधान का आग्रह किया गया है। रोहिणी पीओ जेके सिंह ने कहा कि सीसीएल ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए हमेशा तत्पर है। प्रबंधन द्वारा जो भी संभव हो सकेगा प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा।

### खूंटी में महिला समूह ने रंगोली बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक

**खूंटी।** जिले की विभिन्न पंचायतों में महिला समूह की दीदियों ने स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता के लिए मंगलवार को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। महिला समूह की दीदियों ने रंगोली बनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया तथा लोगों को उनके मताधिकार के महत्व को समझाया गया। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली, मतदाता शपथ दिलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। सभी को निर्वाचन के अवसर पर अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

### काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल ने खलारी थाना प्रभारी का अभिनंदन किया

खलारी। आल इंडिया एससी एसटी बीसी एप्लाई कोआर्डिनेशन काउंसिल एनके और पिपरवार क्षेत्र के पदाधिकारियों ने खलारी के थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह से मुलाकात किया। काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल ने कैलेंडर व बुके देकर उनका अभिनंदन किया। प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी से खलारी क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुलाकात करने वालो में काउंसिल के सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, पिपरवार सचिव रतनलाल, रमेश भोगता, दिलीप गंझू, बहुरा मुंडा, ध्वजाराम धोबी, तौहीद अंसारी, दिलीप पासवान आदि शामिल थे।

---

**हेल्थ व वेलनेस सेंटर का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर करें**

# सिकल सेल की स्क्रीनिंग में तेजी लाएं : आराधना पटनायक



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की संयुक्त सचिव (जेएस पॉलिसी) आराधना पटनायक की अध्यक्षता में मंगलवार को नेपाल हाउस सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक हुई।

श्रीमती पटनायक ने कहा कि आईएमआर, एमएमआर, एनएमआर, यू5 एमआर के स्वास्थ्य सूचकांक को ससमय लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य सूचकांक के समकक्ष लाना है। राज्य में सिकल सेल के मरीज बहुत ज्यादा है, लेकिन सिकल सेल की स्क्रीनिंग कम हो रही है। उन्होंने पीओसी किट पहुंच जाने पर तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया। 20 लाख तक सिकल सेल मरीजों की स्क्रीनिंग करनी है। उन्होंने कहा कि अभी तक राज्य में 3104 आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यरत है। शेष बचे आयुष्मान आरोग्य मंदिर को अति शीघ्र कार्यरत करना है। साथ ही, हेल्थ व वेलनेस सेंटर का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर करने का निर्देश दिया गया। सीएचओ का भर्ती कर प्रशिक्षण कार्य यथाशीघ्र करना सुनिश्चित करने का कहा गया। टेलीमेडिसिन को टेलीकंस्ल्टेशन से जोड़ने का भी निर्देश दिया गया। सभी कार्यक्रमों का अलग-अलग पोर्टल है। इस पोर्टल को एक पोर्टल बनाकर स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यों को पोर्टल पर अपडेट करने का निर्देश दिया गया। एएनएम और सीएचओ को निर्देश दें कि वे ऑनलाइन पोर्टल पर डाटा अपलोड करें। एबीडीएम में सभी मानव संसाधन मरीजों या डॉक्टर, सभी को ऑनलाइन करें, जिससे कहीं भी रहकर मरीजों का आनलाइन सत्यापित किया जा सके।

# आजसू ने खलारी के पंचायतों में नियुक्त किया प्रभारी व पिलर मेंबर



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

आजसू पार्टी ने खलारी प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में प्रभारी व पिलर मेंमर का गठन किया। इसे लेकर आजसू पार्टी खलारी प्रखंड की बैठक अंबेडकर क्लब में हुई। बैठक में भाग लेने पहुंचे आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता डा देवशरण भगत व केंद्रीय उपाध्यक्ष पावर्ती देवी ने सबसे पहले डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बैठक में आगामी 11 मार्च को रांची में आयोजित पंचायत प्रभारी व पंचायत पिलर मेंबर सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं खलारी प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत प्रभारी व पंचायत पिलर मेंबर का गठन किया गया। प्रखंड के बमने से सदन महतो, राय से नागेश्वर महतो, चूरी पूर्वी अर्जुन महतो, चूरी दक्षिणी भूषण यादव, लपरा से प्रभात गिरि, बुकबुका से इम्तियाज अंसारी, चूरी मध्य से विक्की चौहान, चूरी उत्तरी से प्रकाश महतो, तुमांग से मुकद्दर लोहार, मायापुर से रमेश गंझू तथा विश्रामपुर से अमृत भोगता को पंचायत प्रभारी का प्रभार दिया गया। बैठक में वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव पर चर्चा किया गया तथा आगे की रणनीति तय की गई।

## न्यूज बॉक्स

### सहिया संगठन ने विधायक अकेला का जताया आभार, सौंपा ज्ञापन



**बरही।** हजारीबाग जिले के सहिया संगठन ने बरही के वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला यादव का बजट सत्र के दौरान उनकी समस्याओं को सदन के पटल पर रखने के लिए आभार जताया. साथ ही अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन भी सौंपा. सहिया संगठन ने बताया कि बरही विधायक उनकी समस्याओं को लेकर संवेदनशील है. यह जानकर उनलोगों को खुशी हुई है. विदित हो कि बजट सत्र के दौरान विधायक अकेला ने राज्य के सहिया का प्रोत्साहन राशि 20000 रुपए प्रति माह सहित अन्य सुविधाओं को बहाल करने के लिए सरकार से मांग किया था. विधायक ने कहा कि सहिया स्वास्थ्य विभाग का एक महत्पूर्ण हिस्सा है. इनकी ममेंज जायज है, जो समर्पित भाव से सेवा देते है. ऐसे में इनकी सेवाओं का उचित प्रोत्साहन मिलना चाहिए. इसके लिए वह लगातार आवाज बुलंद करते रहेगें. सहिया संगठन को हर संभव मदद करूंगा. सरकार से उनके अधिकारों को हर संभव दिलाने का प्रयास करेंगे.

### बैंक के पास से उचक्के 5 लाख रुपया लेकर फरार

**मुरी।** मुरी ओपी क्षेत्र थाना अंतर्गत मंगलवार दोपहर के 3:45 बजे किरण महतो हिंडालको कर्मी तुलिन निवासी के द्वारा बैंक से 5 लाख रुपए की निकासी कर ज्यों ही अपने मोटरसाइकिल के पास आये मोटरसाइकिल के पास आने के बाद अज्ञात युवक द्वारा उन्हें मोटरसाइकिल के पास पैसा गिरे होने के बात कही।उसने जब देखा पैसा गिरा हुआ है तो पैसा उठाने के क्रम में बैग में रखे पैसा को मोटरसाइकिल के हैंडल में रख गिरे हुए पैसा को उठाना शुरू किया। इसी क्रम में अज्ञात युवक ने उनका बैग लेकर वहां से भाग खड़ा हुआ। इसके बाद हो हल्ला शुरू हुआ। तत्पश्चात भीड़ जमा हो गई। तत्काल इसकी सूचना ओपी थाना मुरी एवं बैंक को भी दी गई। घटना की सूचना पाते ही ओपी थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे एवं घटनास्थल का मुआयना कर भुक्त भोगी के साथ मिलकर शाखा प्रबंधक से बैंक में बातचीत की। बैंक में लगे एवं अगल-बगल फुटेज को देखा। फुटेज देखने के क्रम में एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल के पास देखा गया लेकिन पहचान में नहीं आ रहा है। फुटेज देखने के बाद पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। भुक्त भोगी ने बताया कि यह पैसे उन्होंने अपनी बहन की शादी के लिए निकला था जो उचक्के लेकर फरार हो गए।

### खूंटी की 31 सहियाओं को किया गया सम्मानित

**खूंटी।** जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में मंगलवार को सहियाओं का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकय मिंज, मनीर अहमद, अजय शर्मा और सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों द्वारा बेहतर कार्य के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की 31 सहियाओं एवं छह ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति को पुरस्कृत किया गया। मौके पर राज्य कार्यक्रम समन्वयक ने कहा कि सहियाओं द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेवा सुदृढ़ हुई है और राष्ट्र स्तर पर पहचान बनी है।

### डीएवी खलारी में 15 मार्च तक नहीं लगेगा लड़कियों का नामांकन शुल्क

**खलारी।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए डीएवी स्कूल खलारी में लड़कियों का नामांकन शुल्क माफ कर दिया गया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आठ मार्च को विश्व महिला दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने बेटियों के नामांकन शुल्क को माफ कर दिया है। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अभिभावकों से इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया है। विद्यालय में यह सुविधा केवल कक्षा बाल वाटिका एक से कक्षा आठ तक की बेटियों के लिए एक मार्च से पंद्रह मार्च तक रहेगी। ज्ञात हो कि इस समय विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया चल रही है।

### विभिन योजनाओं का किया शिलान्यास

**मांडर।** मांडर प्रखंड अंतर्गत करगे ग्राम करगे में मंगलवार को विधायक योजना मद द्वारा झखरा स्थल घेराबंदी कार्य का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इससे पूर्व विधायक ने सरना स्थल मे सरना मां के समक्ष माथा टेक्कर आशीर्वाद लिया एवं हाथ जोड़कर अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता के खुश हाल जीवन एवं सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन मे विधायक ने कहा की करगे के ग्रामीण सरना स्थल की घेराबंदी को लेकर पहले बहुत बार मिल चुके थे, और उनकी समस्या को गंभीरता से लेकर आज इस धार्मिक स्थल का घेराबंदी अपने विधायक योजना मद से करा रही हूं, ताकि आगे यह धार्मिक स्थल सुरक्षित रहें, विधायक ने ग्रामीणों को झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, मांडर प्रखण्ड जाहेर में स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की किया। मौके प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, नसीम अंसारी, जुएल तिग्गा सेरोफिना मिंज, सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# बीडीओ ऊषा मिंज का भव्य स्वागत और निवर्तमान को दी गई विदाई




**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को भव्य समारोह आयोजित कर लापुंग प्रखंड के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया वहीं दूसरी ओर निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर प्रखंड के पदाधिकारी, सरकारी कर्मचारियों पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों ने बुके व उपहार भेंट कर नये का स्वागत व निर्वतमान को विदाई दी गई। मौके पर नये प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने सभागार में उपस्थित प्रखंड कर्मी , पंचायत प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि व अन्य को संबोधित करते हुए कहा कि लापुंग प्रखंड को जिस प्रकार निवर्तमान बीडीओ ने विकास की रफ्तार को आगे बढ़ाया है उससे कहीं ज्यादा उनके द्वारा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रखंड के विकास के लिए आप सभी को मिल जुलकर सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी कि प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में विकास की योजना पहुंचे व अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिले। वहीं निवर्तमान बीडीओ इमानुएल जयबिरस लकड़ा ने कहा कि आप सभी के सहयोग से सरकार द्वारा चलाए गए योजनाओं को गांव में पहुंचाने का काम किया है। ही वे कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार भी रहे। उनके ढाई वर्ष के कार्यकाल में उनकी स्वच्छ छवि, मृदुभाषी, एवं बेदाग रहकर कार्य करना असाधारण उपलब्धि रही है।

**बीडीओ ने जैव विविधता पर्षद कार्यालय का किया उद्घाटन**

# लोगों ने किया खुशी का इजहार



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू की अगुवाई में झारखंड जैव विविधता पार्षद कार्यालय का धनंजय राय, नवल किशोर सिंह और मुखिया संघ के अध्यक्ष रामेश उरांव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत उद्घाटन गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने खुशी का इजहार किया है। ज्ञात हो कि झारखंड बायोडायवर्सिटी बोर्ड यानी जैव विविधता पार्षद के तत्वाधान में झारखंड राज्य सरकार के द्वारा जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन वर्ष 2016-17 में किया गया था और बीच में कोरोना जैसे घातक बीमारी के कारण 3 वर्ष से अधिक समय तक इस बोर्ड के द्वारा कोई भी गतिविधि नहीं किया जा सका। झारखंड सरकार ने एक अच्छा पहल करते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से जो समितियां का गठन किया गया था उसका बीच-बीच में जिले में ट्रेनिंग हुआ और ट्रेनिंग के बाद सरकार की ओर से पत्र जारी किया गया। सभी प्रखंड एवं पंचायत में कार्यक्रम का संचालन किया जाना है। समिति की ओर से दी गई आवेदन की आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू की ओर से जैव विविधता प्रबंधन समिति को प्रखंड परिसर में कार्यालय उपलब्ध कराया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि यह जरूरी है कि कार्यक्रम की सफल संचालन के लिए समिति को प्रत्येक पंचायत भवन में कमरा मुहैया कराया जाए। समिति के अध्यक्ष धनंजय राय ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी को हमारे टीम ने लिखित आवेदन दिया था जिसके निमित्त आज मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय के द्वारा एक कमरा मुहैया कराया गया । मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में आज बायोडायवर्सिटी बोर्ड के अध्यक्ष धनंजय कुमार राय सचिन नूर मिंज, मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, पदाधिकारी में रमेश उरांव, नवल किशोर सिंह, रवि विश्वकर्मा के अलावे दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे।

### झामुमो का हर कार्यकर्ता हेमंत सोरेन का सिपाही



**उपवास कार्यक्रम का 19वां दिन**

**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष मंगलवार को झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला से केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मोहन कर्मकार की अध्यक्षता में उपवास कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के साथ रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे रांची जिला समिति के सदस्य भी शामिल हुए। मौके पर झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मोहन कर्मकार ने कहा, आप सभी देख रहे हैं कि कैसे एक छोटे से मामले को बड़ा बनाकर बिना कोई ठोस सबूत के हमारे नेता हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है। आज हम पूर्वी सिंहभूम से आए हुए सभी कार्यकर्ता उपवास कार्यक्रम में बैठे हैं और इससे हम यह संदेश देना चाहते हैं कि झूठे मुकदमे में हेमंत सोरेन को फंसाया गया है। उनके न्याय के लिए हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है कि उन्हें न्याय मिलेगा और निश्चित तौर पर वह जल्द हमारे बीच होंगे। अगर चुनाव की हम बात कहें, तो आज निश्चित तौर पर झामुमो का हर एक कार्यकर्ता हेमंत सोरेन बन चुका है। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा, आज उपवास कार्यक्रम के 19वें दिन हम उपवास में बैठे हैं। आप देख रहे हैं कि हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता लगातार अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। केंद्र की तानाशाह मोदी सरकार को आगामी चुनाव में निश्चित ही जवाब मिलेगा।

### आजसू के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त थाना प्रभारी से शिष्टाचारी मुलाकात की

**सिल्ली/मुरी।** मंगलवार के दिन प्रखंड अध्यक्ष विजय चन्द्र महतो के नेतृत्व में मंगल कामनाओं के साथ आजसू बुद्धिजीवी मंच प्रखंड कमिटि के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की तथा उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए। सभी पदाधिकारियों ने उन्हें एक-एक कर अपना परिचय दिया।अध्यक्ष विजय चन्द्र महतो ने थाना प्रभारी से कहा की अगर हमारे क्षेत्र में जो भी समस्याएं आने की नौबत आयेगी तो आपसे हमलोग निःसंकोच फरियाद करेंगे। आप हमें उचित न्याय दिलवाने की कोशिश किजीएगा ।हम सभी यही आपसे अपेक्षा करते है।कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र नाथ महतो ने थानाध्यक्ष से कहा यदि आपको भी हम बुद्धिजीवी मंच से कोई अपेक्षा रखते है तो हमलोग भी विकट से विकट परिस्थितियों में सहयोग करने के लिए तत्पर है।

# मानव संसाधन के प्रति सरकार संवेदनशील नहीं : सईद अख्तर



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य सरकार राज्य के छात्र - छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। राज्य के प्लस टू स्कूलों में लगभग ग्यारह विषय के शिक्षक के पद सृजित हैं जिसमे हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, भौतिक, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान एवं गणित, संस्कृत व वाणिज्य सम्मिलित है। परंतु राज्य में इन विषयों के अतिरिक्त लगभग बीस ऐसे विषय भी हैं जिसकी पढ़ाई छात्र-छात्राएं करना तो चाहते हैं परंतु सरकार की असंवेदनशीलता के कारण वैसे विषय जिसमें राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, मानवशास्त्र, दर्शनशास्त्र, भुगर्भशास्त्र, कंप्यूटर साइंस, होम साइंस, उर्दू, संथाली, बांग्ला, मुंडारी, हो, कुड़ूख, कुरमाली, खोरठा, नागपुरी, पंचपरगनिया शामिल है के शिक्षकों का पद सृजन नहीं हो पाने तथा शिक्षकों के अभाव में छात्र-छात्राएं बिना शिक्षक के ही पढ़ने और परीक्षा देने को विवश है। इस विषय पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा संज्ञान लेते हुए सरकार से जवाब मांगा गया था जिसके प्रतिउत्तर में सरकार द्वारा एक शपथ पत्र देकर यह कहा गया था कि उक्त विषयों में पद सृजन की प्रक्रिया आठ सप्ताह में पूर्ण कर ली जाएगी। सरकार से यह मांग की जाती है कि यदि यथाशीघ्र इन विषयों में पद सृजन कर शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की जाती है तो बाध्य हो कर राज्य सरकार के विरुद्ध सड़क पर उतर कर जन आंदोलन चलाया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेवारी झारखंड सरकार की होगी।

---

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में हुआ सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फाल्गुन माह का आगाज होते ही खाटू नरेश के भक्तों में नवीन ऊर्जा वह भक्ति का संचार हो गया है। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में इसका अलौकिक नजारा देखने को मिल रहा है। खाटूनरेश की आराधना के साथ ही हनुमानजी महाराज की पूजा के लिए मंगलवार को 92वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सुनील मोदी एवं आशा मोदी के परिवार ने हनुमान जी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़-चना, अंगूर, केला, संतरे का भोग अर्पित कर महाग्रंथ श्री रामचरितमानस एवं पाठ वाचकों का चंदन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजा अनुष्ठान संपन्न करवाया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा व अन्य ने साज बाज के साथ श्री गणेश वंदना व श्री हनुमान चालीसा पाठ के बाद श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। भक्तों के आग्रह पर पाठ के बीच-बीच में भजनों का गायन भी किया गया। पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा प्रसाद, श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद, प्रत्यूष अग्रवाल ने फल प्रसाद एवं मुकेश मित्तल ने गिरी गोला की सेवा निवेदित की। श्री सुंदरकांड के पाठ के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया।



**आज खाटू जाने वाले निशानों की पूजा**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन माह की विजया एकादशी के अवसर पर बुधवार को रात्रि 9:30 बजे से विशेष एकादशी कीर्तन का आयोजन होगा। इस अवसर पर दिव्या विशेष श्रृंगार किया जाएगा। संगीतमय भजन संकीर्तन के बीच खाटूधाम जाने वाले पवित्र निशानों का पूजन स्थापना तथा जागृत करने का पवित्र धार्मिक अनुष्ठान होगा। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि सभी पूजित जागृत निशानों को श्री खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर में चढ़ाया जाएगा। मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पवित्र शुद्ध मन से निशान चढ़ाने वाले भक्तों का कल्याण हो जाता है।

### श्री श्याम मंडल का 60 सदस्यीय दल 9 मार्च को जाएगा खाटूधाम

**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची के 60 सदस्यों का दल आगामी 9 मार्च को रेल मार्ग से दिल्ली होते हुए रिंगस से खाटू धाम (राजस्थान) के लिए रवाना होगा। 9 मार्च को रिंगस में पवित्र निशान (ध्वजा) का पूजन कर यह दल रिंगस से खाटू धाम की 17 किलोमीटर की दूरी तय कर पवित्र निशान (ध्वजा) को श्री श्याम प्रभु को अर्पित करेगा। बताया गया कि 12 मार्च को श्री श्याम मंडल का 60 सदस्यों का दल सालासर धाम में दर्शन एवं धोक लगाकर 13 मार्च को झुंझुनूं धाम में मत्था टेक कर जयपुर के लिए प्रस्थान करेगा। 14 मार्च को यह दल जयपुर से हवाई मार्ग द्वारा रांची पहुंचेगा। इस निशान पदयात्रा में मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका,आदि शामिल हैं।

### महाशिवरात्रि पर इंद्रपुरी से निकलेगी बाबा की भव्य बारात

**रांची।** श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति इंद्रपुरी कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड, रांची के तत्वावधान में समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर 8 मार्च 2024 दिन शुक्रवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ देवाधिदेव महादेव की बारात की शोभायात्रा निकाली जा रही है। इस वर्ष बारात की शोभायात्रा में शिव-महाकाली का महातांडव, राम दरबार में हनुमान जी सीना फाड़ते हुए, राम लला पर आधारित झांकी, ज्ञानवापी महादेव की झांकी, पंचमुखी भोले बाबा अपने नंदी पर सवार, केदारनाथ मंदिर की छवि, नृत्य, बैंड बाजे, खड़गपुर के प्रसिद्ध सिंधी ढोल की टोली, ताशा पार्टी, घोड़े से सुसज्जित रथों की टोली भी शामिल होगी। साथ ही, सुप्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा मनमोहक भजन की गंगा प्रवाहित होती रहेगी। शोभायात्रा का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश, आशा लकड़ा, सुदेश महतो करेंगे।

# उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा 12 से

***नवीन मेल संवाददाता रांची।*** **केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से मान्यता प्राप्त झारखंड में संचालित 80 जिलास्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के पहले शैक्षणिक वर्ष में कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा 12 मार्च से शुरू होंगी। ये परीक्षाएं 12 से 22 मार्च 2024 तक चलेंगी। परीक्षा की अवधि तीन घंटे की होगी। परीक्षा के दौरान छात्र मोबाइल, स्मार्ट वॉच या किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट अपने साथ परीक्षा हॉल में नहीं ले जा सकेंगे।**

### आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

सीबीएसई मानकों के आधार पर इन परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों, उत्कृष्ट विद्यालय प्रधानाध्यापकों-प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। इन परीक्षाओं के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा प्रश्नपत्र तैयार कर जिलों को उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षाओं के आयोजन के लिए अनुभवी स्कूल प्रबंधकों (भूतपूर्व सीबीएसई विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और उप प्रधानाध्यापक) की कमेटी गठित की गई है। कमेटी की अनुशंसा के आधार पर सीबीएसई के मानकों के अनुरूप प्रश्नपत्र तैयार कर विद्यालय सत्र की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।



### 30 को रिजल्ट, 1 अप्रैल से नया सत्र

**30 मार्च तक परीक्षा परिणामों का प्रकाशन एवं रिपोर्ट कार्ड का वितरण कर दिया जाएगा। एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो जाएगा।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,677.13 | ▼ -195.16 | |
| डॉलर | 82.888 | ▼ -0.026 | |

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

**आज का अनुमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 27.0 | 14.0 | 20.0 |
| धनबाद | 29.0 | 14.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 15.0 | 30.0 |
| पलामू | 29.0 | 13.0 | 24.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत 2080 | रांची, बुधवार, 06 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-36, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय ▶ खेती और सेहत पर भारी पड़ता रसायनिक ... 06 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | लोस चुनाव की निगरानी में शामिल होंगी केंद्रीय ...10 ◀ देश-विदेश


## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 60,350

चांदी (1 किलो) 77,000


## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।


# झारखंड में कानून का राज चलेगा या उपद्रवियों का

### चान्हो एकलव्य स्कूल मामले में केंद्र और राज्य के जवाब से हाईकोर्ट नाराज

### किसकी इजाजत से एकलव्य विद्यालय के शिलान्यास स्थल को बदला गया



**पहले स्कूल का बाउंड्री वॉल तोड़ा गया, उसका खर्च कौन उठाएगा**

**राज्य सरकार किसके पैसे से उसका भुगतान करेगी**

**यह पब्लिक का पैसा है इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को चान्हो के सिलागाई में बनने वाले एकलव्य स्कूल के लिए चयनित स्थान को दूसरी जगह बदलने के खिलाफ गोपाल भगत की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से दाखिल जवाब पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने नाराजगी जताई। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार पर कोर्ट द्वारा पिछली सुनवाई में लगाए गए 25-25 हजार रुपये जुर्माना को हटाने के उनके आग्रह को कोर्ट ने नहीं माना और जुर्माना राशि को पूर्व सैनिक विधवा कल्याण फंड में जमा करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मौखिक कहा कि किसकी इजाजत से एकलव्य विद्यालय का शिलान्यास स्थल को बदलकर नई जगह पर स्कूल का निर्माण का निर्णय लिया गया। झारखंड में कानून का राज चलेगा या उपद्रवियों का राज चलेगा। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार के शपथ पत्र पर कहा कि इसमें कहां साबित हो रहा है कि स्कूल का जगह बदलने के लिए राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को सूचित किया था। स्कूल कंस्ट्रक्शन कर रही कंपनी दूसरी जगह स्कूल भवन बना रही है, क्या उसे अधिकार है कि वह जगह बदल सके। पूर्व में पुराने स्थल पर जहां स्कूल बन रहा था वहां बाउंड्री वॉल तोड़ा गया, उसका खर्च कौन उठाएगा। यदि केंद्र सरकार इस खर्च को वहन नहीं कर रही है तो राज्य सरकार किसके पैसे से उसका भुगतान करेगी, यह पब्लिक का पैसा है इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। डीपीआर बनाने के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के द्वारा वहां शिलान्यास किया गया था। राज्य सरकार ने उसके लिए जगह चिन्हित कर जमीन दी थी। इसके बाद नई जगह पर एकलव्य स्कूल बनाने का निर्णय क्यों लिया गया। राज्य सरकार कहती है कि उसने स्कूल के जगह को बदलने के संबंध में केंद्र सरकार को सूचित किया था। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि क्या उपद्रवियों के डर से केंद्र व राज्य सरकार डर गई है, जिस कारण स्कूल की जगह बदलने का निर्णय लिया गया। कोर्ट ने मामले में केंद्र व राज्य सरकार के जवाब पर याचिकाकर्ता को अपना प्रति उत्तर

▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

## सीएमओ से हटे विनय चौबे, अविनाश कुमार बने सीएम के अपर मुख्य सचिव





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने सात आईएएस अफसरों का तबादला किया है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय चौबे को स्थानांतरित करते हुए पंचायती राज विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। वहीं ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव, सीएमडी ऊर्जा विकास निगम, एमडी जेबीवीएनएल अविनाश कुमार को मुख्यमंत्री का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। कुमार को यह अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जबकि मुख्यमंत्री के सचिव, अरवा राजकमल को उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग का सचिव, जुडको और जेआरडीए का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। इसके अलावा अरवा राजकमल को अपने कार्यों अतिरिक्त गृह विभाग का सचिव बनाया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं कल्याण विभाग का प्रधान सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दिकी को खान एवं भूतत्व विभाग का सचिव बनाया गया है। अबु बकर को झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड का अध्यक्ष का अतिरक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के सचिव प्रवीण टोप्पो को उद्योग सचिव, उद्योग विभाग

▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज होगी



**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक छह मार्च को होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा जानकारी दी गयी है। मंत्रिपरिषद की बैठक बुधवार को अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### कर्नाटक के सीएम को ईमेल से मिली रामेश्वरम कैफे जैसे विस्फोट की धमकी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार को मंगलवार को ईमेल के जरिए बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हाल ही में हुए विस्फोट की तर्ज पर सिलसिलेवार बम विस्फोटों की धमकी मिली है। धमकी भरा मेल कर्नाटक सीएम, डिप्टी सीएम, गृह मंत्री और बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर के आधिकारिक ईमेल पर भेजा गया है। सूत्रों के अनुसार, ईमेल भेजने वाले शख्स ने 25 लाख डॉलर की फिरौती मांगी है। ईमेल में कहा गया है अगर मांग पूरी नहीं की गई तो बस स्टॉप और रेलवे स्टेशन समेत कई जगहों पर रामेश्वरम कैफे जैसे सिलसिलेवार विस्फोट किए जाएंगे। हाल ही में कैफे में हुए फिस्फोट के मद्देनजर पुलिस विभाग ने इस धमकी को गंभीरता से लिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**सीएम की जगह मंत्री आलमगीर ने किया योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन**

# सरकार गरीबों के हित में कर रही है काम : मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

जिले के महागामा अनुमंडल मुख्यालय स्थित ऊर्जानगर राजेंद्र स्टेडियम में मंगलवार को निर्धारित मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का आगमन अंतिम समय में टल गया। मुख्यमंत्री की जगह संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम एवं स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री बन्ना गुप्ता ने निर्धारित सभी कार्यक्रमों को यहां संपन्न किया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दीपिका पांडेय सिंह, औरैया के विधायक प्रदीप यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व निर्धारित सभी कार्यक्रमों के साथ-साथ मनरेगा एवं डीएमएफटी के तहत स्थानीय लोगों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। इसके पूर्व पीसीएल के द्वारा सर योजना के तहत वर्ष 2012 में स्वीकृत 300 सैया वाले अस्पताल का शिलान्यास कार्यक्रम भी संपन्न किया गया। साथ ही महागामा डिग्री कॉलेज का भी शुभारंभ किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सरकार गरीब लोगों के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने सर्वजन पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि इसके पूर्व लोग पेंशन के लिए भटकते थे जिसे सरकार ने आज सबके लिए उपलब्ध करा दिया है। मंत्री ने स्थानीय विधायक दीपिका पांडे सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप लोग

▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

### सीएम गिरिडीह में नौ को रखेंगे वृहद पाइप लाइन सिंचाई परियोजना की आधारशिला



**रांची।** सीएम चम्पाई सोरेन तीसरी बार गिरिडीह आयेंगे। उनके गिरिडीह आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। सीएम के नौ मार्च को एक दिवसीय कार्यक्रम को देखते हुए मंगलवार को डीसी और एसपी ने ज्वाइंट बैठक की और कई निर्देश दिये। इस बार सीएम का दौरा सदर विधानसभा के पीरतांड़ में होना है, जहां राज्य सरकार के मेजर एरिगेशन विभाग की 639 करोड़ की लागत से प्रस्तावित वृहद पाइप लाइन सिंचाई योजना की आधारशिला रखेंगे।

## सियासी संग्राम में आमने-सामने हो सकते हैं पूर्व पुलिस अधिकारी और पूर्व नक्सली

### भाजपा से पूर्व डीजीपी मैदान में तो राजद से पूर्व नक्सली कमांडर के उतरने की चर्चा





**अखिलेश चौबे। मेदिनीनगर**

झारखंड की राजनीतिक राजधानी पलामू लोस सीट पर इस बार पुलिस-नक्सली आमने-सामने होने के प्रबल आसार जताये जा रहे हैं। भाजपा ने जहां अपने वर्तमान सांसद झारखंड के पूर्व डीजीपी वीडी राम पर भरोसा जताते हुये उन्हें तीसरी बार चुनावी समर में उतारा है। वहीं आईनडीआईए गठबंधन के घटक दल राजद से पूर्व सांसद व कभी नक्सली कमांडर रहे कामेश्वर बैठा को टिकट मिलने की चर्चा जोरों पर है। ऐसे में बीहड़ के बाद चुनाव मैदान में भी लोगों को प्रबल प्रतिद्वंद्वियों का रोचक संघर्ष देखने को मिल सकता है। लोगों को अब बेसब्री से आईएनडीआईए गठबंधन द्वारा पलामू में उम्मीदवार की घोषणा का इंतजार है। झारखंड के पूर्व डीजीपी वीडी राम सेवानिवृत्ति के बाद मोदी रथ पर सवार होकर दो बार से भारी मतों के अंतर से सांसद बनते आये हैं। जबकि पहली बार बसपा से लड़कर चुनाव हारने वाले कामेश्वर बैठा वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में झामुमो के टिकट पर जीत दर्ज कर देश के सर्वोच्च पंचायत में पहुंचने वाले पहले नक्सली कमांडर का तमगा हासिल कर चुके हैं। तब उन्हें कांग्रेस व

▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर



### बिहार के गया में सेना का एयरक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त

**पटना।** बिहार के गया में सेना का माइक्रो एयरक्राफ्ट मंगलवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एयरक्राफ्ट ने गया ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) से उड़ान भरी थी, जिसमें अचानक तकनीकी खराबी आ गई और वह खेत में जा गिरा। एयरक्राफ्ट में सवार महिला प्रशिक्षु और ट्रेनर पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना बोधगया के कंचनपुर गांव की है। गया ओटीए से रूटिंग ट्रेनिंग के दौरान एयरक्राफ्ट उड़ा था लेकिन अचानक तकनीकी खराबी आ गई और वह अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरा।

# सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता स्पेनिश महिला नेपाल रवाना

**पीड़िता ने कहा**

**घटना के लिए भारत या यहां के लोग जिम्मेवार नहीं**

**दुष्कर्म के खिलाफ सोशल मीडिया पर शुरू किया अभियान**

**ऐसी घटना पूरी दुनिया में कहीं भी किसी के भी साथ हो सकती है**

**भारत एक महान देश है, भारतीयों से मुझे शिकायत नहीं**

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार 28 वर्षीय ट्रैवल ब्लॉगर स्पेनिश महिला मंगलवार को नेपाल के लिए रवाना हो गई। रवानगी से पहले पीड़ित महिला ने मुसीबत में साथ देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि वह बुरी यादों को भुलाकर कई अच्छी यादें लेकर इंडिया से जा रही है। इस दौरान स्थानीय प्रशासन ने उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। दुमका पुलिस विदेशी दंपति को सुरक्षा के साथ दुमका से 70 किमी दूर झारखंड-बिहार के बॉर्डर पर छोड़ने गई।

नेपाल रवानगी से पहले पीड़ित महिला ने कहा कि इस घटना के लिए भारत और यहां के लोगों को जिम्मेवार ठहराना बिल्कुल सही नहीं है। स्पेन की ट्रैवल ब्लॉगर ने दुनिया भर में महिलाओं-लड़कियों से रेप की घटनाओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभियान शुरू किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है, मेरे साथ जो हुआ उसे छुपाना जायज नहीं है। मैं लोगों को बताऊंगी कि न्याय पाने के लिए कैसे लड़ना पड़ता है।

▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

### गैंगरेप के पांच अन्य आरोपित गिरफ्तार, जेल



**स्पेन** के टूरिस्ट बाइक राइडर दंपति से मारपीट, लूट और महिला से गैंगरेप मामले में हंसडीहा पुलिस पांच अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में बाबूजी सोरेन, बुधलाल मराण्डी, बबलू हेम्ब्रम, बसिस मुर्मू एवं समीर किस्कू शामिल हैं। सभी थाना क्षेत्र के कुरमाहाट निवासी हैं। यह जानकारी दुमका के एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि मामले में अब तक कुल आठ आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस पीड़ित दंपति को फास्ट ट्रैक के तहत दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाएगी।

## कर्ज वापस करने के बहाने बुलाकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**रांची।** झारखंड में दुष्कर्म की घटनाएं रुक नहीं रहीं। दुमका और पलामू के बाद अब अब राज्य के गढ़वा जिले में एक महिला से रेप की वारदात सामने आई है। पीड़िता बिहार के पटना की रहने वाली है। युवती को जान से मारने की कोशिश भी की गई। युवती ने साहस दिखाया और उसकी जान बच गई। इसके बाद पीड़िता ने 100 नंबर पर डायल कर पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल पहुंचाया। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि गढ़वा के बंशीधर नगर का रहनेवाला जहारुद्दीन अंसारी गुजरात की एक फैक्ट्री में काम करता था। पटना की इस युवती का पति भी वहीं काम करता था। पीड़िता के पति ने जहीरुद्दीन अंसारी को 45 हजार रुपए कर्ज दिए थे। जहीरुद्दीन अंसारी कर्ज लेने के बाद गढ़वा आ गया था। जहीरुद्दीन ने कर्ज वापस करने के बहाने महिला को गढ़वा बुलाया। महिला पटना से ट्रेन से बंशीधर नगर पहुंची। वहां पहुंचने के बाद उसने जहीरुद्दीन को फोन किया। जहीरुद्दीन ने महिला को ये कहा कि वह घर पर पैसे वापस करेगा। अपने घर ले जाने के क्रम में बेलपहाड़ी के इलाके में जहीरुद्दीन ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और उसकी हत्या करने की कोशिश की। महिला किसी तरह वहां से बच के निकली और पुलिस को सूचना दी। पीड़ित महिला को इलाज के लिए पुलिस ने बंशीधर नगर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया है।

## इंडिया आक्रामक ब्रांडिंग से उपेक्षित भारतीय खानपान व बढ़ते हानिकारक फास्ट फूड



सुनील बादल

*भारत* में हर गली मुहल्ले में खुलने वाले अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों का ऐसा क्रेज है कि हर गरीब आदमी तक उन्हीं स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना चाहता है और जब उसके बच्चे स्कूल ड्रेस पहने टाई लगाकर उसके सामने आते हैं तो वह फूला नहीं समाता ।इन तथाकथित अंग्रेजी स्कूलों में बहुत ही कम पैसों में कार्यरत शिक्षकों की अपनी ही अंग्रेजी भले अच्छी न हो पर पब्लिक स्कूल का जादू सभी के सर पर चढ़कर बोल रहा है । रंगीन टेलीविजन के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियां जब भारत में आईं तो उन्हें अपने प्रोडक्ट की खपत बढ़ाने के लिए भारतीय पारंपरिक उत्पादों को किनारे करना था जिसके लिए बहुत ही सोची समझी रणनीति के तहत शुद्धता और आधुनिकता का बहुप्रचार किया गया । जैसे असल में लस्सी पीने पर सचमुच प्यास बुझ जाती है और कोई साइड़ इफेक्ट नहीं होता पर कोल्ड ड्रिंक के नाम पर कीटनाशक और सड़न रोकने के रसायनों का प्रयोग करने वाले कई नकली और घटिया पेय गांवों तक शान से पिए जा रहे हैं क्योंकि उससे तूफानी ठंढा मिलता है, जैसे बड़े खिलाड़ी या फिल्म स्टार बताते हैं ।ऐसे ही मैदायुक्त और कब्ज या पेट की बीमारियां पैदा करने वाले फास्ट फूड भले पश्चिमी देशों में चलन से बाहर हो गए हों पर हमारे छोटे बच्चे तक उसके दीवाने हैं क्योंकि फिल्मों और टीवी चैनलों के विज्ञापनों या सीरियल में बड़े लोग वही खाते पीते दिखाए जा रहे हैं । हाल ही में जारी घरेलू उपभोग खर्च सर्वेक्षण (एचसीईएस) एक बार फिर उसी बात की पुष्टि कर रहा है, जिसके बारे में चिकित्सक और स्वास्थ्य पैरोकार लंबे समय से चेतावनी दे रहे थे। अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के बीच हुए सर्वेक्षण के निष्कर्ष दिखाते हैं कि कुल खाद्य उपभोग खर्च में अनाज और दालों की हिस्सेदारी ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में तेजी से घट रही है। वर्ष 1999-2000 में ग्रामीण परिवारों में अनाज पर खर्च कुल उपभोग खर्च का 22.16 फीसदी था, जो कि अब घटकर 4.91 फीसदी रह गया है। शहरी परिवारों में अनाज पर खर्च इसी अवधि के दौरान 12 फीसदी से घटकर 3.64 फीसदी रह गया है। इसी तरह वर्ष 1999-2000 में ग्रामीण परिवारों में दालों पर खर्च कुल उपभोग खर्च का 3.81 फीसदी था, जो अब घटकर 1.77 फीसदी रह गया है और शहरी परिवारों में यह 2.84 फीसदी से घटकर 1.21 फीसदी रह गया है। ग्रामीण परिवारों में अनाज एवं दालों पर खर्च में गिरावट ज्यादा स्पष्ट दिखाई देता है। लेकिन ये आंकड़े पूरी कहानी बयां नहीं करते हैं। अन्य चिंताजनक संकेतक भी हैं-पेय एवं प्रसंस्कृत खाद्य पर खर्च का हिस्सा शहरी और ग्रामीण भारत में वर्ष 2011-12 के कुल मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग खर्च (एमपीसीई) के 7.9 फीसदी से बढ़कर 9.4 फीसदी हो गया है। वर्ष 1999-2000 में यह आंकड़ा 4.19 फीसदी था। इसके साथ ही पिछले दशक की इसी अवधि में ग्रामीण भारत में पान, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों पर खर्च 3.21 फीसदी से बढ़कर 3.70 फीसदी हो गया है। वर्ष 1999-2000 में यह आंकड़ा 2.87 फीसदी था। इन आंकड़ों से रुझान स्पष्ट हैं।भारतीय शहरों का आहार संबंधी आंकड़ा तो और भी चौंकाने वाला है। नवीनतम अनुमानों के अनुसार, शहरी भारत में कुल मासिक उपभोग खर्च का लगभग 11 फीसदी प्रसंस्कृत खाद्य पर खर्च होता है। यह तब हो रहा है, जब भारत जीवन-शैली से जुड़ी बीमारियों से संबंधित महामारी की ओर बढ़ रहा है, जो कुछ अंश तक खराब आहार के कारण होता है। नवीनतम घरेलू उपभोग खर्च सर्वेक्षण ग्रामीण एवं शहरी, दोनों क्षेत्रों में बढ़ते चिकित्सीय उपचार (अस्पतालों में भर्ती और गैर-भर्ती, दोनों इलाजों पर) खर्च को दशार्ता है। स्वास्थ्य पैरोकार चेतावनी दे रहे हैं कि खराब आहार हमारे स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। वे बेहतर विनियमन की जरूरत बताते हैं, जिसमें व्यवहार परिवर्तन के साथ पैक लेबलिंग एवं उपभोक्ता जागरूकता शामिल हैं।



इसके अलावा, उच्च शर्करा और उच्च ग्लाइसेमिक इंडेक्स (कार्बोहाइड्रेट वाले आहार की पाचन एवं एक निश्चित समयावधि में शुगर लेबल नापने का तरीका) वाले नाश्ते का अनाज भी चिंता के विषय हो सकते हैं, क्योंकि भारत में मधुमेह के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। उच्च ग्लाइसेमिक इंडेक्स के परिणामस्वरूप रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) के स्तर में अचानक वृद्धि हो सकती है, जिससे मधुमेह रोगियों के लिए स्वास्थ्य खतरा पैदा हो सकता है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि भारत में छोटे बच्चों और किशोरों में ब्लड शुगर का स्तर सामान्य से बहुत अधिक होने के मामलों में भी भारी वृद्धि हो रही है।

**पारादीप-हैदराबाद उत्पाद पाइपलाइन का उद्घाटन**

## पीएम ने 19,600 करोड़ की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी



**एजेंसी। चंडीखोले/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने मंगलवार को ओडिशा के चंडीखोले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने इंडियन ऑयल पारादीप-हैदराबाद उत्पाद पाइपलाइन का भी उद्घाटन किया।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह से प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के संकल्प के लिए काम करते हुए देश की वर्तमान जरूरतों का ख्याल रखने के सरकार के दृष्टिकोण को सामने रखा। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में पूर्वी राज्यों की क्षमताएं बढ़ाने के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने विकास परियोजनाओं को पूरा करने में कभी दिलचस्पी नहीं ली और वर्तमान सरकार परियोजनाओं की आधारशिला भी रखती है और समय पर उनका उद्घाटन भी करती है। 2014 के बाद पूरी हुई विकास परियोजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने पारादीप रिफाइनरी का जिक्र किया, जो 2002 में चर्चा का विषय बनी लेकिन 2014 में वर्तमान सरकार के सत्ता में आने तक कोई काम पूरा नहीं हुआ। प्रधानमंत्री ने

▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सोरेन परिवार पर उल्टा पड़ गया दांव, शिबू और सीता बड़ी मुश्किल में

**उपेन्द्र गुप्ता। रांची।**
सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन और उनकी बड़ी बहू बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उनका दांव उन्हें के ऊपर उल्टा पड़ गया है। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचुड़ की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की खंडपीठ ने 1998 में पीवी नरसिम्हा राव मामले में आए फैसले को पलट दिया है। संविधान पीठ ने साफ कर दिया है कि रिश्वत से जुड़े मामले में सांसद और विधायक मुकदमों से नहीं बच सकते हैं। सांसद और विधायकों द्वारा रिश्वत लेकर वोट देने या सदन में सवाल पूछने पर आपराधिक मुकदमों से मिली छूट वाले विशेषाधिकार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

**झामुमो के चार सांसदों ने पैसे लेकर दिया वोट :** 1993 में केंद्र में नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली सरकार के अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ झामुमो के चार सांसद शिबू सोरेन, शैलेंद्र महतो, सूरज मंडल और साइमन मरांडी ने पैसे लेकर वोट दिया था। जिस वजह से नरसिम्हा राव की सरकार बच गई थी। लेकिन 1995 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस सांसद रिश्वत कांड का खुलासा किया था। तब शैलेंद्र महतो ने स्वीकार किया था कि नरसिम्हा राव की सरकार को बचाने के लिए वोट के बदले चारों सांसदों को 50-50 लाख रुपए की घूस मिली थी। इसी के बाद सीबीआई जांच शुरू हुई थी।

## राज्यसभा हॉर्स ट्रेडिंग मामले में जेल जा चुकी हैं सीता सोरेन




जामा से झामुमो की विधायक सीता सोरेन पर साल 2012 में हुए राज्यसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशी आरके अग्रवाल से डेढ़ करोड़ रु लेकर वोट देने का आरोप लगा था। उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ था। उनके धुर्वा स्थित आवास की कुर्की भी हुई थी। बाद में उन्होंने सीबीआई कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। जहां से जेल भेज दिया गया था। उन्होंने हाईकोर्ट में इसको चुनौती दी थी लेकिन उनकी याचिका खारिज हो गई थी। तब उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से अपने ससुर सह झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन समेत चार सांसदों को 1993 के संसद रिश्वत कांड में 1998 में मिली राहत का हवाला देते हुए क्रिमिनेल केस से छूट की मांग की थी। तब साल 2019 में सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने सीता की याचिका को वृहद पीठ को भेज दिया था। उन्होंने पूर्व के फैसले पर दोबारा विचार करने का फैसला दिया था। उन्होंने कहा था कि क्या किसी सांसद या विधायक को वोट के बदले नोट लेने की छूट दी जा सकती है। क्या कोई ऐसा कर आपराधिक मामलों से बचने का दावा कर सकता है।

## कोर्ट के फैसले की समीक्षा कर कानूनी सलाह लेंगे

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से झारखंड की सत्ताधारी पार्टी झामुमो को बड़ा झटका लगा है। झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडेय का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है। अब इस पर कानूनी सलाह लिया जाएगा कि यह फैसला कब से लागू माना जाएगा। यह देखना है कि आदेश में क्या है। इसी के आधार पर पार्टी अपना स्टैंड साफ करेगी।

## बेनामी संपत्ति मामले में भी सोरेन परिवार पर लोकपाल का भी चल सकता है डंडा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झामुमो अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन की भी मुश्किलें सिर्फ सुप्रीम कोर्ट तक ही नहीं सीमित है। उनके खिलाफ लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति मामले में दाखिल शिकायत पर सुनवाई की पूरी कर ली है और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जिससे सोरेन परिवार की एक और मुश्किलें बढ़ गयी है। लोकपाल ने सीबीआई को जल्द से जल्द जांच करने का आदेश दिया है। इस मामले की प्रारंभिक जांच छह महीने के अंदर पूरी करने को कहा गया है। इसके साथ जांच रिपोर्ट की एक प्रति सौंपने को कहा है।

**गोड्डा के भाजपा सांसद ने उठाया था मामला :** गोड्डा से भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने 2020 में लोकपाल के समक्ष शिकायतवाद दर्ज करायी थी। भाजपा सांसद ने राज्यसभा सांसद व झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन व उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था और 2020 में लोकपाल के समक्ष शिकायतवाद दर्ज करायी था। इसी शिकायतवाद पर लोकपाल ने फैसला सुनाते हुए सीबीआई को आदेश दिया है। लेकिन लोकपाल द्वारा की जा रही प्रारंभिक जांच के आदेश को शिबू सोरेन ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। लेकिन शिबू सोरेन को दिल्ली हाईकोर्ट से अपील याचिका पर राहत नहीं मिली थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा था और एकल पीठ ने लोकपाल के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था।

## मोदी परिवार डरने वाला, सोरेन परिवार लड़ने वाला : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा की केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने मोदी परिवार को डरनेवाला परिवार और सोरेन परिवार को लड़ने वाला बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने नया परिवार की शुरूआत की है। ललित मोदी, विजय माल्या, बृजभूषण सिंह, बिलकिस बनो के दोषी, कठुआ के लोग मोदी का परिवार हो गया है। पीएम को समझ आ गया है कि परिवार क्या होता है। जब- जब जरूरत होती है तब-तब वो बात करते हैं। भट्टाचार्य मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में हरमू रोड स्थित पार्टी कार्यालय में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में भगवान बिरसा को जेल में डाला गया था। क्या उलगुलान रुका, गुरु जी शिबू सोरेन को जेल में डाला गया क्या जेएमएम रुका, हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया है, क्या हम रुके। हम डरनेवालों में से नहीं हैं। हम लड़नेवाले हैं। इसका परिणाम जनता भाजपा को देगी। उन्होंने कहा कि अब देश में कोई मुद्दा तो रह नहीं गया। तो उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक को अपने हाथ में कर लिया है।

## भ्रष्टाचार के आरोपी हेमंत से बिरसा भगवान की तुलना उनका अपमान

### झामुमो परिवार के प्रियतम सदस्य हैं घोटालेबाज अमित अग्रवाल, दाहू यादव, प्रेम प्रकाश, विशाल, पंकज मिश्रा, बच्चू यादव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा ने मंगलवार को झामुमो पर पलटवार करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भगवान बिरसा मुंडा से तुलना करने पर कड़ी आपत्ति दर्ज की है। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा पूरे देश के गौरव के प्रतीक है और उनको भगवान का दर्जा दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके जन्मस्थली ऊलिहातू और भगवान बिरसा मुंडा कारागार में भी जाकर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित कर चुके हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्रीय सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस की पहली बार शुरूआत की है। ऐसे भगवान बिरसा मुंडा की एक भ्रष्टाचार के आरोपी से तुलना करके आज झारखंड मुक्ति मोर्चा ने न सिर्फ आदिवासी समाज बल्कि पूरे देश का अपमान किया है। प्रतुल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने तो अंग्रेजों से देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिए अपनी सर्वोच्च आहुति दी थी।जबकि हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड को लूट कर खोखला कर दिया। प्रतुल शाहदेव ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों तक 1 घंटे भी बिना छुट्टी लिए निस्वार्थ भाव से 140 करोड़ देशवासियों की सेवा की है। हर पर्व त्योहार पर वह सीमा पर अपने सैनिकों और पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ शरीक होकर उनका हौसला बढ़ाते रहे हैं। गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की है। किसानों को सीधे सहायता राशि दी है। मुद्रा लोन के जरिए करोड़ों युवाओं को रोजगार के अवसर दिए हैं। महिलाओं के लिए उज्वला योजनाएं और अन्य योजना चलाकर उन्हें विकास के मुख्य धारा से जोड़ा है। छोटे व्यवसायी के लिए विश्वकर्मा योजना चलाकर उनको बिना गिरवी के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई है। ये सब 140 करोड़ देशवासी ही मोदी जी का परिवार है। प्रतुल शाहदेव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में सिर्फ दलालों की चलती थी। उससे तो यह स्पष्ट हो गया कि इनका परिवार सत्ता के दलालों अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश, विशाल, दाहु यादव, विनोद, पंकज मिश्रा, बच्चू यादव जैसे लोगों तक ही सीमित है। ऐसे भी परिवारवादी सोच वाले राजनीतिक दलों के लिए अपने दरबारी और परिजनों के अलावा आम जनता की कोई पूछ नहीं होती।

# चुनौतियों से निपटने को व्यावहारिक समाधान की जरूरत : विवेक भारद्वाज

### सचिव ने कहा, पीएम के प्रेरणादायक कथन 'यही समय है, सही समय है' को आत्मसात करें

### पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से पहुंचाना सुनिश्चित हो

## पीईएसए के सुदृढ़ीकरण पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन संपन्न






**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने मंगलवार को रांची में पीईएसए (पेसा) के सुदृढ़ीकरण पर दूसरे दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप संतृप्ति मोड में पीएम-जनमन योजना जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन को प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया। उन्होंने सभी पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से पहुंचाने को सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। भारद्वाज ने प्रतिभागियों से प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक शब्दों 'यही समय है, सही समय है' को आत्मसात करने और उन्हें पीईएसए को लागू करने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया।

दो दिवसीय सम्मेलन में हुए मंथन पर श्री विवेक भारद्वाज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए चुनौतियों से निपटने के लिए व्यावहारिक समाधान और संवेदनशीलता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने पेसा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभिन्न विभागों और हितधारकों के बीच नियमित संचार और सहयोग के महत्व पर बल दिया। उन्होंने पेसा के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक नेतृत्व की उपस्थिति में पीईएसए पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन की योजना की घोषणा की। उन्होंने पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पीईएसए) के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने और सुदृढ़ करने के महत्व को दोहराया।

पंचायती राज सचिव विवेक भारद्वाज ने सभी प्रतिभागियों से पेसा को लागू करने के लिए एक निश्चित रणनीति के साथ काम को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। ग्राम सभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और ग्राम सभा की बैठकों में जनता की भागीदारी को पहचानते हुए, उन्होंने सामुदायिक स्तर पर सामूहिक दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदायों के वास्तविक सशक्तिकरण के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख लेनी चाहिए। केंद्रीय सचिव ने विकास की गति को बढ़ाने के लिए संसाधनों के उचित उपयोग के महत्व को रेखांकित किया, समावेशिता की भावना पर जोर दिया और कहा कि समाज में किसी को भी उपेक्षित नहीं छोड़ा जाए। पीईएसए का अनुपालन सुनिश्चित करने में नागरिक समाज संगठनों और गैर सरकारी संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कार्रवाई का आह्वान किया गया।

सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित विचार-विमर्श के दौरान पंचायती राज मंत्रालय के अपर सचिव डॉ चंद्र शेखर कुमार, झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ राजीव अरुण एक्का, पंचायती राज मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती ममता वर्मा और पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार की निदेशक नीशा उरांव भी उपस्थित थीं। चर्चा में पीईएसए के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता और प्रतिभागियों के बीच ज्ञान-साझाकरण को बढ़ावा देने में मदद मिली। पीईएसए को लागू करने के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक प्रस्तुतियां दी गईं।

पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन पीईएसए के सुदृढ़ीकरण और प्रभावी कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए संपन्न हुआ। 4-5 मार्च, 2024 को आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन ने पीईएसए के सफल और लक्षित कार्यान्वयन की दिशा में प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया। दो दिवसीय सत्र के समापन अवसर पर उत्साही और आशान्वित प्रतिभागियों ने अपने सामूहिक प्रयासों के परिणामस्वरूप जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन की आशा व्यक्त की।

## संक्षिप्त खबरें

### आराधना पटनायक ने खूंटी में आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर का भ्रमण किया



**रांची।** केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव आराधना पटनायक ने मंगलवार को खूंटी जिले के सपारूम स्थित आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर का भ्रमण किया। उन्होंने इस सेंटर में दवा की उपलब्धता को देखा। आराधना पटनायक ने वहां चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों को टेलीमेडिसिन का उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर के कर्मियों को पेपरलेस कार्य करने की बात कही। यह भी निर्देश भी दिया कि सभी कार्य को पोर्टल पर रिपोर्ट करने की कोशिश की जाए।

### राज्यपाल से प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल और रिम्स के निदेशक ने की मुलाकात





**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को रांची प्रेस क्लब का एक प्रतिनिधिमंडल क्लब के सचिव अमरकांत के नेतृत्व में राज भवन में आकर भेंट की। राज्यपाल को रांची प्रेस क्लब की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से रिम्स के निदेशक-सह-सीईओ प्रो (डॉ) राज कुमार ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

### विधानसभा नियुक्ति मामले में हाई कोर्ट ने जताई नाराजगी, अगली सुनवाई 20 को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में जो रिपोर्ट आयी है, उसे कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया है लेकिन फिलहाल कैबिनेट ने उस पर कोई निर्णय नहीं लिया है। सरकार के इस जवाब पर अदालत ने नाराजगी जाहिर करते हुए विस्तृत और बिंदुवार जानकारी शपथ पत्र के मध्यम से पेश करने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट अब इस मामले में 20 मार्च को सुनवाई करेगा। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ में सुनवाई हुई। जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने यह जानना चाहा कि जब इस मामले में एक कमिश्नर बनाया जा चुका है और उसने जो जांच रिपोर्ट दी है, वह राज्यपाल को सौंपा दी गयी है। इस रिपोर्ट के आधार पर राज्यपाल ने कार्रवाई के लिए विधानसभा अध्यक्ष को निर्देशित किया है। इसके बावजूद दूसरी जांच कमेटी क्यों और किस प्रोविजन पर बनायी गयी। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने बहस की। झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच को लेकर शिव शंकर शर्मा ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है। मामले की जांच के लिए पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग का गठन किया गया। आयोग ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी, जिसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### चेक बाउंस मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल कोर्ट में नहीं हुई हाजिर

**रांची।** चेक बाउंस मामले में मंगलवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। मामले में अदालत ने अभिनेत्री अमीषा पटेल को मंगलवार को सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया था लेकिन निजी कारणों का हवाला देते हुए अमीषा पटेल उपस्थित नहीं हुई। यह जानकारी अभिनेत्री के अधिवक्ता जय प्रकाश ने अदालत को दी और उनके उपस्थित नहीं होने पर अगली तिथि निर्धारित करने का अनुरोध किया। शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह की अधिवक्ता विजयालक्ष्मी श्रीवास्तव ने बार-बार समय मांगे जाने का विरोध करते हुए अभिनेत्री की जमानत निरस्त करने का अनुरोध किया।

## झारखंड पुलिस तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में 960 पदाधिकारियों को करेगी प्रशिक्षित

**रांची।** औपनिवेशिक क्रिमिनल लॉ की जगह नया क्रिमिनल लॉ एक जुलाई से लागू हो जाएगा। पुलिस मुख्यालय नए क्रिमिनल लॉ के सफल संचालन के लिए पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने की तैयारी में है। झारखंड पुलिस 960 पदाधिकारियों को तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में प्रशिक्षित करेगी। रांची स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय और झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में यह दो दिवसीय प्रशिक्षण छह चरणों में दिया जाएगा। रांची में 360 इंस्पेक्टर और एसआई को जबकि पुलिस अकादमी हजारीबाग में 600 इंस्पेक्टर और एसआई को यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। छह मार्च से चलने वाला यह प्रशिक्षण 28 मार्च तक छह चरणों में चलेगा। राज्य के 24 जिलों में तैनात थाना प्रभारी समेत पुलिस के अन्य विंग के इंस्पेक्टर और एसआई को यह प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## कांग्रेस महासचिव से गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर और मंत्रियों ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव सह संगठन प्रभारी केसी वेणु गोपाल से दिल्ली में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता एवं बादल पत्रलेख ने शिष्टाचार मुलाकात की।

कांग्रेस प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने मंगलवार को बताया कि झारखंड में सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी । साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी के संदर्भ में विशेष चर्चा किया और सभी ने उनका दिशा निर्देश प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए पांच मार्च से नौ मार्च तक विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में समन्वय समिति की बैठक आयोजित होगी। इसमें प्रदेश कांग्रेस प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। झारखंड प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष सहित मंत्री मंगलवार को दिल्ली से रांची आएंगे ।इसके बाद गुलाम अहमद मीर पांच मार्च को रांची लोकसभा, खूंटी लोकसभा स्तरीय बैठक में भाग लेने के पश्चात गुमला के लिए प्रस्थान करेंगे। वह रात्रि विश्राम गुमला में करेंगे। छह मार्च को दस बजे से लोहरदगा लोकसभा और तीन बजे लातेहार में चतरा लोकसभा स्तरीय बैठक में भाग लेंगे। रात्रि विश्राम हजारीबाग परिसदन में करेंगे। सात मार्च को दस बजे से हजारीबाग लोकसभा तीन बजे से धनबाद लोकसभा स्तरीय बैठक में भाग लेने के बाद रात्रि विश्राम देवघर में करेंगे।

## बालकिशुन मुंडा बने दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के विशेष सचिव स्तर के दो पदाधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया किया है। खान एवं भूतत्व विभाग के विशेष सचिव हरि कुमार केसरी को अगले आदेश तक प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त कोल्हान प्रमंडल चाईबासा के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। जबकि खान एवं भू तत्व विभाग के विशेष सचिव के पद पर स्थापित बालकिशुन मुंडा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल रांची के प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त पद पर अपने ही वेतनमान में नियुक्तियों में पदस्थापित किया गया है। मुंडा अगले आदेश तक अपने कार्य के साथ प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# धनबाद और चतरा सीट में फंसा है जातीय समीकरण


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के 14 सीटों में से 11 पर भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी लेकिन जिन तीन सीटों पर अभी तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है, उनमें धनबाद, गिरिडीह और चतरा हैं। गिरिडीह पर भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू का कब्जा है। इसलिए गिरिडीह सीट को भाजपा परेशान नहीं है, जहां से पिछली बार चंद्रप्रकाश चौधरी जीते थे। लेकिन धनबाद और चतरा भाजपा की सीट रही है, धनबाद से पीएन सिंह सांसद है, जबकि चतरा से सुनील सिंह सांसद हैं। इसी दोनों सीट को भाजपा ने होल्ड पर रखा है और अभी तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं किया है। जिससे राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चा हो रही है। लोग अलग-अलग मायने निकाल रहे हैं।

**जातीय समीकरण पर फंसा है पेंच :** धनबाद से पीएन सिंह लगातार तीन बार से सांसद रहे हैं। इनकी उम्र भी काफी हो चुकी है इसलिए उनकी जगह किसी नए ऊर्जावान चेहरे को उतारने के लिए भाजपा का शीर्ष नेतृत्व मंथन में जुटा है। भाजपा के दो विधायक धनबाद के राज सिन्हा और बाघमारा के ढ़ूल्लू महतो के नाम की सबसे अधिक चर्चा है। जमशेदपुर के विधायक सरयू राय भी भाजपा में आने के लिए लंबे समय से हाथ-पांव मार रहे है, और वे भी धनबाद सीट के लिए जुगत भिड़ा रहे है। दूसरी तरफ पीएन सिंह के वकील बेटे प्रशांत सिंह, अमरेश सिंह के नाम की भी चर्चा है, कुछ दिन पहले पीएम नरेन्द्र मोदी के धनबाद दौरे में झरिया के कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह भी पहुंची थी। जिसके बाद यह भी कयास लगाया जा रहा है कि कांग्रेस विधायक भी भाजपा के संपर्क में है।

दूसरी ओर चतरा में सुनील सिंह दो बार सांसद रहे है, 2019 में भी उनके नाम की घोषणा काफी देर से किया गया, इस बार भी उनके नाम को भाजपा ने होल्ड कर दिया है। उन पर बाहरी होने का तब भी और अब भी ठप्पा लग रहा है, इसलिए भाजपा इस बार किसी नए चेहरे कि तलाश में जुटी है। यहां भी एक अनार सौ बीमार वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। चतरा सीट के लिए स्थानीय लोगों में सबसे अधिक योगेन्द्र प्रताप सिंह और कालीचरण सिंह का नाम सबसे अधिक चर्चा में है । पांकी के भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता का भी नाम प्रमुख दावेदारों में शुमार है। दूसरी तरफ गिरिनाथ सिंह का नाम भी दावेदारों में लिया जा रहा है, यह चर्चा है कि बडकागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद भी भाजपा से टिकट के लिए प्रयास कर रही है।

बहरहाल, भाजपा सूत्रों की मानें तो धनबाद और चतरा दोनों सीट जातीय समीकरण में उलझ गया है, पीएन सिंह और सुनील सिंह दोनों राजपूत जाति से आते हैं, भाजपा इस बार दोनों में किसी एक सीट पर ही पर राजपूत जाति को टिकट देना चाहती है। उम्र आड़े नहीं आया तो पीएन सिंह को तीसरी बार टिकट मिल सकता है, फिर सुनील सिंह का नाम कट सकता है और किसी सामान्य जाति के व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया जा सकता है लेकिन भाजपा क्या फैसला लेती है इस पर अभी कोई भी दावे के साथ नहीं कह रहा है।

### जदयू के कोटे में जा सकता है चतरा





### दो सीटों पर क्षत्रिय प्रत्याशियों की करें घोषणा : विनय

**पलामू।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को विचार-विमर्श किया गया। विनय सिंह ने कहा कि भाजपा ने धनबाद व चतरा लोकसभा क्षेत्र से पहले भी क्षत्रिय समाज से प्रत्याशी बनाने का काम किया है। इसबार भी भाजपा नेतृत्व को दोनों सीटों पर क्षत्रिय समाज से प्रत्याशी देना चाहिए। झारखंड की 14 में 11 संसदीय क्षेत्रों के घोषित प्रत्याशियों में एक भी क्षत्रिय नहीं है। इसलिए यह मांग तर्क संगत भी है।



राजधानी रांची कई इलाकों में महीने भर से सीवरेज-ड्रेनेज और पेयजल पाइपलाइन के लिए गड्ढे खोदे जा रहे हैं। कई जगहों पर गड्ढे पूरी तरह से नहीं भरे गए हैं और इस कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। कई जगहों पर जाम से लोग परेशान हैं। राणी सती मंदिर लेन में लगा हुआ जाम। छाया : एक नागरिक।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में चला मतदाता जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के आलोक में तथा यूजीसी के निर्देश पर सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के इलेक्ट्रोरल लिट्रेसी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा इंटरमीडिएट कॉलेज प्रांगण में मंगलवार को मतदाता जागरूकता के लिए विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान प्राचार्य डॉ फादर अजय अनिल तिर्की ने सभी छात्र-छात्राओं प्रोत्साहित किया एवं मतदान के प्रति उनको जागरूक किया। इस आयोजन के अंत में सभी छात्र छात्राओं को मतदाता प्रतिज्ञा करवाई गई। इस विशेष सभा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करना, मतदान में आने वाले परेशानियों के संबंध में बताना एवं मतदान का महत्व समझने के लिए उन्हें संदेश देना था। कॉलेज में 21 फरवरी से 6 मार्च तक मतदाता पंजीकरण कैंप का भी आयोजन किया गया है। मंगलवार तक 188 लोगों को वोटर के रूप में पंजीकृत किया जा चुका है। आयोजन को सफल बनाने में

**कॉलेज में 21 फरवरी से 6 मार्च तक मतदाता पंजीकरण कैंप का भी आयोजन किया गया है।**

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर फादर नबोर लकड़ा, उपप्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, उपप्राचार्य डॉ फादर अरुण मिंज, कॉलेज के रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, संध्याकालीन प्रभारी प्रो ज्योति टेटे, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ अनिरबान गुप्ता, इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब के प्रेसिडेंट प्रो बीके सिन्हा एवं नोडल अफसर डॉ आशुतोष पांडेय, राजनीति शास्त्र विभाग के शिक्षकों में डॉ विजय शर्मा, प्रो सौम्या सिन्हा, डॉ श्रेया पांडेय प्रो विकास रंजन एवं प्रो उत्कर्ष उन्नयन का प्रमुख योगदान रहा। महाविद्यालय के कैंपस एंबेसडर अजय कुमार एवं प्रकृति कृष्णन लकड़ा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सूरज मंडल एवं अन्य के सम्मिलित प्रयास से इस कार्य को संचालित किया जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### एमिटी यूनिवर्सिटी की साहित्यिक समिति के सदस्यों ने लालखटंगा गांव का किया दौरा



**रांची।** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक अध्यक्ष और कुलाधिपति के दृष्टिकोण और मिशन को ध्यान में रखते हुए, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के छात्र कल्याण विभाग के तहत साहित्यिक समिति ने लालखटंगा गांव का दौरा किया। इस अवसर पर एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ अशोक के. श्रीवास्तव ने अपनी शुभकामनाएं दीं। यात्रा का विषय था 'फेबल्स एंड फोकलोर : एक्सप्लोरिंग रूरल टेल्स एंड ट्रेडिशंस।' साहित्यिक समिति की प्रभारी डॉ शायंतनी बनर्जी ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य अपने छात्रों के लिए इन कीमती कहानियों को संरक्षित करना है। लालखटंगा के जीवंत गांव से, समिति ने ग्रामीणों द्वारा सुनाई गई लोककथाओं का खजाना एकत्र किया। इस गतिविधि के माध्यम से छात्रों ने मौखिक साहित्य के छिपे हुए रत्नों का अनावरण किया। समिति जल्द ही इन कहानियों को प्रकाशित करने की योजना बना रही है, ताकि आने वाली पीढ़ी अपने पूर्वजों के सदियों पुराने ज्ञान से वंचित न रहे।

### परमात्मा शिव हैं त्रिकालदर्शी, पांच विकारों को छोड़ने से ही भ्रष्टाचार मिटेगा : निर्मला बहन



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चौधरी बगान, हरमू रोड रांची के तत्वावधान में मंगलवार को 'सुख, शांति के दाता कौन, एक शिव परमात्मा', 'ब्रह्माकुमारियों का ये पैगाम, स्वर्णिम युग का हो नवनिर्माण' आदि उद्घोष के साथ चुटिया के शनि मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्त शामिल थे। महिलाएं 'गुप्त वेश में सतयुग रचने आए शिव भगवान, अब तो जाग, जाग इंसान' आदि गाते हुए चल रही थीं। पुरुष शिव ध्वज के साथ शोभायात्रा में शामिल थे। मौके पर ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि निराकार परमात्मा शिव त्रिकालदर्शी हैं। वे सर्व आत्माओं की जन्मपत्री जानते हैं। ज्योतिस्वरूप परमात्मा शिव प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा सतयुगी सृष्टि की स्थापना और शंकर द्वारा कलियुगी सृष्टि का महाविनाश कराते हैं। ब्रह्मा के तन में प्रवेश करके उनके मुख द्वारा ज्ञान-गंगा बहाते है, इसिलिए शिव को 'गंगाधर' कहते हैं। पांच विकारों को छोड़ने से ही भ्रष्टाचार मिटेगा। भोलेनाथ शिव बाबा की बारात अब जाने ही वाली है। उन्होंने कहा, शिव सुष्टि के नियंता हैं। पतित सृष्टि विनाश के पश्चात मानव आत्माएं शरीर त्याग अपने मूल निवास परमधाम जाएंगी। इसी यथार्थ को 'शिव बारात' के रूप में चित्रित किया गया है। ज्ञान योग से पाप मुक्त होकर ही बारात में जाने का आनंद मिलेगा। शोभायात्रा व झांकियां चुटिया के शनि मंदिर से आरंभ होकर अपर चुटिया से होते हुए कृष्णापुरी, द्वारिकापुरी, एलए गार्डन स्कूल होते हुए केतारीबगान, स्वर्णरिखा नगर, प्रगति पथ, मुकचुंद टोली आदि स्थानों गुजरते हुए सुरेश्वर महादेव के नजदीक गीता पाठशाला केतारीबगान पहुंची। इसके बाद यहां राजयोग का अभ्यास किया गया।

### रांची प्रेस क्लब का बसंत मेला 8 मार्च से

**रांची।** रांची प्रेस क्लब में मंगलवार को बसंत मेला 2024 सह महिला दिवस पर आयोजित होने वाली 'तेजस्विनी सम्मान समारोह' को लेकर एक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने की। बैठक में सभी स्टॉल धारकों को भी आमंत्रित किया गया। लॉटरी के जरिये उनके बीच स्टॉल्स का वितरण किया गया। द रांची प्रेस क्लब में पहली बार इस तरह के आयोजन का सब ने स्वागत किया। स्टॉल धारकों ने भी प्रेस क्लब के इस प्रयास की सराहना की।

# रिम्स में गंदे पानी और बदबू से मरीज हैं परेशान

## वार्ड के पीछे फैली है गंदगी, डेंगू वार्ड में मरीजों का है खराब हाल

*अमित कुमार रांची।* राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में रोजाना हजारों लोगों का इलाज होता है जिसमें संक्रामक रोगी भी शामिल हैं पर सफाई के अभाव में कई वार्ड में खतरनाक गंदगी भरी पड़ी है। डॉक्टर व कर्मचारी चुपचाप बच कर निकल जाते हैं पर मरीजों के अलावा उनके परिजन बदबू से परेशान हैं । जमे हुए पानी में मल-मूत्र, खाने का जूठा सामान भरा पड़ा है। इसके अलावा खतरनाक मेडिकल अपशिष्ट भी फेंके हुए हैं । मच्छरों का प्रकोप अलग है। नए निदेशक ठीक कराना चाहते हैं पर वर्षों की बिगड़ी व्यवस्था को ठीक कराना चुनौती से कम नहीं है ।

### क्या कहते हैं लोग

**मनोज सिंह, मरीज के परिजन**



पिछले सात दिनों से मेरा मरीज का इलाज सी टू वार्ड में चल रहा है। वार्ड से बाहर निकलते ही गंदगी और बदबू से बहुत परेशानी होती है।

**चांदनी कुमारी, नर्स**



वार्ड से गुजरते वक्त गंदगी होने का एहसास होता है लेकिन काम की वजह से इस ओर ध्यान नहीं गया है। मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सफाई की अच्छी व्यवस्था होना जरूरी है।

**एक माह के अंतराल में ही रिम्स में काफी कुछ बदलाव होता दिख रहा है। व्यवस्था को दुरुस्त करने का मेरा प्रयास जारी है। आने वाले समय में साफ-सफाई और बेहतर होगी।**
**प्रो.(डॉ) राजकुमार**
**निदेशक रिम्स**

### मेडिसिन ए टू और सी टू वार्ड

ए टू तथा सी टू वार्ड से पीछे की ओर नाली के पानी का रिसाव होता रहता है, जिससे गंदगी उपर की ओर फैली होती है। इसके साथ ही कई प्रकार के मेडिकल वेस्ट फेंके पड़े रहते हैं। इस वार्ड में भर्ती मरीजों के कई परिजन इन्हीं बदबूदार गलियारों में रात बिताने को मजबूर हैं।





### खिड़की के छज्जे पर भरी पड़ी है गंदगी



डेंगू वार्ड के उपरी माले के दूसरे तथा तीसरे माले की खिड़की में मेडिकल वेस्ट तथा फेंके हुए कपड़े खिड़की के छज्जे पर लटके रहते हैं जो बाहर से ही आते जाते सभी को दिखाइ पड़ते हैं ।

### डेंगू वार्ड



सबसे निचले तल्ले में डेंगु वार्ड है। जहां एक समय में तीस से अधिक मरीज भर्ती रहते हैं । इस वार्ड में प्रवेश करते के साथ बदबू से नाक जलने लगती है। वाथरुम की ओर जाने पर वहां नाली में गंदा पानी हमेशा जमा रहता है। बाथरुम की स्थिति काफी दयनीय है क्योंकि उपरी फ्लोर के सभी शौचालय से जुड़े पाइप फटा होने से सारी गंदगी बाहर हो कर नीचे गिरती रहती है।

### डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम घोषित

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया। इसमें खान निरीक्षक, कनीय अभियंता, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर के पदों पर मेधा सह विकल्प के आधार पर अनुक्रमांकवार परीक्षाफल प्रकाशित किया गया है। इसमें खान निरीक्षक का 30, कनीय अभियंता (कृषि) का 9, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर का 41, पाइप लाइन इंस्पेक्टर का 9, कनीय अभियंता (विद्युत) ऊर्जा विभाग का 6, कनीय अभियंता (विद्युत) नगर विकास एवं आवास विभाग के 33 अभ्यर्थियों ने बाजी मारी है।

# स्किल डेवलपमेंट कर युवाओं को नए-नए रोजगार से जोड़ें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में 'डिस्ट्रिक्ट स्किलिंग इकोसिस्टम विजनिंग वर्कशॉप्स एंड प्लानिंग राउंडटेबल डिस्कशन' का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कौशल पदाधिकारी अविनाश कृष्णा, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स और यूएनडीपी टीम, लव भारद्वाज और अमित कुमार, विजय, कृष्णकांत गुप्ता, ऋषिकेश आर्यन और अंजली पांडे, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स प्रमोद सारस्वत, डॉ सिद्धेश्वर बश्कर, डीटीओ रांची, नेता जी सेवा संस्थान, विश्वजीत मिश्र, मुख्य सिपेट रांची, प्रवीण बच्चन, जेएसएलपीएस, अमित लाकड़ा एवं संबंधित अधिकारी/पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने बैठक में कहा कि आज के इस दौर में हुनरमंद हाथों की ज्यादा आवश्यकता है। इसके लिए जरूरी है कि युवाओं के हाथों में हुनर ला कर नए-नए रोजगार से जोड़ा जाए, जिससे कि उनका आर्थिक सामाजिक विकास हो सके। उपायुक्त रांची ने विशेष रूप से संबंधित सभी अधिकारियों को कहा कि जिला में लोगों का स्किल डेवलपमेंट कर रोजगार के नए अवसर प्रदान करें, ताकि लोगों को नए-नए रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। इससे पहले बैठक में रांची के उपायुक्त को यूएनडीपी प्रमुख लव भारद्वाज ने पूरी जानकारी दी।


**रांची के उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई 'डिस्ट्रिक्ट स्किलिंग इकोसिस्टम विजनिंग वर्कशॉप्स एंड प्लानिंग राउंडटेबल डिस्कशन' बैठक**

# दीक्षांत समारोह के आय-व्यय का ब्योरा सार्वजनिक करे विश्वविद्यालय : आजसू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) प्रशासन को मंगलवार को मांगपत्र सौंप बीते दिनों हुए दीक्षांत समारोह के आय-व्यय की विवरणी सार्वजनिक करने की मांग की है। विदित हो को विश्वविद्यालय के ही कुछ छात्रों ने आजसू के समक्ष शिकायत की है कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में संभवतः भ्रष्टाचार हुआ है। बीते दिनों विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रति छात्र 800 रुपये बतौर शुल्क वसूल किया था। इसके बाद भी हजारों आवेदक छात्र-छात्रा दीक्षांत समारोह के गेट पास निर्गत नहीं हो पाने के कारण समारोह में शामिल होने से वंचित रह गए थे। आजसू के नीरज वर्मा ने कहा कि डीएसपीएमयू प्रशासन ने दीक्षांत समारोह के आयोजन के लिए बतौर शुल्क छात्र-छात्राओं से बड़ी राशि ली गई है। अतः उनका अधिकार है कि उनके द्वारा देय राशि के आलोक में उन्हें दीक्षांत समारोह के पूर्ण आय-व्यय की जानकारी प्रदान की जाए। आजसू ने इससे संबंधित मांगपत्र मंगलवार को कुलसचिव को सौंपा है। साथ ही, संवैधानिक तरीके से दीक्षांत समारोह के आय-व्यय का ब्योरा प्राप्त करने के लिए सूचना के अधिकार के तहत आवेदन भी किया है। उन्होंने कहा कि डीएसपीएमयू में कई दिनों से भ्रष्टाचार की खबरें छात्र संगठनों को मिलती रही हैं। ऐसे में अब छात्र छात्राओं और छात्र संगठनों को ही आवाज बुलंद कर विश्वविद्यालय कैंपस में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ उलगुलान करना होगा। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीरज वर्मा, अभिषेक शुक्ला, अंशुतोष कुमार, रित्विक राज, सोनी, मुकेश, कुलदीप, किशोर, सुमित, सुधांशु, युवराज, प्रकाश, प्रसिद्ध आदि उपस्थित थे।

### डीएसपीएमयू में हुई छात्र आजसू की बैठक



अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की बैठक मंगलवार को डीएसपीएमयू में हुई। इसकी अध्यक्षता आशुतोष कुमार सिन्हा ने की। बैठक में आगामी दिनों में सदस्यता अभियान से छात्र छात्राओं को जोड़ने पर बल दिया गया। साथ ही, सदस्यता अभियान चलाने के लिए संयोजक मंडली का गठन किया गया। इसमें पूजा तिग्गा, अंशिका कुज्जूर, लिली कुमारी, राजेश कुमार सिंह, आनंद यादव, पीयूष पाठक एवं बबलू शामिल हैं। बैठक में कहा गया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्विद्यालय (डीएसपीएमयू) के कई सारे विभाग अभी बहुत ही खराब दौर से गुजर रहे हैं। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में अचानक से शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई पूरी तरह ठप हो चुकी है। आजसू छात्र संघ ने कक्षा व्यवस्था को सही रूप से चलाने की मांग की। कहा कि अगर ऐसी ही लचर व्यवस्था रहेगी, तो आजसू छात्र संघ छात्र हित में चरणबद्ध आंदोलन करेगी।


शोक संदेश



स्व. श्री हरि कृष्ण बजाज

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे अग्रज एवं समाजसेवी श्री हरि कृष्ण बजाज का निधन दिनांक 05.03.2024 मंगलवार को हो गया है. उनकी अंतिम यात्रा आज दिनांक 06.03.2024, बुधवार को सुबह 11 बजे हमारे निवास स्थान से मुक्तिधाम हरमू रोड, रांची के लिए प्रस्थान करेगी.

शोकाकुल

श्याम कृष्ण बजाज (भ्राता), राम निरंजन बजाज (भ्राता)
रवि बजाज (पुत्र) एवं बजाज परिवार

निवास : बालाजी गार्डन, आदित्य प्रकाश जालान पथ, कांके रोड, रांची
Mob.: 9835167479, 8897425411

## एक नजर

### मनीष जायसवाल को जयदीप सन्याल ने दी बधाई

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाए जाना बहुत ही गर्व की बात है।उक्त बातें डॉ जयदीप सन्याल संस्थापक प्राचार्य यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज ने कही।डॉ जयदीप सान्याल ने मनीष जायसवाल को पुष्पगुच्छ देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।डॉ जयदीप सान्याल ने कहा कि मनीष जायसवाल एक कुशल नेतृत्वकर्ता हैं।मनीष जायसवाल हर वर्ग के लोगों के दिलो में बसते हैं।जमीनी नेता हैं।सरल व्यक्तित्व के धनी भी हैं।इनके कुशल नेतृत्व का फायदा हजारीबाग लोकसभा के क्षेत्रवासियों को मिलेगा।

### प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्यों ने डीएसई से की मुलाकात

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ सिमडेगा नव नियुक्त जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) दीपक राम को बुके देकर स्वागत किया। संघ के पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि आपके कार्यकाल मे सिमडेगा जिला मे शिक्षा के क्षेत्र मे संपूर्ण विकाश होगा तथा शिक्षक और विभाग मिलकर नये आयाम गढेगें।प्रधान सचिव अरुण कुमार सिंह ने जिला शिक्षा अधीक्षक को बतलाया कि कुछ समस्याएं सिमडेगा जिला मे शिक्षकों की है।उसपर अगली बार मिलकर बातें की जायेगी।इसपर जिला शिक्षा अधीक्षक ने सहमति जताते हुये कहा कि अपने तरफ से भरपूर कोशिश करुंगा।

### दियापत्थल में निःशुल्क चिकित्सा सह दवा वितरण शिविर का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी इकाई सिमडेगा के तत्वावधान में सिविल सर्जन सिमडेगा डॉ. अजीत खलखो की उपस्थिति में सदर प्रखंड के दियापत्थल गांव में गरीब व जरूरतमन्द लोगों के बीच निःशुल्क चिकित्सा सह दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. हेमंत कुमार, डॉ सुषमा प्रभा टोप्पो, नेत्र सहायक पंकज कुमार व डॉ.आसिफ इकबाल और एक सहायक के साथ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सदर प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों ने मिलकर कुल 176 मरीजों का इलाज किया।

### सड़क मरम्मत कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

**ठेठईटांगर।** प्रखंड से गुजरी एनएच 143 में स्थित जोराम से कहुपानी पाहनटोली एव पंडरीपानी से टापुडेगा के जर्जर हुई मार्ग मरम्मती कार्य का शिलान्यास विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण किया। मौके पर विधायक नमन बिक्सल कोंगडी ने कहा कि क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण विकास के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है और इसके लिए हर सम्भव कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मरम्मती कार्य की जिम्मेवार कंपनी गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए तय समय अवधि के अंदर सड़क की मरम्मती कार्य पूर्ण करें ताकि ग्रामीणों को ज्यादा लंबा अरसा तक समस्या न हों। वहीं उन्होंने झापा के नगाड़ा पिटावन रैली पर प्रहार करते हुए कहा कि झापा भाजपा को अपनी शक्ति दिखाने के लिए रैली का आयोजन किया है।



## गिरफ्तारी के डर से लोम्बोई साप्ताहिक बाजार में पसरा सन्नाटा, अवैध शराब की बिक्री भी बंद

**जलडेगा।** विगत मंगलवार को लोम्बोई साप्ताहिक बाजार में हुई हिंसक भीड़ द्वारा पुलिस पर जानलेवा हमले के बीच हफ्ते भर के बाद बाजार तो लगा किन्तु बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ था। अन्य दिनों की अपेक्षा बाजार में भीड़ बहुत कम देखने को मिली। वहीं बाजार में अवैध शराब की बिक्री पूरी तरह बंद रही। अन्य दिनों की तरह ही दुकानदार सामान एवं अन्य उत्पादों की खरीद बिक्री के लिए दुकान खोलकर बैठे थे किन्तु खरीददारी के लिए लोग कम ही पहुंचे थे। बाजार में भीड़ कम होने के बारे में कुछ ग्रामीणों ने दबे स्वर में बताया कि आसपास के गांव में अफवाह फैली थी की आज बाजार में सिमडेगा से पुलिस बड़े बड़े ट्रक लेकर आएगी एवं ग्रामीणों को चिन्हित कर उन्हें ट्रक में भरकर जेल ले जाएगी शायद इसी भय के कारण ग्रामीणों एवं खास तौर पर युवाओं ने बाजार से दुरी बनाये रखा। हालांकि जलडेगा पुलिस लोम्बोई बाजार नहीं गई और ना ही आज बाजार में किसी प्रकार का प्रशासनिक हस्तक्षेप नजर आया जिससे बाजार में स्थिति शांतिपूर्ण रही। ज्ञात हो कि पिछले मंगलवार को लोम्बोई बाजार में पुलिस की लाठी द्वारा बच्चे को चोट लगने का आरोप लगाते हुए भीड़ पूरी तरह उग्र हो गई थी एवं सैकड़ों की संख्या में भीड़ ने नव पदस्थापित थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें थाना प्रभारी एवं एसआई को आंशिक चोट लगी थी वहीं जवान महेश कुमार को गंभीर चोट आई थी। भीड़ द्वारा पुलिस के हथियार को भी छीनने का प्रयास किया गया था। घटना के बाद मामले में जलडेगा पुलिस ने 3 नामजद एवं 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालांकि अब तक इस मामले में किसी की गिरफ़्तारी नहीं हुई है।

# उपायुक्त ने ग्रामीण कौशल योजना जागरूकता रथ को किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु एवं जेएफएलपीएस डीपीएम मनीषा सांचा द्वारा मंगलवार को संयुक्त रूप से जेएसएलपीएस अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना जागरूकता हेतु 02 कौशल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कौशल रथ का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना कार्यक्रम की जागरूकता, पहचान और दृश्यता को बढ़ाना है ताकि अधिक से अधिक युवा इस योजना के माध्यम से रोजगार से जुड़ सके। जेएसएलपीएस की दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना झारखंड के ग्रामीण युवाओं को उनकी रुचि और आकांक्षा के अनुसार वेतन-आधारित रोजगार प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और प्लेसमेंट लिंक प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक कौशल इकाई है।सिमडेगा जिले के सभी 10 प्रखंडों में दिनांक 05 मार्च से 09 मार्च 2024 डीडीयू-जीकेवाई कौशल रथ के माध्यम से योजना का प्रचार प्रसार किया जायेगो सूचना शिक्षा संचार थीम के तहत कौशल रथ आंदोलन, कार्यक्रम और लाभार्थियों के पक्ष में जागरूकता में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।इस अवसर पर जेएसएलपीएस जिला प्रबंधक संजीता केरकेट्टा, परामर्शदात्री स्किल समन्वयक, अन्य जिला कर्मी एवं प्रखंड कर्मी एवम प्रेरक उपस्थित थे।



### गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**हजारीबाग।** हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत गदोखर पंचायत स्थित बलियंद में नवनिर्मित शिवमंदिर का तीन दिवसीय श्री श्री शिव परिवार सह हनुमान प्राण- प्रतिष्ठा यज्ञ की कलश यात्रा के साथ शुरुआत हुई। नवनिर्मित शिवमंदिर से 250 कलश यात्री पंक्तिबद्ध होकर गाजे-बाजे एवं पारंपरिक परिधानों से लैस होकर भव्य व विराट शोभायात्रा निकली। महिलाओं ने गेरुआ वस्त्र धारण एवं पुरूषों ने भगवा गमछा एवं माथे में हर महादेव व जय श्री राम का पट्टा धारण कर भगवत जयकारा जमकर लगाया। पारंपरिक भक्ति गीतों की गुनगुनाहट के साथ भक्तिमय महौल बन गया। इस कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक राजीव नयन पांडेय ने बढ़-चढ़कर कर मंदिर निर्माण के कार्य में हिस्सा लिया है। आचार्य धनंजय पांडे जो कि गया से आए हुए महाराज के द्वारा विधिवत पूजा आरंभ किया गया।कलश यात्रा बलियन्द, भाया गदोखर एवं कस्तूरीखाफ होते हुए छड़वा डेम से जल लेकर पुनः नवनिर्मित शिवमंदिर आकर कलश यात्रियों ने कलश रखा एवं तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ कार्यक्रम प्रारंभ हुई।

## झारखंड नवनिर्माण दल 4 अप्रैल को सिमडेगा में बुलाएगा जन संसद



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा अपने घटक संगठनों के पदाधिकारी को लेकर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में दल के जिला सचिव शिवचंद मांझी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि झारखंड नवनिर्माण दल खूंटी लोकसभा क्षेत्र में जनदावेदारी के लिए 4 अप्रैल 2024 को जिला मुख्यालय सिमडेगा में लोकसभा स्तरीय जन संसद कार्यक्रम आयोजित करेगी। श्री सिंह ने यह भी कहा है कि झारखंड तीसरा मोर्चा का 14 मार्च 2024 को विधानसभा के विधायक क्लब हॉल रांची में होनेवाली कार्यकर्ता सम्मेलन में तथा विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के खून पसीने का जमा पैसे की भुगतान की मांग को लेकर 20 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री के समक्ष न्याय मार्च में भाग लेने की अपील भी श्री सिंह ने की है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला परामर्शदातृ समिति की बैठक, कहा

## महिला लखपति किसान योजना का दें लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ऋण जमा अनुपात निगरानी समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति के द्वितीय त्रैमासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा पूर्व में दिए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। जिसके उपरांत उपायुक्त ने सिमडेगा जिला अंतर्गत सभी बैंकों का सीडी रेशियो, वार्षिक साख योजना 2023-24, केसीसी, पीएमईजीपी, एमएसएमई, पीएमएफएमई, महिला लखपति किसान योजना, आरसेटी, फिनांसियल इनक्लूजन समेत अन्य योजनाओं एवं विषयों की गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।उपायुक्त ने सभी बैंकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए बैठक में उपस्थित सभी बैंकों के पदाधिकारियों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं यथा पीएमईजीपी, पीएम स्वनिधि, केसीसी, मुद्रा समेत ऋण का लाभ अधिक से अधिक लाभुकों तक पहुँचाने हेतु सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया।उन्होंने ने पीएमईजीपी, स्वनिधि केसीसी योजना से संबंधित प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विभिन्न बैंकों एवं शाखाओं को केसीसी, पीएमईजीपी व स्वनिधि के लंबित आवेदन को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करते हुए इसका पूर्ण लाभ लाभुकों को दिलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में नाबार्ड की ओर से प्रकाशित ₹संभाव्यता युक्त ऋण योजना 2024-25₹ किताब का उपायुक्त महोदय समेत एलडीएम, डीडीएम नाबार्ड, जिला कृषि पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी एवं अन्य द्वारा संयुक्त रूप से विमोचन किया गया। इस किताब में मुख्य रूप से संभाव्यतायुक्त ऋण योजना 2024-25 के उद्देश्यों एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के विकास की संभावनाओं को दशार्या गया है।बैठक में एलडीएम, डीडीएम नाबार्ड सहित जिला कृषि पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, सभी बैंक प्रबंधक एवं अन्य उपस्थित थे।



## कोलेबिरा विधायक ने किया लरबा नहर का शिलान्यास

# अब किसानों को कृषि कार्य में मिलेगा लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने मंगलवार को लरबा डैम के नहर की लाइनिंग एवं जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त काम हो जाने से क्षेत्र के किसानों, मक्षुआरे आदि लाभान्वित होंगे। किसान अपने खेतों में पानी के बिना खेती नहीं कर पा रहे हैं। अब उनके खेतों तक पानी पहुंचेगा। इस नहर को बन जाने से अब किसानों को खेती में लाभ मिलेगा।

विधायक ने कहा कि हमारा देश और प्रदेश कृषि पर आधारित है, यहां के किसान खेती और जंगल के उपज पर निर्भर है। इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार ने किसानों के लिए अनेकों लाभकारी योजनाएं चलाई हैं। किसान कैसे सशक्त और समृद्ध हो इसपर सरकार कार्य कर रही है। कृषि विभाग के माध्यम से खाद बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि को बढ़ावा देने के लिए जगह जगह डीप बोरिंग,तालाब निर्माण आदि किए जा रहे हैं। किसानों का जहां 50 हजार का कृषि ऋण माफी हो रहा था अब दो लाख तक माफी योजना सरकार ने लाई है।यही नहीं सभी क्षेत्रों में झारखण्ड राज्य की सरकार लाभकारी योजनाएं चलाई है।जो अभी धरातल पर कार्य हो रहा है। मौके पर उन्होंने पूर्व मंत्री एनोस एक्का को आड़े हाथ लेते हुए हमला बोला उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी द्वारा लोगों को डीआईजी भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। जी भाजपा को कोस रहे हैं इस भाजपा के साथ मिलकर 14 सालों तक आपने कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। चाहते तो विकास कर सकते थे किन्तु ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी का कार्य लोगों को दिखता है और इसीलिए लोगों के बीच भ्रम फैलाया जा रहा है।कार्यक्रम में प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, श्याम लाल प्रसाद, फ्रांसिस बिलुंग, सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, सुनील खड़िया, अशफाक आलम जमीर अहमद जमीर हसन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



### पूर्व मंत्री ने सड़क निर्माण में अनियमितता पर जताई नराजगी

**सिमडेगा।** बीरू से रामरेखा धाम तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य में सवेदक के द्वारा मनमानी किया जा रहा है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। पुल निर्माण के लिए पानी में ही पत्थर जोड़ाई बिना मसाला का किया जा रहा है। इसके अलावा पत्थर की जगह अनसाइज ढोका का उपयोग हो रहा है। जुड़ाई में सीमेंट का उपयोग नहीं हो रहा है, ना ही पानी को सुखाया गया है। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने मंगलवार को पाकरटांड़ प्रखंड के भ्रमण के दौरान निर्माण कार्य में अनियमितता देखकर नाराजगी व्यक्त की। एनोस ने कहा कि संवेदक जैसे तैसे काम करके निकल जाएगा और खामियाजा जनता को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने जिले के डीसी से जांच कर उचित कारवाई की मांग की है। मौके पर संदेश एक्का, मतियस बागे, अभय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने किया नारी शक्ति वंदन यात्रा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

भाजपा सिमडेगा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सावित्री देवी की अगवाई में मंगलवार के शाम सिमडेगा शहर में नारी शक्ति वंदन यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महिला मोर्चा प्रभारी पुनीता राय मुख्य रूप से मौजूद रही इसके अलावा पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक विमला प्रधान मौजूद रही। यात्रा की शुरूआत सिमडेगा महावीर चौक से शुरू होकर झूलन सिंह चौक होते हुए कचहरी तक जाकर पुणः महावीर चौक पहुंचकर इसका समापन हुआ। पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक विमला प्रधान ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को समर्पित अनेको एक योजनाएं जिसमे उज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुद्रा लोन योजना ,ड्रोन दीदी योजना ,लखपति योजना आदि चलाई जा रही है। आज महिलाएं सशक्ति एवं आत्मनिर्भर बन रही है।इसी के निमित्त यह कार्यक्रम किया गया ,साथ लोकसभा चुनाव में पुनः प्रधान सेवक बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज़िलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, महामंत्री दीपकपुरी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, दुर्विजय सिंह देव, अनूप प्रसाद, रेनू पुरी, कृष्ण ठाकुर, महेश साहू राकेश रविकांत, वीरेंद्र यादव, संजय केसरी संटू गुप्ता, विश्वनाथ मिश्रा, शंभू भगत योगेंद्र राम आदि लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### कोलेबिरा विधायक के प्रयास से महाराष्ट्र से कुटुंगिया गांव पहुंचा मजदूर का शव



**कोलोबिरा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के पहल पर महाराष्ट्र में काम करने वाले मजदूर के शव को एम्बुलेंस से जलडेगा के कुटूंगीया मिंजुरगढ़ा लाया गया।बताया गया मृतक प्रफुल्ल समद काम करने के लिए महाराष्ट्र गया था।किन्तु घर वापसी के समय उक्त व्यक्ति की मृत्यु हो गई है।जिसकी जानकारी विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी को दिया गया। पत्नी ने आवेदन लिखते हुए प्रशासन से गुहार लगाते हुए मृतक के शव को पैतृक घर लाने की गुहार लगाई थी इसके बाद विधायक संज्ञान में लेते हुए अपने प्रतिनिधि को इस मामले में जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए इसके बाद प्रतिनिधि के द्वारा जिला के श्रम अधीक्षक एवं जिला उपायुक्त से सम्पर्क स्थापित करते हुए तत्काल मदद दिलाई और मृतक मजदूर के शव को पैतृक गांव लाया गया।

### बोलबा प्रखंड मुख्यालय में तीन दिवसीय जतरा मेला शुरू



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय में लगने वाला तीन दिवसीय जतरा मेला शूरू हो गया । इस मौके पर मेले का उदघाटन अंचल अधिकारी बलिराम माँझी एवं जनप्रतिनिधियों ने एक साथ फीता काटकर किया। इस मौके पर बताया गया कि प्रति वर्ष लगने वाला माघ जतरा मेला बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित गंझू टाँड़ मैदान में लगाया गया है । जिसमें खिलौने , मिठाई, श्रृंगार,बर्तन के साथ विभिन्न प्रकार के दुकान सजाए गए है । इस मौके पर अंचल अधिकारी बालिराम मांझी, ग्राम अध्यक्ष, मोतीराम सेनापति , मुखिया सुरजन बड़ाईक, बिनोद बड़ाईक, गंझू केशवचन्द सिंह,गौरीशंकर सिंह,मोतीराम सेनापति,महावीर सिंह, कृष्णा बड़ाईक, मनदेव सिंह, छवि रावत, पुनेश्वर सेनापति,भाजपा नेता नरेंद्र बड़ाईक अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### संदेहास्पद स्थिति में हुई पलामू के मजदूर की मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा के मतरामेटा में बिल्डिंग निर्माण कार्य करने आए मजदूर की सोमवार देर रात सन्देहास्पद स्थिति में इलाज के क्रम में मौत हो गई ।मृतक की पहचान वासु उरांव के रूप में हुई।जानकारी देते हुए साथी ने बताया कि काम कर लौट के बाद वासु उरांव कमरे में भोजन कर घर से बाहर टहलने के लिए गया और सभी लोग कमरे में थे। काफी देर तक जब नहीं लौटा तब वह सभी निकाल कर खोजबीन करने लगे, तब पास के ही पड़ोसी के द्वारा अचेत अवस्था में झाड़ी के पास गिरे रहने की जानकारी दी। तत्काल साथियों के द्वारा उसे इलाज के लिए खैरणटोली स्थित प्राइवेट अस्पताल ले गए जहां पर उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर किया जहां पर इलाज के क्रम में डॉक्टर ने अमृत घोषित कर दिया जा रहा है। आशंका व्यक्त की जा रही है सांप के काटने से मौत हुई है हालांकि डॉक्टर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की हुई मौत



**बानो।** बानो सर्किल के गिरदा थाना क्षेत्र के रायकेरा पंचायत भवन के अमीप अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से बृद्ध व्यक्ति की मौत हो गयी ।मिली जानकारी के अनुसार रायकेरा निवासी रैबू अहीर उम्र 70वर्ष पड़ोस के गांव गया था।शाम होने पर पैदल घर लौट रहा था ।तभी तेज गति आकर अज्ञात वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया। रात भर सड़क पर रहने केकारण रैबू अहीर की मौत हो गई ।सुबह ग्रामीणों ने सड़क पर गिरा देखा तो इसकी सूचना गिरदा थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह को दी गई। जानकारी मिलने पर गिरदा पुलिस घटना अस्थल पर जा कर कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया।

### बेडमक्का के महिला लाभार्थियों ने अबुआ आवास के लिए लगाई उपायुक्त से गुहार



**टाटीझरिया।** हजारीबाग जिले के टाटीझरिया प्रखंड के खैरा पंचायत के बेडमक्का गांव योग्य लाभुको में सरिता देवी पति बड़े तुरी, बिसनी देवी पति उदय रविदास,रेखा देवी पति सहदेव तुरी,कविता देवी पति रंजित तुरी ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्यासी बटेश्वर मेहता के नेतृत्व में हजारीबाग डीसी से मुलाकात कर अबुआ आवास की मांग की है। लाभुको ने हजारीबाग जिला उपायुक्त से मुलाकात के दौरान कहा कि हमारे घरों को भी विभागीय जांच किया जाय हमलोग अनुसूचित गरीब अनुसूचित जाति परिवार से है। हमारा कच्चा का मकान है तो कुछ ने कहा की मेरा आवास बरसात में गिर जाने के कारण बहुत ही मुश्किल से मात्र एक कोर्केट के कमरा बनाकर रह रहे है हमारा पांच छोटे छोटे बच्चे है । हमलोग मजदूरी कर अपना भरण पोषण करते है। मेरा आय श्रोत नही रहने के कारण आवास बनाने में असमर्थ हूं तथा झरपो पंचायत के रामलखन पांडेय के परिजनों ने हजारीबाग डीसी से जनता दरबार में डीएमफ्टी फंड (पीएचडी) पेय जल एवम स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग विभाग के संवेदक द्वारा जबरन निजी जमीन में फर्जी तरीके से हमारे बेटे को बोरिंग सहित 5 साल बाद लाखों की निजी संपत्ति होने का प्रलोभन झांसा देकर झारखंड सरकार राज्यपाल के नाम करवाने एग्रीमेंट करवाए जाने बिना रैय्यत के सहमति लिए नल जल योजना को लेकर घर के दरवाजे पर गढ्ढे खोद जमीन का फाउंडेशन तैयार कर टावर टंकी नहीं लगाने को आदेश देने की गुहार लगाई है।

### गांव पहुंचे कांग्रेसी नेता ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**केरसई।** संयुक्त अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन के द्वारा सुदुरवर्ती क्षेत्र पूर्वी टेसर के गांव मचिया घाट पहुच कर अनुसूचित समुदाय के लोगो से गाँव मे बैठक करते उनकी समस्याओं को जाना । ग्रामीणों ने बिजली पानी सड़क सहित अलग-अलग प्रकार की कई सुविधाओं की कमी की जानकारी दी जिस पर उन्होंने जल्द इन सभी प्रकार की समस्याओं को सिमडेगा विधायक के समक्ष रखते हुए दूर करने का आश्वासन दिया। वहीं मौके पर उन्होंने सिमडेगा विधायक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीणों के बीच रखी समस्याओं को भी सुनाया। मौके पर विधायक ने भी उनकी समस्याओं को दूर करने की बात कही।

## एक नजर

### बच्चे की मौत के बाद हंगामा, अधिक बिल बनाने का आरोप

**धनबाद।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत जालान अस्पताल में एक बच्चे की मौत के बाद उसके परिजनों ने जमकर हंगामा और विरोध-प्रदर्शन किया। परिजन ने अस्पताल प्रबंधन पर गलत तरीके से बिल बनाने और मृत बच्चे को नहीं देने का आरोप लगा रहे थे। धनबाद के ही महाराजगंज निवासी प्रदीप मंडल ने कहा कि बीते 29 फरवरी को बच्ची को सांस लेने में हो रही दिक्कत के बाद उन्होंने उसे जालान अस्पताल में भर्ती कराया। कल उनकी बच्चे की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने बिल लगभग 66 हजार रुपये का बनाया है। बिल में बेजा शुल्क भी जोड़ा गया है। इसका विरोध विरोध करने पर बच्ची का शव देने से इनकार कर दिया गया। इसलिए जांच के नाम पर अनाप-शनाप बिल जोड़ने वाले अस्पताल पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। मृतक के चाचा दीपक मंडल ने कहा कि मेडिसिन का बिल मिलाया गया तो काफी कम पाया गया। ऐसे में अस्पताल के साथ डॉक्टर से भी विश्वास उठता जा रहा है।

### कार ने मारा ट्रक ने रौंदा

**धनबाद।** जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष चौक के समीप सड़क पार कर रहे शख्स को पहले एक कार ने टक्कर मारा, फिर उसे एक ट्रक ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान तोपचांची थाना क्षेत्र के रंगरीटांड के बुच्चाकुल्हि निवासी पुनु महतो (45) के रूप में हुई है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा और फुट ओवरब्रिज की मांग को लेकर सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। देखते ही देखते जीटी रोड पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। सूचना तोपचांची और हरिहर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। तोपचांची सीओ डॉ संजय कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों को समझाने में प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सीओ डॉ संजय कुमार सिंह ने निजी स्तर से अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक मदद करने का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग शांत हुए। करीब तीन घंटे बाद सड़क पर यातायात सामान्य हो पाया। इस दौरान वाराणसी एवं धनबाद दिशा की ओर जाने वाले यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### शिक्षा का मंदिर धीरे-धीरे खो रहा अपना अस्तित्व

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पानीजा के अवस्थित प्राथमिक विद्यालय विलय होने पर भवन अपना अस्तित्व खोता चला जा रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि रघुवर सरकार के शासनकाल में यह विद्यालय को बंद करके अपने समीप अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुलडांगरी में विलय कर दिया गया था.इसके बाद से यह भवन बंद पड़ा है. यह भवन रखरखाव के अभाव में अपना अस्तित्व खोता चला जा रहा है. साथ ही यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अभी दूर अवस्थित विद्यालय में जाना पड़ रहा है. छोटे-छोटे बच्चों को तप्ती गर्मी, बरसात तथा जाड़े में दूर अवस्थित विद्यालय जाना पड़ता है।

### बालीगुमा तथा बुरुडीह गांव के ग्रामीणों ने वन विभाग कार्यालय में किया हंगामा

**घाटशिला।** घाटशिला के बराजुड़ी पंचायत के बालीगुमा तथा बुरुडीह गांव के ग्रामीण मंगलवार को वन विभाग कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया. हंगामा की सूचना मिलने पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत वन विभाग कार्यालय पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली. ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि को बताया कि पिछले वर्ष जनवरी माह में लकड़ी चोरी करने का आरोप लगाते हुए काफी संख्या में ग्रामीणों पर वन विभाग मामला दर्ज कर दिया था.इस मामले की जानकारी ग्रामीणों को नहीं थी. अचानक सोमवार को वन विभाग द्वारा नोटिस भेजा गया है कि जिन ग्रामीणों पर मामला दर्ज हुआ था. वैसे ग्रामीण 9 मार्च को घाटशिला न्यायालय पहुंचकर लोक अदालत में मामले का निपटारा कराए. साथ ही साथ किसी ग्रामीण पर 5000 रुपया तो किसी ग्रामीण पर 10000 रुपया का जुमार्ना भी किया गया है।

### राजधनवार के परसन ओपी क्षेत्र में नकली दवा के कारोबार का भंडाफोड़

# आयुर्वेदिक दवा के नाम पर ऐलौपैथी की दवाओं का चलाया जा रहा था गोरखधंधा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह जिले के राजधनवार के परसन ओपी क्षेत्र में नकली दवा के कारोबार के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा किया है. यहाँ आयुर्वेदिक दवा के नाम पर ऐलौपैथी की दवाओं का मिश्रण कर यह गोरखधंधा बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा था. पुलिस की इस कार्रवाई से इस अवैध कारोबार से जुड़े धंधेबाजों में हड़कंप मचा है और इससे जुड़े लोग फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं. इस बाबत खोरीमहुआ एसडीपीओ साजिद जफर को गुप्त सूचना मिली थी कि परसन के इलाके में ये अवैध धंधा चल रहा है. यहाँ कुछ लोग आयुर्वेदिक दवाओं के साथ अंग्रेजी



दवाओं को मिला कर ना सिर्फ मरीजों का इलाज कर रहे हैं, बल्कि इन दवाओं का निर्माण भी कर रहे हैं. खास तौर पर मधुमेह के इलाज के लिए इनके यहाँ बड़ी संख्या में मरीज आते हैं. जब गुप्त सूचना के आधार पर यहाँ कुछ मकानों में छापा मारा गया तो कई दवाएं बरामद की गईं. छापेमारी के क्रम में ही उन्हें संदिग्ध हालत में एक कार दिखी, जिसकी जाँच झ पड़ताल की गई तो कार से भारी मात्रा में दवाएं, खाली बोतल, रैपर आदि बरामद किए गए. मीडिया से बात करते हुए एसडीपीओ ने कहा कि नकली दवाओं का कारोबार काफी संगठित तरीके से किया जा रहा था. इस मामले में अभी तक साबिर शाही नामक एक व्यक्ति की पहचान हुई है जो फरार है. गिरिडीह के ड्रग इंस्पेक्टर अरुप रतन साहा ने भी मीडिया से बात करते हुए कहा कि जितनी भी चीजें और दवाएं बरामद हुईं हैं, वे बताती हैं कि यहाँ बड़े पैमाने पर नकली दवा बनाने का कारोबार चल रहा था. अभी कई दवाओं के सैंपल लिए गए हैं, जिन्हें जाँच के लिए भेजा जाएगा और नियम संगत कार्रवाई की जाएगी. सूत्रों की मानें तो राजधनवार और इसके आस झ पास के क्षेत्रों में कई वर्षों से ये गोरखधंधा चल रहा है।

### रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मतदाता जागरूकता पर हुई कार्यशाला

**जमशेदपुर।** रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मंगलवार को मतदान जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण करवाया गया. साथ ही ह्यमेरा पहला वोट देश के लिएह्न विषयक कार्यशाला भी हुई. कार्यशाला डॉ सुमनलता और व्याख्याता अमृता सुरेन के मार्गदर्शन में संचालित हुई. सेल्फी प्वाइंट पर भी विद्यार्थियों ने मतदान और मतदाता के बीच जागरूकता विषय पर प्ले कार्ड लगाकर संदेश दिया.गोद लिए गए गांव भुरसाडीह में भी कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया. इस अभियान में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ भूपेश चंद्र के साथ सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया. अभियान में छात्र गोपाल दास, नयन दास, शिवचरण भगत, राजकुमार गोप, जनार्दन महतो, निर्मला समेत अन्य शामिल थे। कॉलेज के चेयरमैन रामबचन ने कहा कि हमारा कॉलेज पाठ्यक्रम और आउटरीच कार्यक्रम दोनों में ही अपने विद्यार्थियों को संलग्न करता है, ताकि सभी समाज और देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें.

### बागवानी प्रशिक्षण के लिए 50 किसानों को हरी झंडी दिखा किया रवाना

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय परिसर से जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के द्वारा उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, जिला कृषि पदाधिकारी कालिपद महतो, जिला उद्यान पदाधिकारी विश्वजीत सिन्हा व अन्य की उपस्थिति में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनान्तर्गत जिले के चयनित किसानों का राज्य के बाहर इंस्टीट्यूट आफ हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी, रायपुर, छत्तीसगढ़ में निर्धारित बागवानी प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण हेतु कुल 50 किसानों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. परिभ्रमण के दौरान कृषकों को टिश्यू कल्चर बनाना लैब, बीएनआर अमरूद बागान, प्रगतिशील कृषकों का खेत आदि का भ्रमण कराया जाएगा. जैविक खेती, उच्च मूल्य वाली फसलों, सजावटी फसलों प्रसंस्करण एवं अन्य विषयों पर आगामी 9 मार्च 2024 तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। रवानगी कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त के द्वारा उपस्थित कृषकों से वार्ता करते हुए उन्हें प्रशिक्षण पर जाने के लिए शुभकामनाएं दिया गया.

# जिले के साइबर अपराधियों के लिए काल बने पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

इनके आने के बाद जिले में साइबर अपराध पर पुलिस ने काफी हद तक नियंत्रण पाया है। साथ ही ताबड़तोड़ एक्शन के साथ पुलिस ने कई साइबर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है।

एसपी दीपक शर्मा के आने के बाद साइबर अपराधियों की मजाल जो गिरिडीह में साइबर अपराध करके बच सके। जिले में साइबर अपराध करके भागने वाले अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने न केवल झारखण्ड बल्कि उड़ीसा, बिहार, बंगाल छत्तीसगढ़ आदि राज्यों से भी धर दबोचा है।

बीते कुछ महीनो में आलम यह है कि हर दो तीन दिनों के भीतर पुलिस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जाता रहा है। जिले की कमान संभालने के बाद से ही केवल साइबर ही नहीं बल्कि अन्य अपराधों के विरुद्ध भी ठोस कार्यवाई व फैसलों के कारण वे काफी चर्चा में रह रहे हैं। एसपी शर्मा सुरक्षा व्यवस्था और पुलिसकर्मियों की एक्टिविटीज का जायजा लेने के लिए कई दफा रात्रि के वक्त स्वयं ही सड़कों पर भी उतरे हैं तो कई दफा कार्य के दौरान कोताही बरतने वाले कई थानेदारों व पुलिसकर्मियों पर गाज भी गिराई है।

#### पूर्व में भी गिरिडीह जिले में काम कर चुके हैं एसपी शर्मा

एसपी दीपक कुमार शर्मा पूर्व में भी गिरिडीह जिले में कार्य कर चुके हैं। उन्होंने बीते वर्ष 2016 - 2018 में सरिया - बगोदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में भी लगभग दो वर्षों तक अपना योगदान दिया है। इस दौरान मृदुलभाषी होने के कारण वहां की जनता ने भी उन्हें भरपूर प्रेम व सहयोग दिया। जिसके बाद उन्हें वर्ष 2019 में आईपीएस में प्रोन्नति मिली, प्रोन्नति के बाद उन्हें पुलिस अधीक्षक के रूप में पहला जिला गिरिडीह ही मिला। जिले में काम करने के अपने पुराने अनुभव को उन्होंने बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया और साइबर अपराधियों के काल बन गए। वे गिरिडीह जिले में बतौर एसपी अबतक लगभग सात महिनों का योगदान दे चुके हैं।

#### 212 की गिरफ्तारी के साथ लाखों की नकदी व अन्य सामान किया जब्त

बताते चलें कि गिरिडीह के वर्तमान एसपी दीपक कुमार शर्मा के कमान संभालने के बाद से विगत पांच महिनों में कुल 212 साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही इन अपराधियों के पास से 1456310 रुपय नगद के साथ - साथ 38 वाहन, 3 आईपैड, 3 लैपटॉप, 510 मोबाईल फोन्स, 678 सिम कार्ड, 237 एटीएम /पासबुक, 10 चेकबुक, 35 पैन कार्ड, 44 आधार कार्ड जब्त किया है। इसके अलावे कई अभियुक्तों को नामजद भी किया गया है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी भी कर रही है।

### बाबा केनारी नाथ धाम मंदिर में महाशिवरात्रि, पांच-दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ

**गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के बाबा केनारी नाथ धाम मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर मंगलवार से पांच-दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को लेकर भव्य कलशयात्रा निकाली गई जिसमें 205 कुंवारी कन्याओं द्वारा माथे पर कलश लिए कंधे पर लाल चुनरी ओढ़े,नंगे पांव,भुखे प्यासे मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ केनारी नदी पहुंचे। जहां बोकारो से पहुंचे आचार्य मनोज पांडेय के वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ कलश में जल भर कर पुनः मंदिर परिसर पहुंचे व यज्ञ मंडप के समीप कलश को रखा। इस दौरान पुरे रास्ते भर में जय बजरंगबली बली,हर हर महादेव,जय श्री राम के श्लोकन से पुरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया। इस दौरान रास्ते में श्रद्धालुओं द्वारा शरबत पानी,फल की व्यवस्था कि गई थी। इस कार्यक्रम में वैदिक मंत्रों उच्चारण द्वारा पूजा पाठ एवं हवन की जायेगी।

## झारखंड में लोकसभा का चुनाव भ्रष्टाचार बनाम विकास होगा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष राजकुमार राज ने कहा कि अगला लोकसभा चुनाव झारखंड में भ्रष्टाचार बनाम विकास होगा। श्रीराज ने कहा जहां झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार ने भ्रष्टाचार की प्रकाष्ठा पर कर दिया है। वहीं नरेंद्र मोदी का विकास और विकसित भारत का संकल्प के लिए निरंतर प्रयास हो रहा है। उसी कड़ी में झारखंड में पिछले दिनों 36000 करोड़ की योजनाओं का सौगात धनबाद में झारखंड को मिला इस तरह के निरंतर प्रयास चल रहे हैं कि झारखंड में भारत सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। वहीं दूसरी तरफ झारखंड की सरकार नित्य प्रतिदिन ट्रांसफर पोस्टिंग कोयला पत्थर और लोहा के भ्रष्टाचार में संलग्न लोगों पर लगाम लगाने मे विफल साबित हो रही है। बाहरी भीतरी का लड़ाई एवं विकास से लोगों का मन भटकने के लिए तरह-तरह की षड्यंत्र रच रही है।



वास्तविकता में झारखंड में हजारों की संख्या में नियुक्तियां हैं सरकार चाहे बिना भेदभाव के सारे पदों को भरा जा सकता है। राज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी या मानती है कि जिस दिन झारखंड अलग हुआ उसके पहले जो लोग यहां रह गए वह पूर्ण रूपेण झारखंडी हैं और उनको स्थानीयता की लाभ मिलनी चाहिए ।1932 के खतियान के नाम पर लाखों बेरोजगारों का शोषण करना झारखंड सरकार की नियति बन गई है दरअसल इनको रोजगार देना नहीं है इसलिए यह बहाना है श्री राज ने कहा लोकसभा के चुनाव में 14 का 14 सीट एनडीए की झोली में जाएगी और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी 14 सीटों पर अपना विराट प्रचार करेंगे राज ने कहा कि इसके लिए उन्होंने प्रभारी की घोषणा कर दी है वह स्वयं पूरे झारखंड का दौरा करेंगे।

## चौकीदार का फॉर्म भरने वाले छात्रों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

बगोदर विधायक विनोद सिंह से चौकीदार फॉर्म भरने वाले दर्जनों आवेदक मिले। उन्होंने कहा कि लातेहार और गिरिडीह जिला में अक्टूबर में चौकीदार के लिए रिक्तियां निकाली थी। ज्वाइनिंग प्रक्रिया जल्द शुरू होने की गुहार लगाई गई। विधायक विनोद सिंह जी ने कहा अभी सभी चुनावी प्रक्रिया में है फिर भी आप सब के मैसेज को लेकर ऊपर बात करेंगे, किंतु चुनाव को ध्यान रखने का प्रयास करें, उन्होंने कहा कि मिलना जुलना अच्छा प्रयास है अपनी बातो को आपने रखा है। गिरिडीह के माले नेता राजेश सिन्हा, बगोदर के नेता पवन महतो, माले नेता गजेंद्र महतो, किशोरी जी आदि भी उपस्थित उन्होंने भी छात्रों को आश्वासन दिया है। गिरिडीह के माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा की आपलोग अपनी ज्ञापन गिरिडीह उपायुक्त महोदय को भी अपनी प्रोब्लम को लिख कर दे।

# सोयाबीन, चना, राजमा खाएं, शरीर से मधुमेह भगाएं

### 2019 से 2023 के दौरान शुगर के मरीजों की संख्या 44 प्रतिशत बढ़कर 10.1 करोड़ हो गई

**आरपी सिंह। नई दिल्ली।**

आईसीएमआर-इंडीयाबी के एक रिसर्च के अनुसार डायबिटीज मरीजों की संख्या वर्ष 2019 से 2023 के दौरान 44 प्रतिशत बढ़कर 10.1 करोड़ से ज्यादा हो गई है। यह रोग होने के बाद इसके चलते शरीर में और भी कई बीमारियां होने लगती हैं। कई अंग गड़बड़ होने लगते हैं इसलिए इस रोग को बढ़ने देने से रोकने के लिए या खत्म करने के लिए अपनी दिनचर्या में बदलाव करके नियमित कसरत करने, पैदल चलने से लगायत उचित भोजन करना जरूरी है क्योंकि मधुमेह के मरीज यदि इन दो पर ध्यान दें तो शुगर को नियंत्रित कर सकते हैं। इसके लिए भोजन में कम वसा व कम कार्बोहाइड्रेट वाले भोज्य पदार्थ,



अनाज लेना होगा। शुगर को नॉर्मल रखना चाहते हैं तो ऐसे अनाज का सेवन करें। जिसमें कॉम्प्लेक्स कार्ब्स मौजूद हो।

कुछ अनाज ऐसे हैं जो फाइबर से भरपूर होते हैं और उनमें कॉम्प्लेक्स कार्ब्स भरपूर होता है, जो पाचन तंत्र को मजबूत करता है। कॉम्प्लेक्स कार्ब्स का सेवन करने से टाइप-2 डायबिटीज कंट्रोल रहती है। बीन्स कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट है, जो खाने पर धीरे-धीरे पचती है। मधुमेह के मरीज यदि रोज बींस खाएं, तो शुगर बढ़ने का खतरा कम हो सकता है। वजन भी कम हो सकता है।

सोयाबीन, चना व राजमा तीन ऐसे अनाज हैं खून में शुगर का स्तर कम करने में मददगार हो सकता है। सोयाबीन कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट है जिसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स 15 होता है, जो बहुत कम है। शुगर का मरीज यदि सोयाबीन का सेवन करें तो उनके खून में शुगर के स्तर में कमी हो सकता है क्योंकि सोयाबीन में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम होती है। इसमें पाया जाने वाला प्रोटीन खून में ग्लूकोज के स्तर को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसी तरह राजमा का सेवन करने से ब्लड में शुगर का स्तर नॉर्मल रहेगा। राजमा में प्रोटीन, फाइबर, मैग्नीशियम व पोटेशियम मौजूद होता है, जो खून में शुगर के स्तर को कंट्रोल करता है। मांसपेशी को मजबूत बनाता है।

## न्यूज बॉक्स

### अवैध शराब भट्ठी में पुलिस ने मारा छापा जावा महुआ और देसी शराब किया नष्ट



**गिरिडीह।** गावां थाना पुलिस ने अवैध शराब भट्टी संचालन के विरुद्ध छापेमारी की है। गावां थानेदार महेश चंद्रा ने प्रखंड के डुमरझारा जंगल में अवैध रूप से चल रहे शराब भट्टी में छापेमारी कर भारी मात्रा में जावा महुआ शराब को नष्ट किया है। थानेदार ने यहां वन विभाग और पुलिस जवानों के सहयोग से 2000 लीटर जावा महुआ एवं 150 लीटर देसी शराब को विनष्ट कर दिया। मौके पर वहीं अवैध शराब भट्टी को भी ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही शराब बनाने वाले कई उपकरण को भी तोड़फोड़ कर ध्वस्त कर दिया गया। थाना प्रभारी महेश चंद्रा ने कहा कि सूचना मिली थी कि सुदूरवर्ती जंगल में अवैध शराब भट्टी का संचालन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर वन विभाग के साथ छापेमारी की गई है। मामले में भट्टी संचालन पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना के पीड़ित परिजनों को विधायक सोनू ने दी सहायता राशि



**गिरिडीह।** बीते 20 फरवरी को गिरिडीह डुमरी मार्ग पर सड़क दुर्घटना में मृत और घायल महिलाओं के परिजनों को सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के हाथों सहायता राशि प्रदान किया गया। मंगलवार को विधायक द्वारा पांडेडीह पहुंच कर मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रदत सहायता राशि का चेक मृतक एवं घायल के परिजनों को दिया गया. विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने मृतक के आश्रितों को तीन लाख का चेक और घायल छह महिलाओं के परिजनों को 25-25 रुपये का चेक प्रदान किया. बताते चलें कि बीते 20 फरवरी को गिरीडीह स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन के कार्यक्रम में शामिल हो कर समूह की महिलाएं वापस लौट रही थी. इसी दौरान गिरीडीह डुमरी मार्ग पर ऑटो पलट जाने से उस पर सवार कुंवारी देवी की मौत हो गई थी. जबकि देवन्ति देवी, जसिया देवी, अंजू देवी, खिरिया देवी, अनिता देवी, और आशा देवी घायल हो गई थी।

### विवेकानंद स्कूल में एआई टूल्स एंड एप्लीकेशन फॉर एकेडमिक डेवलपमेंट प्रशिक्षण आरंभ

**जमशेदपुर।** विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स एंड एप्लीकेशन फॉर एकेडमिक डेवलपमेंटह्न विषयक पांच दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत हुई. एआई लैब कोलकाता से आए विशेषज्ञ डॉ सरोज एवम इंजीनियर शिव दास पांच दिवसीय सत्र लेंगे. इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र ओझा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे. अतिथियों का स्वागत एडमिनिस्ट्रेटर सौम्य दीप ने किया. स्कूल की प्रधानाध्यापिका डॉ निधि श्रीवास्तव ने अतिथियों को अंगवस्त्रम एवम बुके भेंट कर सम्मानित किया. कार्यक्रम का संचालन स्नेहा रायचौधरी ने किया. इस कार्यक्रम में जेनिथ ऑर्डर के चैतन्य ध्रुव और एसडीएमवीआईएस से आईं प्रिंसिपल दिव्या तन्ना और शिक्षिका बलजीत कौर भी भाग ले रहे हैं। स्कूल के सभी शिक्षक एवम नॉन टीचिंग स्टाफ इस ट्रेनिंग को ले कर काफी उत्साहित हैं. इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को आधुनिक शिक्षा में अच्छी तरह प्रयोग कर पाएंगे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(e-Procurement Call)

ई–निविदा सूचना संख्या – 19/2023-24/RWD/SIMDEGA    दिनांक – 05-03-2024

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत शीर्ष (4515)

| क्र० सं० | प्रखण्ड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिमडेगा | RWD/ SIMDEGA/ 19/01/2023-24 | पंचायत अरानी में एन०एच०–143 से भैरव बाबा धाम तक पथ निर्माण कार्य। (लं०–2.500 कि०मी०) | 246.542 (दो करोड छियालीस लाख चौवन हजार दो सौ रूपये मात्र) | 4,93,100 (चार लाख तीरानबे हजार एक सौ रूपये मात्र) | 10,000 | 12 महिना |
| 2. | सिमडेगा | RWD/ SIMDEGA /19/02/2023-24 | सिमडेगा कुरडेग रोड गरजा मोड़ से शंख पालामाड़ा नदी के संगम स्थल तक पथ निर्माण कार्य। (लं०–2.800 कि०मी०) | 257.773 (दो करोड संतावन लाख सतहत्तर हजार तीन सौ रूपये मात्र) | 5,15,600 (पाँच लाख पंद्रह हजार छः सौ रूपये मात्र) | 10,000 | 15 महिना |
| 3. | बोलबा | RWD/ SIMDEGA/ 19/03/2023-24 | बोलबा पी०डब्लू०डी० पथ से दनगददी वाटर फॉल तक पथ का मरम्मति एवं मजबूतीकरण कार्य । (लं०–1.000 कि०मी०) | 111.092 (एक करोड ग्यारह लाख नौ हजार दो सौ रूपये मात्र) | 2,22,200 (दो लाख बाइस हजार दो सौ रूपये मात्र) | 10,000 | 9 महिना |
| 4. | बानो | RWD/ SIMDEGA/ 19/04/2023-24 | कोनसोदे से बरसलोया तक पथ निर्माण कार्य। (लं०–5.700 कि०मी०) | 352.289 (तीन करोड बावन लाख अठाईस हजार नौ सौ रूपये मात्र) | 7,04,600 (सात लाख चार हजार छः सौ रूपये मात्र) | 10,000 | 15 महिना |
| 5. | ठेठईटांगर | RWD/ SIMDEGA/ 19/05/2023-24 | गुड़गुड़ टोली से पण्डरीपानी–जलडेगा भाया मेरोमडेगा गाँव तक पथ निर्माण कार्य। (लं०–3.400 कि०मी०) | 298.949 (दो करोड़ अनठानब्बे लाख चौरानब्बे हजार नौ सौ रूपये मात्र) | 5,98,000 (पाँच लाख अनठानब्बे हजार रूपये मात्र) | 10,000 | 15 महिना |
| 6. | ठेठईटांगर | RWD/ SIMDEGA/ 19/06/2023-24 | रेंगारी केरसई पी०डब्लू०डी० पथ से गेलेसेरा तक पथ निर्माण कार्य। (लं०–3.700 कि०मी०) | 339.302 (तीन करोड उनचालीस लाख तीस हजार दो सौ रूपये मात्र) | 6,78,700 (छः लाख अठहत्तर हजार सात सौ रूपये मात्र) | 10,000 | 15 महिना |
| 7. | सिमडेगा | RWD/ SIMDEGA/ 19/07/2023-24 | कोचेडेगा से बांसपहाड़ भाया कायो टोली पथ तक पथ निर्माण कार्य। (लं०–3.500 कि०मी०) | 381.717 (तीन करोड़ इक्यासी लाख इक्हत्तर हजार सात सौ रूपये मात्र) | 7,63,500 (सात लाख तिरसठ हजार पाँच सौ रूपये मात्र) | 10,000 | 18 महिना |
| 8. | सिमडेगा | RWD/ SIMDEGA/ 19/08/2023-24 | पी०डब्लू०डी० रोड कुरडेग से पिथरा भाया लुकीबहार पथ तक पथ निर्माण कार्य। (लं०–7.150 कि०मी०) | 706.637 (सात करोड़ छः लाख तिरसठ हजार सात सौ रूपये मात्र) | 14,13,300 (चौदह लाख तेरह हजार तीन सौ रूपये मात्र) | 10,000 | 18 महिना |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11-03-2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 02-04-2024 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 04-04-2024 अपराह्न 03:30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06525-299956 एवं मोबाईल नम्बर 9973512046
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 अनु० दि० 09-10-2023 के निर्देशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

PR 321604 Rural Work Department(23-24).D

समय किसी के लिए नहीं रुकता है, इसलिए आप अपने समय को किसी भी चीज के इंतजार में व्यर्थ मत गवांइये : अज्ञात



# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय

**सुप्रीम** कोर्ट ने वोट के बदले नोट मामले में एक बड़ा फैसला सुनाया है। अब अगर सांसद पैसे लेकर सदन में भाषण या वोट देते हैं तो उनके खिलाफ केस चलाया जा सकेगा। यानी अब माननीयों को इस मामले में कानूनी छूट नहीं मिलेगी।सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने बड़ा फैसला सुनाते हुए पिछले फैसले को पलट दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के नरसिम्हा राव के फैसले को पलट दिया है।1998 में 5 जजों की संविधान पीठ ने 3:2 के बहुमत से तय किया था कि इस मुद्दे को लेकर जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है।लेकिन, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को पलटने के चलते अब सांसद या विधायक सदन में मतदान के लिए रिश्वत लेकर मुकदमे की कार्रवाई से नहीं बच सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच ने सहमति से दिए गए अहम फैसले में कहा है कि विधायिका के किसी सदस्य द्वारा किया गया भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को खत्म कर देती है।सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि हमने विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लिया है।क्या सांसदों को इससे छूट मिलनी चाहिए।इस बात से हम असहमत हैं और बहुमत से इसे खारिज करते हैं। नरसिम्हा राव मामले में बहुमत का फैसला, जिससे रिश्वत लेने के लिए अभियोजन को छूट मिलती है।वह सार्वजनिक जीवन पर बड़ा प्रभाव डालता है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा,'अनुच्छेद 105 के तहत रिश्वतखोरी को छूट नहीं दी गई है, क्योंकि अपराध करने वाले सदस्य वोट डालने से संबंधित नहीं हैं। नरसिम्हा राव के मामले की व्याख्या भारतीय संविधान के अनुच्छेद 105(2) और 194 के विपरीत है। इसलिए हमने पी नरसिम्हा राव मामले में फैसले को खारिज कर दिया है।' 5 सदस्यीय पीठ ने इस केस से जुड़े मसले को व्यापक और जनहित से जुड़ा हुआ मानते हुए 7 सदस्यीय पीठ को सौंप दिया था। तब कहा गया था कि यह मसला राजनीतिक सदाचार से जुड़ा हुआ है। यह भी कहा गया था कि संसद और विधानसभा सदस्यों को छूट का प्रावधान इसलिए दिया गया है, ताकि वे मुक्त वातावरण और बिना किसी परिणाम की चिंता के अपने दायित्व का पालन कर सकें। यह मामला झामुमो के सांसदों के रिश्वत कांड पर आये आदेश से जुड़ा है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट विचार कर रहा था। आरोप था कि सांसदों ने 1993 में नरसिम्हा राव सरकार को समर्थन देने के लिए वोट दिया था। इस मसले पर 1998 में 5 जजों की बेंच ने फैसला सुनाया था। लेकिन अब 25 साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने उस फैसले को पलट दिया है। यह मुद्दा दोबारा तब उठा, जब झमुमो की विधायक सीता सोरेन ने अपनने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिक दाखिल की। उन्होंने कहा कि संविधान में उन्हें अभियोजन से छूट मिली हुई है। दरअसल, सीता सोरेन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी। अब इस ऐतिहासिक फैसले से तो यह साबित होगा कि आम और खास कुछ नहीं संविधान के सामने सभी बराबर है।

> **मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच ने सहमति से दिये गये अहम फैसले में कहा है कि विधायिका के किसी सदस्य द्वारा किया गया भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को खत्म कर देती है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि हमने विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लिया है। क्या सांसदों को इससे छूट मिलनी चाहिए। इस बात से हम असहमत हैं और बहुमत से इसे खारिज करते हैं।**

महान कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु की जयंती पर विशेष

# हरित भविष्य की निरंतरता व भावी पीढ़ी

**पर्यावरणीय** चुनौतियों से भरी तेजी से बदलती दुनिया में, ज्यादा टिकाऊ कार्यप्रणालियों की आवश्यकता पहले कभी इतनी महत्वपूर्ण नहीं रही थी। बड़े उद्योगों से लेकर स्थानीय व्यवसायों एवं व्यक्तियों तक, एक बेहतर धरती और अधिक टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए मानकों में सस्टेनेबिलिटी को शामिल करना बेहद आवश्यक है। मौलिक रूप से, सस्टेनेबिलिटी (निरंतरता) का अर्थ भावी पीढ़ियों की जरूरतों को पूरा करने के क्रम में उनकी क्षमताओं को हतोत्साहित किये बिना वर्तमान समय की जरूरतों को पूरा करना है। इस अवधारणा के तीन मजबूत स्तंभ अर्थव्यवस्था, समाज और पर्यावरण हैं। भारत, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, 2030 के लिए संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका में है। सस्टेनेबल इंडिया, क्लीन इंडिया, सशक्त और रेजिलियंट इंडिया, यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज, और समावेशी व उद्यमशील भारत जैसी पहलें एक व्यापक सस्टेनेबल एजेंडे का आधार हैं। इन कार्यक्रमों में आर्थिक सशक्तिकरण, जलवायु परिवर्तन संबंधी कार्य, बुनियादी ढांचे का विकास, नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन, स्वच्छता में सुधार और स्वास्थ्य सेवा पर अधिक जोर शामिल हैं। पर्यावरण की रक्षा, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए भारतीय मानकों में सस्टेनेबिलिटी को शामिल करना महत्वपूर्ण है। ये मानक जलवायु के प्रति अधिक तैयारी, जन स्वास्थ्य और समग्र कल्याण में योगदान करते हैं, साथ ही एक स्थायी और समृद्ध भविष्य को भी बढ़ावा देते हैं। भारत सरकार की मदद करने के लिए, राष्ट्रीय मानक निकाय के रूप में कार्य करने वाले भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने भारतीय मानकों का एक व्यापक नेटवर्क बनाने का महत्वाकांक्षी प्रयास किया है जो सस्टेनेबिलिटी के विभिन्न पहलुओं को कवर करता है। बुनियादी सिद्धांतों से लेकर उत्पादों, प्रक्रियाओं, प्रणालियों और सेवाओं के लिए विशिष्ट दिशानिर्देशों तक के ये मानक, कई क्षेत्रों में सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए बीआईएस का व्यापक दृष्टिकोण पेश करते हैं। एक क्षेत्र जहां बीआईएस ने महत्वपूर्ण प्रगति की है वह निर्माण क्षेत्र है। यह कुशलतापूर्वक विकसित भारतीय मानकों की एक श्रृंखला के माध्यम से, बीआईएस सस्टेनेबल निर्माण सामग्री और निर्माण कार्यप्रणालियों के उपयोग को बढ़ावा देता है। ये मानक औद्योगिक और कृषि अपशिष्टों के इनोवेटिव उपयोग, उन्हें मूल्यवान संसाधनों में बदलने और नई सामग्रियों पर निर्भरता को कम करने का समर्थन करते हैं। फ्लाई ऐश का उपयोग, स्लैग सीमेंट उत्पादन और जल-कुशल पाइपलाइन जैसी कार्यप्रणालियों की हिमायत करके, बीआईएस न केवल सतत विकास की सुविधा प्रदान करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि निर्माण की गुणवत्ता भी बनी रहे। इस श्रेणी में मानकों के उदाहरणों में एसपी 7:2016 नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इंडिया 2016 (एनबीसी 2016) और एसपी 30: 2023 नेशनल इलेक्ट्रिकल कोड ऑफ इंडिया शामिल हैं। उत्पादन प्रक्रिया में टिकाऊ कार्यप्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए, बीआईएस ने एक भारतीय मानक-आईएस 17022: 2018 'ग्रीन मैन्युफेक्चरिंग प्रैक्टिसेज के लिए दिशानिर्देश' तैयार किया है। इसके अलावा, बीआईएस की प्रतिबद्धता नवीकरणीय ऊर्जा के दायरे तक फैली हुई है, जिसमें सोलर और पवन ऊर्जा इंस्टॉलेशन्स को बढ़ावा देने के लिए मानक तैयार किये गये हैं। ये मानक न केवल नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों की विश्वसनीयता और सुरक्षा की गारंटी देते हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयासों के साथ तालमेल बिठाते हुए, स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को व्यापक रूप से अपनाने में भी योगदान देते हैं। आईएस 17941:2022 हैंडपंप-के साथ-सोलर पंप, आईएस 12976:1990 सोलर वॉटर हीटिंग सिस्टम- कोड ऑफ प्रैक्टिस और आईएस 12933:2003 सोलर फ्लैट प्लेट कलेक्टर- स्पेसिफिकेशन सोलर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देते हैं। क्ले से बने लोकप्रिय मिट्टी कूल रेफ्रिजरेटर, स्वदेशी अनुसंधान और विकास के आधार पर, 'मिट्टी से बने नॉन-इलेक्ट्रिक कूलिंग कैबिनेट' पर एक विशिष्ट भारतीय मानक, आईएस 17693:2022 तैयार किया गया है। कृषि क्षेत्र में, भारतीय मानक ब्यूरो स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, जैव उर्वरकों और छोटी सिंचाई तकनीकों के मानकों के माध्यम से टिकाऊ कृषि प्रणाली को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जैविक कृषि प्रणाली को बढ़ावा देकर और पर्यावरण अनुकूल पैकेजिंग के लिए दिशानिर्देश प्रदान करके, बीआईएस खेत से लेकर थाली तक पर्यावरण के प्रति जागरूक कृषि तौर-तरीकों को बढ़ावा देता है। विभिन्न प्रकार के सूक्ष्मजीवों से युक्त बायोफर्टिलाइजर्स के लिए भारतीय मानकों में राइजोस्फीयर को स्थापित करके पौधों के पोषक तत्वों को बढ़ाने और पौधों की जड़ों तक पोषक तत्वों को आसानी से पहुंचाने की क्षमता है। इसके अतिरिक्त, भारतीय मानक ब्यूरो प्लास्टिक के बायोडिग्रेडेबिलिटी मूल्यांकन, रीसाइक्लिंग दिशा निर्देशों और फ्लाई ऐश जैसी अपशिष्ट सामग्री के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने वाले मानकों के साथ अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर जोर देता है। ये मानक पर्यावरण प्रदूषण को कम करने और संसाधनों के पुनः उपयोग व रीसाइक्लिंग को प्रोत्साहित करके चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ब्यूरो ने एक सुरक्षित और स्वस्थ दुनिया सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों में, विभिन्न रसायनों के लिए सुरक्षा मानकों के कोड पर मानकों की एक व्यापक श्रृंखला तैयार की है। ये मानक विभिन्न रसायनों के उत्पादन, भंडारण, रख-रखाव और निपटान में शामिल उद्योगों के लिए दिशानिर्देश के रूप में कार्य करते हैं। भारतीय मानक ब्यूरो धातु क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी पर भी कई पहल शुरू कर रहा है। इसमें ग्रीन स्टील की टेक्सॉनमी विकसित करने और लोहे व स्टील में कार्बनडाइऑक्साइड उत्सर्जन और तीव्रता के लिए गणना विधियों को मानकीकृत करने के लिए भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के टास्क फोर्स में सक्रिय योगदान शामिल है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) में भारतीय मानक ब्यूरो की पहल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और साइबर सिक्युरिटी प्रैक्टिसेज को मानकीकृत करने पर केंद्रित है। एआई एप्लिकेशन, डेटा प्राइवेसी और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) सिस्टम के मानक भी डिजिटल प्रौद्योगिकियों में विश्वसनीयता बढ़ाते हैं। इसी प्रकार, सतत विकास के लिए कुशल जल प्रबंधन आवश्यक है। बीआईएस मानक जल प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान देते हैं, जिसमें पेयजल आपूर्ति प्रणाली, वर्षा जल-संचयन और अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग शामिल है। ये मानक संसाधन संरक्षण को बढ़ावा देते हैं और स्वच्छ पानी तक समान पहुंच सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा, बीआईएस पर्यावरण प्रबंधन के लिए आईएसओ 14001 और ऊर्जा प्रबंधन के लिए आईएसओ 50001 आदि जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सस्टेनेबिलिटी के लिए प्रबंधन प्रणालियों के महत्व पर जोर देता है।

■ विमल महेंद्र

### विमल महेंद्र के बारे में

श्री महेंद्र ने 1 जनवरी 2023 को आईईसी- इंटरनेशनल इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन के स्टैंडडार्जेशन मैनेजमेंट बोर्ड (एसएमबी) के वाइस-चेयरमैन और चेयरमैन के रूप में अपने छह साल के कार्यकाल की शुरूआत की है। वह 9 वर्षों से अधिक समय से कई आईईसी के कार्यक्रमों में शामिल रहे हैं और 8 वर्षों से अधिक समय तक लीडरशिप रोल में रहे हैं। श्री महेंद्र वर्तमान में यूएन सस्टेनेबल गोल्स (यूएन एसडीजी) के लिए आईईसी के विशेष दूत; संयुक्त राष्ट्र एसडीजी पर आईईसी बोर्ड टास्क फोर्स के सदस्य; आईईसी व्यापार सलाहकार समिति (बीएसी) के सदस्य; और कई एसएमबी संबंधित बोर्डों, रणनीतिक समूहों और एड-हॉक समूहों के लिए अध्यक्ष, संयोजक या सह-संयोजक भी हैं। वह लो वोल्टेज डायरेक्ट करंट और लो वोल्टेज डायरेक्ट करंट फॉर इलेक्ट्रिसिटी एक्सेस के लिए आईईसी सिस्टम कमेटी के अध्यक्ष भी हैं। वह आईएसओ (इंटरनेशनल स्टैंडर्ड्स ऑर्गेनाईजेशन) के तकनीकी प्रबंधन बोर्ड (टीएमबी) के पदेन आमंत्रित सदस्य भी हैं। इसके अतिरिक्त, श्री महेंद्र वर्तमान में एक प्रबंधन सलाहकार कंपनी, वैल्यूऑन स्ट्रैटेजिक, इंडिया के सीईओ हैं; भारत सरकार के भारतीय मानक ब्यूरो के इलेक्ट्रोटेक्निकल डिविजनल काउंसिल के सदस्य, और भारतीय इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। इससे पहले, महेंद्र लेग्रैंड इंडिया के अध्यक्ष थे और इंडो एशियन फ्यूजगियर लिमिटेड में शीर्ष पदों पर कार्यरत थे। उन्होंने अमेरिका के जॉर्ज वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी से इंटरनेशनल बिजनेस में एमबीए और भारत के थापर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से इंजीनियरिंग में बैचलर्स डिग्री हासिल की है।

## आपकी बात

### निष्पक्ष व निर्भीक प्रस्तुति



दिलीप कुमार

शीर्षक 'पिछड़ा पलामू जहाँ विकास नहीं नाच गाने की होड़ मची है' के माध्यम से वरिष्ठ पत्रकार श्री सुनील बादल ने निर्भीक एवं निष्पक्ष पत्रकारिता का एक सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत किया है। वास्तव में एक सच्चे पत्रकार को निष्पक्ष रहकर समाज की समस्याओ को उजागर



करना ही चाहिए। इसलिए ही मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है। वर्षों से उपेक्षित पलामू में जितना विकास होना चाहिए था, निश्चित ही वह नहीं हुआ। आज भी बेहतर शिक्षा, चिकित्सा आदि के लिए पलामू -गढ़वा वासियों को पलामू से बाहर जाना पड़ता है। स्पष्ट है कि राजनैतिक इच्छाशक्ति एवं प्रतिबद्धता की कमी के कारण ही पलामू का समुचित विकास नहीं हुआ। कृषि, रोजगार, के क्षेत्र में भी बहुत सुधार नहीं हुआ। और यही कारण है कि पलायन का दंश पालामूवासी लगातार झेल रहे हैं। राजनीति एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों को वास्तव में इस दिशा में ध्यान देने की जरुरत है। मनोरंजन का भी अलग महत्व है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। परन्तु, नाच गानों के माध्यम से मनोरंजन की सीमा भी निर्धारित होना चाहिए। हमें यह भी देखना होगा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमें क्या लाभ मिलनेवाला है। कला को उचित सम्मान मिलना चाहिए, इसमें अतिश्योक्ति नहीं, लेकिन जन कल्याण एवं क्षेत्र के विकास की भावना सर्वोपरि होना चाहिए। इससे न केवल इस क्षेत्र का नाम ऊपर उठेगा, बल्कि यहाँ के लोगों को पिछड़ेपन से भी निजात मिलेगी। आशा है कि हमे राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से आगे भी जन सरोकार से जुड़े ऐसे आलेख पढ़ने को मिलते रहेंगे। लेखक महोदय को धन्यवाद।

**(सहायक लेखा अधिकारी, कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन ), प्रयागराज)**

न्याय जगत

# अदालत और सरकार के बीच फंसा उपभोक्ता आयोग



अजय खेमरिया

**देश** में उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष की नियुक्तियों को लेकर इन दिनों सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई जारी है। पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने अध्यक्ष के रूप में चयनित होने के लिए लिखित परीक्षा के प्रावधान को जजों की गरिमा के विरुद्ध माना। उन्होंने सरकार से इस पर जबाब मांगा है। रोचक तथ्य यह है कि लिखित परीक्षा के आदेश खुद सुप्रीम कोर्ट ने ही पिछले साल दिये थे। अब हाईकोर्ट और जिला जजों को जब सामान्य लोगों के साथ परीक्षा में बैठना पड़ा तो सुप्रीम कोर्ट को न्यायिक गरिमा का ख्याल आ गया। वस्तुतः देश में उपभोक्ता अदालतें (आयोग) 2019 के नये एक्ट के अनुरूप खुद को खड़ा नही कर पाया है। आम लोगों में अभी भी आयोगों को लेकर जागरूकता का अभाव है। शीर्ष अदालतें कानून के जमीनी प्रवर्तन के स्थान पर अनावश्यक रूप से आयोगों के गठन औ? नियुक्तियों में हस्तक्षेप कर सरकारों को इस मामले में हीला-हवाली का मौका उपलब्ध करा रही हैं। बेहतर होगा नियुक्तियों का कार्यक्षेत्र सरकारों पर ही छोड़कर अदालतें कानून के समयबद्ध एवं त्वरित प्रवर्तन पर निगाहें रखें। हाल ही में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्य एवं जिला उपभोक्ता आयोगों में रिटायर्ड न्यायाधीशों को अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति से पूर्व आयोजित होने वाली लिखित एवं मौखिक परीक्षा को उपभोक्ता कानून की भावना के विरुद्ध माना। समझा जा रहा है कि जल्द ही सरकार इस परीक्षा के प्रावधान को खत्म कर देगी। अलबत्ता पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने ही ऐसी परीक्षा के आदेश दिए थे। जिसके तहत सभी स्तर के आयोगों में नियुक्ति के लिए दो लिखित परीक्षा एवं हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता वाले बोर्ड के जरिये साक्षात्कार अनिवार्य कर दिया गया था। कई राज्यों में इसी आदेश के अनुरूप नियुक्तियों की प्रक्रिया चल रही है। अब उच्चतम न्यायालय को यह लगने लगा कि हाईकोर्ट और जिला जज के पद पर काम करने वाले लोग रिटायरमेंट के बाद परीक्षा दें, यह न्यायाधीश की गरिमा के विरुद्ध है।

> **पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने अध्यक्ष के रूप में चयनित होने के लिए लिखित परीक्षा के प्रावधान को जजों की गरिमा के विरुद्ध माना। उन्होंने सरकार से इस पर जबाब मांगा है।**

बोधि वृक्ष

# फल्गु नदी के किनारे पर स्थित विष्णु मंदिर

**गया** में फल्गु नदी के किनारे पर स्थित विष्णुपद मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। इस मंदिर का वर्णन रामायण में भी है। वर्तमान में स्थित मंदिर का निर्माण इंदौर की महारानी अहिल्या बाई द्वारा कराया गया था। गया में मोक्षदायिनी फल्गु नदी के किनारे पर स्थित विष्णुपद मंदिर का इतिहास काफी पुराना है. इस मंदिर का वर्णन रामायण में भी है। इतिहासकारों की मानें तो वर्तमान में स्थित मंदिर का निर्माण इंदौर की महारानी अहिल्या बाई द्वारा कराया गया था। विष्णुपद मंदिर सोने को कसने वाला पत्थर कसौटी से बना है, जिसे गया अतरी प्रखंड के पत्थरकट्‌टी से लाया गया था। इस मंदिर की ऊंचाई करीब 100 फीट है। सभा मंडप में 44 पिलर हैं। इस मंदिर की भव्यता और वैभव अद्भुत है।



**मंदिर में हैं भगवान विष्णु के पद चिन्ह**

विष्णुपद मंदिर 40 सेमी लंबे पदचिह्न के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें शंकम, चक्रम और गधम सहित नौ प्रतीक हैं। कहा जाता है कि ये भगवान विष्णु के अस्त्रों का प्रतीक हैं। विष्णुपद को धर्मशिला के नाम से भी जाना जाता है। यहां एक ठोस चट्टान पर उत्कीर्ण है और चांदी के धातु से सुसज्जित है। इन पदचिह्नों का श्रृंगार रक्त चंदन से किया जाता है। इस पर गदा, चक्र, शंख आदि अंकित किए जाते हैं। यह परंपरा भी काफी पुरानी बताई जाती है जो कि मंदिर में अनेक वर्षों से की जा रही है।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से

Vasundhara Arts
21 h ·

रंग बिरंगा ऑड्रे हाउस, जिसपर लगेगा विश्व रंगमंच दिवस पर नाटकों का मेला....



Fazal + 20 — 7 comments 68 views

Like Comment Send

Fazal Imam
Ati Sundar👍
Like Reply

## X- से

Dr Anuj Kumar
@dranuj_k
Follow

अभी बुख़ारों का मौसम चल रहा है।

कई बार बुख़ार आते ही लोग घबरा कर ख़ुद से तरह तरह के जाँच करा लेते हैं जिससे बेवजह पैसे की बर्बादी होती है। ज़्यादातर मौसमी बुख़ार ख़ुद से ही 2-3 दिनों में ठीक हो जाते हैं।

क्या करें अगर बुख़ार आए
1) ज़्यादा से ज़्यादा आराम करें
2) बुख़ार आने पर पैरासिटमोल की गोली लें
3) ज़्यादा से ज़्यादा पेय पदार्थ लें
4) सुपाच्य भोजन लें।
ये एक ग़लत अवधारणा है की बुख़ार में चावल या अंडा नहीं ख़ाना चाहिये। आप बिलकुल ले सकते हैं।

5) पीने का पानी उबाल कर फिर ठंडा कर के पियें।
6) गरम पानी में नमक डाल कर gargle करें
7) ORS घोल का उपयोग करें

❌कब हो जायें सतर्क और तुरंत लें चिकित्सकीय परामर्श ?❌
1) अगर आप पहले से ही अन्य बीमारी से ग्रसित हैं
2) अगर दवाई से भी बुख़ार कम ना हो या 3 दिनों के बाद भी बुख़ार आये
3) बुख़ार के साथ साथ पेट दर्द, डायरिया जैसे लक्षण हों

Post your reply

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# खेती और सेहत पर भारी पड़ता रसायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग



डॉ. राजेन्द्र प्र. शर्मा

***रासायनिक*** उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग खेत, खेती और सेहत पर भारी पड़ रहा है। देश में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग को इसी से समझा जा सकता है कि आजादी के समय 1950-51 में देश में 7 लाख टन रासायनिक उर्वरकों का उपयोग होता था। एक मोटे अनुमान के अनुसार आज देश में 335 लाख टन से अधिक रासायनिक उर्वरकों का उपयोग हो रहा है। इसमें 75 लाख टन उर्वरकों का तो आयात करना पड़ रहा है। यूरिया से नाइट्रोजन चक्र प्रभावित होता है और उससे ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन बढ़ने से पर्यावरण प्रभावित होता है। दरअसल समस्या की जड़ दूसरी ओर है और वह यह कि उर्वरकों के संतुलित उपयोग के स्थान पर अंधाधुंध उपयोग से अधिक हालात खराब हुए हैं। देश में उर्वरकों की खपत का विश्लेषण किया जाय तो केन्द्र शासित प्रदेशों सहित 797 जिलों में से केवल ओर केवल 292 जिलों में ही देश में उर्वरकों की कुल खपत की 83 फीसदी उर्वरकों की खपत हो रही है। यह अपने आप में गंभीर है। ऐसा नहीं है कि सरकार इसे लेकर गंभीर नहीं है अपितु सरकार ने उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए ही 2004 में यूरिया के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के अध्ययन के लिए सोसायटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की स्थापना की। दुनिया की सहकारी क्षेत्र की उर्वरक उत्पादक सहकारी समिति इफको द्वारा नैनो उर्वरक तैयार कर उनकी उपलब्धता व उपयोग बढ़ाने के प्रयास इसी दिशा में बढ़ते प्रयासों में से एक माना जा सकता है। रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए केन्द्र व राज्यों के कृषि मंत्रालयों द्वारा सावचेत किया जाता रहा, पर यह नाकाफी होने के साथ ही सही मायने में प्रभावी तरीके से अवेयरनेस कार्यक्रमों का संचालन नहीं हो पा रहा है। आज पंच नदियों के प्रदेश में तेजी से जलस्तर कम होता जा रहा हे। पंजाब के लोग ही पंजाब में उत्पादित गेहूं को अन्य प्रदेशों में खपाने और दूसरे प्रदेशों से गेहूं मंगाकर उपयोग में लेने लगे हैं।

> **देश में उर्वरकों की खपत का विश्लेषण किया जाय तो केन्द्र शासित प्रदेशों सहित 797 जिलों में से केवल ओर केवल 292 जिलों में ही देश में उर्वरकों की कुल खपत की 83 फीसदी उर्वरकों की खपत हो रही है।**

टेक वर्ल्ड

# फ्लिपकार्ट ने लांच किया खुद का यूपीआई

फ्लिपकार्ट ने एक्सिस बैंक के साथ मिलकर अपना यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी वढक सर्विस लॉन्च किया है। फ्लिपकार्ट यूपीआई सर्विस शुरूआत में एंड्रोयड यूजर्स के लिए उपलब्ध होगी और इसका इस्तेमाल ऑनलाइनल और ऑफलाइन पेमेंट के लिए किया जा सकता है।

ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने एक्सिस बैंक के साथ मिलकर अपना यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी UPI सर्विस लॉन्च किया है। फ्लिपकार्ट यूपीआई सर्विस शुरूआत में एंड्रोयड यूजर्स के लिए उपलब्ध होगी और इसका इस्तेमाल ऑनलाइनल और ऑफलाइन पेमेंट के लिए किया जा सकता है। वहीं अब ग्राहक अब सीधे फ्लिपकार्ट ऐप से बिलों का भुगतान और फंड ट्रॉसफर कर सकते हैं। फ्लिपकार्ट यूपीआई अन्य पॉपुलर थर्ड-पार्टी यूपीआई ऐप्स जैसे Paytm, Phonepay, Google Pay और अमेजन पे से प्रतिस्पर्धा करेगा। फ्लिपकार्ट इंडिया के मुख्य कॉर्पोरेट मामलों के अधिकारी रजनीश कुमार ने पर फ्लिपकार्ट के अपने यूपीआई हैंडल के लॉन्च की घोषणा की। जैसा कि बताया गया है कि, कंपनी ने इस सर्विस के लिए एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी की है और ये वर्तमान में एंड्रॉयड यूजर्स तक सीमित है। ग्राहक फ्लिपकार्ट ऐल का इस्तेमाल करके अपने डिजिटल लेनदेन के लिए @fkaxis हैंडल से फ्लिकार्ट यूपीआई सर्विस के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। फ्लिपकार्ट यूपीआई सर्विस का इस्तेमाल किसी भी प्रोडक्ट या सर्विस के पेमेंट, रिचार्ज और बिल पेमेंट के लिए किया जा सकता है।




(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### मांडू के साप्ताहिक हाट में पिंक टॉयलेट नहीं

**मांडू।** मांडू सुभाष स्टेडियम के समीप कई वर्षों से साप्ताहिक हाट लगते आ रहे हैं। लेकिन, साप्ताहिक हाट में महिला शौचालय नहीं होने के करना सब्जी खरीद और बिक्री करने आई महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बाजार में स्थानीय लोगों के साथ साथ दूर दराज के ग्रामीण महिलाएं सब्जी बेचने और खरीदने पहुंचती है। लेकिन बाजार में शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं होने से उन्हें अक्सर परेशानियों से दो-चार होना पड़ता है। यहां पिंक टॉयलेट तो दूर कोई आम शौचालय भी नहीं है।

### हजारीबाग में देसी पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**हजारीबाग।** शहर के बड़ा बाजार टीओपी क्षेत्र स्थित खिरगांव मुहल्ला में सोमवार देर रात पैंथर पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सूरज यादव उर्फ सुंदर यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को जेल भेज दिया है। इस संबंध में बड़ा बाजार टीओपी में कांड संख्या 94/24 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सुंदर यादव को नामजद आरोपित बनाया गया है। बड़ा बाजार पुलिस ने बताया कि खिरगांव मुहल्ला में शरारती तत्वों के होने की गुप्त सूचना मिली थी।

### मंदिर में श्रीराम चरित मानस की हुई स्थापना

**रामगढ़।** श्री मारवाड़ी सत्यनारायण मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास रचित तथा गीता प्रेस गोरखपुर द्वारा प्रकाशित रामचरित मानस ग्रन्थ की विधि विधान से स्थापना की गई। ज्ञातव्य है कि पिछले शनिवार 23 मार्च को अयोध्या धाम में श्री राम लला मंदिर में भी राम चरित मानस की स्थापना की गई है। इसी से प्रेरित होकर श्री मारवाड़ी सत्यनारायण मंदिर में भी राम चरित मानस की स्थापना की गई है। मंदिर में आनेवाले भक्त दर्शन करके पुण्य के भागी बन सकेंगे। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित हरि मोहन शास्त्री ने विधिवत पूजा अर्चना की तथा उपस्थित सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया।

### समाज में स्वयं को सुव्यवस्थित कर लेना ही सफलता : डॉ उर्मिला

**बरकाकाना।** मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में उसका जन्म होता है और समाज में ही उसकी मृत्यु होती है। ऐसी दशा में उसके लिए आवश्यक है कि वह समाज में अपने को ठीक प्रकार से व्यवस्थित करें। यदि व्यक्ति अपने को समाज में ठीक प्रकार से व्यवस्थित कर लेता है, तो यह उसकी सफलता है। ये बातें स्कूल प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने मंगलवार को सामाजिक विज्ञान प्राथमिक स्तर पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही।

पृष्ठ 7 की खबरें
पृष्ठ 4 पर भी देखें

### मां का आशीष लेकर भाजपा उम्मीदवार ने शुरू किया चुनावी अभियान

# क्षेत्र की जनता के साथ सिर्फ विकास की बातें होंगी : मनीष



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
हजारीबाग संसदीय सीट के भाजपा उम्मीदवार मंगलवार को मां भद्रकाली के दरबार में माथा टेक कर चुनावी अभियान की शुरूआत किया. अभियान के पहले ही दिन दर्जनों गांवों का तूफानी दौरा कर लोगों से जनसमर्थन मांगा. उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि जनता का आशीष प्राप्त हुआ तो इस संसदीय क्षेत्र की जनता ठगेपन नहीं महसूस करेंगे. सरकार की हर एक योजनाओं को विधिसम्मत क्षेत्र में क्रियान्वित कराया जाएगा. उन्होंने कहा कि देशवासियों ने पीएम मोदी नेतृत्व की सरकार को फिर से बनाने को ठानी है. हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भी आप सबों का समर्थन चाहिए. आपके विश्वास और एक एक मत के सहयोग के लिए तैयार रहूंगा. अभियान के पहले दिन चौपारण और बरही विधासभा के विभिन्न स्थानों पर भाजपा उम्मीदवार श्री जायसवाल का जोरदार स्वागत किया गया. साथ ही बरही विस क्षेत्र से चुनाव में बढ़त दिलाने का भरोसा दिलाया. इसी क्रम में उनका काफिला चौपारण सहित बरही चौक, देवचंदा मोड़, गौरिया करमा, आदि क्षेत्रों में पहुंचा जहां लोगो ने जोरदार स्वागत किया. काफिले में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, राजेश सहाय, सुनील साहू, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### विधायक ने विद्यालय उन्नयन कार्य का किया शिलान्यास

# विधानसभा क्षेत्र में दर्जनों सड़कों का शिलान्यास जल्द : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के राजकीय कन्या उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बेलकपी में लगभग एक करोड़ 25 लाख की लागत से उन्नयन कार्य व 24 लाख की लागत से किचन सेड निर्माण तथा राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ोकला में लगभग एक करोड़ 40 लाख की लागत से विद्यालय उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया। तत्पश्चात उन्होंने चलकुशा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनैया एवं सेवाटांड़ में विद्यालय उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया। उत्क्रमित प्लस टू कन्या उच्च विद्यालय बेलकपी में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने आने वाले समय में विद्यालयों में मीटिंग हॉल उपलब्ध कराने की बात कही। कहा कि दर्जनों सड़कों का शिलान्यास जल्द ही किया जाएगा। वहीं मंच संचालन सहायक अध्यापक मुकेश पांडेय ने किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय, पंसस बिनीता देवी, समाजसेवी संजय साव समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### महाशिवरात्रि पर 31 लीटर दूध से महादेव का अभिषेक करेगा हजारीबाग यूथ विंग



**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग की बैठक सोमवार को देर शाम महेश सोनी चौक स्थित संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के निवास पर संपन्न हुई। अध्यक्षता उपाध्यक्ष विकास केसरी तथा धन्यवाद ज्ञापन संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने किया। बैठक में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गौशाला परिसर स्थित शिवमंदिर में 31 लीटर दूध से महाभिषेक करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद आसपास के लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वही होली महापर्व से पूर्व 23 मार्च को ओल्ड एज होम के बुजुर्गों के बीच होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम पिछले 3 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। इसके बाद कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया गया। वही बैठक की समाप्ति के उपरांत सदस्य सह सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि सेवा एवं धार्मिक कार्य करना ही हजारीबाग यूथ विंग की पहली प्राथमिकता है। इसी के निमित्त विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, सह सचिव डॉ बी.वेंकटेश, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य बिट्टू बिहारी, अभिषेक पांडे, मोहम्मद ताजुद्दीन सहित कई अन्य मौजूद थे।

### भाजपा प्रत्याशी ने मां भद्रकाली मंदिर में माथा टेककर शुरू किया जनसंपर्क अभियान

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मंगलवार की सुबह चतरा स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। यहां पहुंचते ही स्थानीय भाजपा नेताओं और समर्थकों ने भव्य स्वागत किया।तत्पश्चात उन्होंने बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड के सेवइयां ग्राम में जनसंपर्क किया।वहीं श्री जायसवाल ने चौपारण प्रखंड के दैहर स्थित मां कमलेश्वरी माता मंदिर और सोहरा में माता समोखर मंदिर में माता टेककर आगे जनसंपर्क अभियान के लिए बढ़ चले । यहां बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, हजारीबाग जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष किसुन यादव, सिमरिया विस क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी सुजीत भारती सहित सैकड़ों गणमान्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## झारखंड में एक भी लोकसभा सीट नहीं जीत पाएगी बीजेपी : विनोद किस्कू

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ / भुरकुंडा**
झामुमो के जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू बलकुदरा पंचायत पहुंचे। जहां राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई एवं न्याय की मांग को लेकर झामुमो के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव के तत्वाधान में आयोजित न्याय यात्रा में मुख्य रूप से विनोद किस्कू शामिल थे। न्याय यात्रा के तहत सैकड़ों लोगों के साथ मार्च किया एवं केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस न्याय यात्रा में पैदल मार्च करते हुए सभी लोग बलकुदरा के जिंदल ऐ गेट से बी गेट, पाहन टोला, नया टोला, बड़का टोला होते हुए पुराना टोला तक पहुंचे। जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू ने कहा कि केंद्र की सरकार सत्ता के हनक में डूबी हुई है। देश को तानाशाही के जरिए चलाना चाह रही है। लोकतांत्रिक तरीके से जब एक आदिवासी युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ये लोग नहीं सके तो सत्ता के हनक के तहत साजिशों का ताना बाना बुन कर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया है। लेकिन झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता सजग है। केंद्र के इशारे पर हुए सारे खेल को समझ चुकी है और आगामी चुनावों में इसकी भारी कीमत भाजपा को चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि जल्द हेमंत सोरेन जी की रिहाई नहीं हुई तो आदिवासी मूलवासी व्यापक उग्र आंदोलन करने को तैयार हैं। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने कहा कि जब से झारखंडी योद्धा हेमंत सोरेन की सरकार बनी थी उस समय से भाजपा को यह पच नहीं रहा था। हर दिन सरकार गिरने और गिराने की बात करते रहे। लेकिन हेमंत सोरेन ने स्वाभिमान को झुकने नहीं दिया। और उनकी दिलेरी से डर कर केंद्र के इशारे पर उन्हें जेल में डाला गया है। लेकिन इसका भारी खामियाजा भाजपा को झेलना पड़ेगा।

### श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन

# खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण : हरजाप सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में विद्यालय के सहायक कर्मचारियों द्वारा 5 मार्च को क्रिकेट मैच खेला गया। मैच ग्रीन 11 एवं ब्लू 11 के बीच मैच खेला गया। जिसमें विजेता ग्रीन 11 को घोषित किया गया । ग्रीन इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। ग्रीन इलेवन की टीम ने 15 ओवर में 148 रनो का स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्लू इलेवन की टीम ने 13 ओवर में ही 149 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच राजेश करमाली को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए घोषित किया गया । सबसे अधिक चौका अनिल करमाली ने लगाया। सबसे ज्यादा छक्का राजेश करमाली ने लगाया। सबसे अधिक रन राजेश करमाली ने रन बनाया।



सबसे अधिक विकेट अजीत सिंह ने लिया। बेस्ट विकेट कीपर का खिताब शिव शेखर मो मिला। बेस्ट कैच का पुरस्कार विकास महतो को मिला। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने सभी के मनोबल को बढ़ाया और काफी प्रशंसा भी की।उन्होंने कहा कि खेल से हमारा जीवन प्रभावित होता है। तन और मन स्फूर्ति से भरा रहता है। खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्रदान करता है खेल से पुष्ट और स्फूर्तिमय शरीर ही मन को स्वस्थ बनाता है। खेलकूद मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाए रखते हैं।

### एनटीपीसी गुंडागर्दी पर उतारू, आने वाले दिनों में बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी : सुरजीत नागवाला




**हजारीबाग।** बीजीआर माइनिंग में पांडु से ट्रांसपोर्टिंग शुरू किए जाने के विरोध में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस केरेडारी शाखा द्वारा धरना मंगलवार को दिया गया। प्रदर्शन के क्रम में एनटीपीसी पुलिस बल द्वारा इंटक का बैनर फाड़ दिया गया और फर्जी केस में फंसाने की धमकी भी दी गई । बाद में ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा कहा गया कि जिस भी जगह लोगों को रोजगार देने की बात होगी, उन्हें हम रोजगार से जोड़ेंगे। तत्पश्चात धरना स्थगित करते हुए कहा गया कि अगर लोगों को रोजगार से नहीं जोड़ा गया तो फिर धरना दिया जायेगा। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व बीजीआर यूनिट के अध्यक्ष परमेश्वर कुमार ने किया। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने कहा कि एनटीपीसी गुंडागर्दी पर उतारू है, उससे आम जनमानस में बहुत ही क्रोध है। आने वाले दिनों में बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी। इस अवसर पर जिला परिषद निरंजन साहू एवं मुखिया अमित दुबे, जीवादन साहू, जगदीश साहू, उदय वर्मा, विनय वर्मा, लोकेश कुमार, वासुदेव प्रजापति, महेश प्रजापति, महेश पासवान, संजय कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### दुलमी के निवर्तमान सीडीपीओ को दी गई भावभीनी विदाई

**दुलमी।** बाल विकास परियोजना कार्यालय में मंगलवार को विदाई सह सम्मान व स्वागत समारोह का आयोजन निवर्तमान सीडीपीओ पूनम कुमारी को भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान सुपरवाइजर ज्योति कुमारी, वहीदा रहमान सहित दर्जनों सेविकाएं व कार्यालय कर्मी ने निवर्तमान सीडीपीओ पूनम कुमारी को बुके देकर और शॉल ओढाकर, चादर, डायरी, पेन सहित अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर विदाई समारोह को संबोधित करते हुए निवर्तमान सीडीपीओ ने कहा कि पदस्थापना एवं स्थांतरण की प्रक्रिया नौकरी में लगी रहती है। वैसे दुलमी में जितना समय तक पदस्थापित रहे, सबके सहयोग से विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने को प्राथमिकता दी और अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए काम किया। उन्होंने कहा सबका प्यार और सम्मान काफी मिला।

# खेल सामग्री वितरण करने का उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना : सुधीर

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी प्रखंड सभागार में जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय रामगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल ;बालक एवं बालिका फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2023 में प्रखण्ड स्तर पर भाग लेने वाले खिलाड़ियों को को उपलब्ध कराये गए खेल सामग्री का वितरण दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश व जिला खेल पदाधिकारी मार्क्स हेम्ब्रम ने किया। इस मौके पर दुलमी प्रखंड के सैकड़ों खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें जर्सी.शॉर्टस 253 सेट, फुटबॉल बुट 253 सेट, मौजा 253 सेट, सिंन गार्ड 253 सेट, गोलकीपर ग्लब्स 34 सेट, टी.शर्ट 253 सेट वितरण किया गया। इनमें सभी गांवो में दो दो फुटबाल दिया गया।




मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि खेल सामग्री वितरण होने से प्रखंड क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। कहा की खेल सामग्री नही रहने के कारण खिलाड़ियों को दिक्कत का सामना करना पड़ता था। कहा कि खिलाड़ी अब रोज खेल ओर अपने प्रतिभा को निखारे ओर प्रखंड ओर जिला में खेले ओर आगे बढ़े। जिला खेल पदाधिकारी मार्क्स हेम्ब्रम ने कहा कि खेल सामग्री वितरण करने का मुख्य उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना व अच्छा खेलने वाले खिलाड़ियों को जिला व राज्य स्तर पर प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। मौके पर मुखिया राजीव मेहता, वीणा देवी,चुड़ामणि देवी, पवन कुमार , रोशन कुमार, रविकांत महतो आदि उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय महायज्ञ की कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**मांडू।** ग्राम टकाहा (गोविंदपुर) में आयोजित श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में करीब 501 कलशधारियों के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, जिला परिषद भोला तुरी, मुखिया अनीता देवी, बैजनाथ राम शामिल थे। कलश यात्रा में आसपास के श्रद्धालु भक्त भी शामिल हुए। भगवान के जयकारा के साथ कलश यात्रा प्रारंभ हुआ। इस बीच कलश यात्रा करीब पांच किलोमीटर की दूरी तय कर गाजे-बाजे के साथ दूधी नदी पहुंचे। यहां पर यज्ञाचार्य अनिरुद्ध शुक्ला, यज्ञाधीश वीरेंद्र कुमार पांडेय, रमेशानंद शास्त्री, गेंदालाल महतो, वासुदेव गंझू, सुकुल गंझू, कौलेश्वर महतो सपत्नीक को पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कराया।

### परगना महाल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत



**बरकट्ठा।** भारत जकात मांझी परगना महाल समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात किया. समाज के अध्यक्ष रामजी बेसरा एवं सचिव मनोज मुर्मू के नेतृत्व में रांची में मुख्यमंत्री से मिलकर मांग पत्र सौंपा. दिये गए आवेदन में मुख्यमंत्री से क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया. मौके पर मनीलाल हांसदा, शिबू टुडु, तालो बेसरा, बाबूलाल मुर्मू, रमेश बासके, प्रदीप कोल, रामेश्वर महतो, राहुल हांसदा समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, कहा

# मतदाता मताधिकार के प्रति जागरूक हों

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष आयोजन तथा निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में नगर परिषद रामगढ़ एवं छावनी परिषद रामगढ़ के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन के लिए यह बहुत जरूरी है कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक हो। रामगढ़ जिला अंतर्गत नगर परिषद एवं छावनी परिषद क्षेत्र में बड़ी संख्या में औद्योगिक प्रतिष्ठान, मॉल, दुकानों आदि के साथ-साथ घरों में भी बड़ी संख्या में



लोग रहते हैं। शहरी क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन रचनात्मक तरीके से करना बहुत जरूरी है। इस दौरान उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने नगर परिषद एवं छावनी परिषद क्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक कर सफाई वाहनों तथा सफाई मित्रों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। मतदान केंद्रों के समीप निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था, मतदान हेतु इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न पहचान पत्रों के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने, कोचिंग सेंटर, मतदाताओं को निर्वाचन संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए वोटर हेल्पलाइन एप डाऊनलोड करने के प्रति जागरूक करने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया।

### कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का होगा आयोजन

**रामगढ़।** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा की आवश्यक सभा मंगलवार को संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 11 मार्च को स्थानीय होटल अरिहंत पैलेस रांची रोड, मरार में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। बताया गया कि शिविर के प्रथम चरण में पटना के भारत विकास विकलांग न्यास के प्रसिद्ध चिकित्सकों के माध्यम से विकलांग तथा दिव्यांग मरीजों की जांच करके उनकी जरूरत के हिसाब से अत्याधुनिक कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, कान से सुनने में तकलीफ वाले मरीजों को निःशुल्क मशीन भी उपलब्ध कराई जाएगी। समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि शिविर के लिए पंजीकरण शुरू हो चुका है। जरूरतमंद मोबाइल नंबर 8757593139 एवं 9835137300 पर 10 मार्च रात्रि 8 बजे तक फोन के माध्यम से पंजीकरण करवा सकते है। पंजीकृत मरीजों का जांच 11 मार्च को होगा।

## ग्राम प्रमुख और चूल्हा प्रमुख तय करेंगे बड़कागांव का भविष्य : रोशन लाल

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ / पतरातू**
ग्राम प्रमुख और चूल्हा प्रमुख बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का भविष्य तय करेंगे। एनडीए भारी बहुमत से जीतेगा। उक्त बातें पीटीपीएस स्थित आजसू पार्टी के आवासीय कार्यालय में केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कही। ये बातें आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक में आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कही। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह और संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित थे। जबकि विशिष्ट अतिथि केंद्रीय महासचिव विजय साहू, उमेश भोक्ता, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, केंद्रीय सचिव सतीश सिन्हा, लालबिहारी महतो, केंद्रीय सदस्य चंदन श्रीवास्तव, केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक, केंद्रीय सदस्य इमरोज खान, जिला प्रवक्ता बीरेंद्र झा, जिला उपाध्यक्ष भुवनेश्वर महतो, वरीय नेता राहुल रंजन, वरीय नेता राणा प्रताप सिंह, किसान मोर्चा सचिव कृष्णा कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अनिल सोनी, प्रखंड कोषाध्यक्ष व्यास पांडेय, जिला संगठन सचिव कामेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष भुनू सिंह, नगर कार्यकारी अध्यक्ष हरेश राय, जिला सह सचिव अजय रवि, द्वारिका महतो आदि शामिल हुए। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों में ग्राम प्रभारी का गठन करने पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। तय हुआ कि 05 मार्च तक पतरातू प्रखंड के तमाम पंचायतों में बैठक कर पंचायत प्रभारी विधिवत रूप से ग्राम प्रभारी का चयन कर लेंगे। बैठक में यह भी बताया गया कि आगामी 12 मार्च को हजारीबाग में लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन प्रस्तावित है। बैठक को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा कि ग्राम प्रभारी और चूल्हा प्रमुख बड़कागांव का भविष्य तय करेंगे।

### जनप्रतिनिधियों ने झुरझुरी के अंबाटोला में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**बरकट्ठा।** प्रखंड के झुरझुरी पंचायत अंतर्गत अम्बाटोला में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं पूर्व मुखिया सुमन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।विदित हो कि 3 दिन पूर्व उक्त स्थान में 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया था जिसके कारण लोग अंधेरा में रहने को विवश थे।वहीं इसकी सूचना लोगों ने प्रेरणा प्रिया एवं सुमन कुमार को दी । सूचना मिलते ही प्रतिनिधियों ने एजीएम, ईईई एवं जेई बरकट्ठा से बात कर 24 घंटे के अंदर ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया। मौके पर समाजसेवी सी के पाण्डेय, मोहम्मद शहजाद, बबून मियां, मनीर मियां समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे इस कार्य हेतु अम्बाटोला के ग्रामीणों ने प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### राज्य में निरंतर गिरती जा रही है कानून व्यवस्था : राकेश

**रामगढ़ / पतरातू।** राज्य में सरकारी व्यवस्था बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त है।कानून व्यवस्था निरंतर गिरती जा रही है। उक्त बातें पतरातू प्रखंड मुख्यालय परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से एकदिवसीय धरना में मुख्य अतिथि सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कही। धरना पतरातू प्रखंड के तीनों मंडल पतरातू, भदानीनगर और भुरकुंडा के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से मिलकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पतरातू मंडल अध्यक्ष सह जिला पार्षद राजाराम प्रजापति और संचालन भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, उपाध्यक्ष सह मंडल प्रभारी बलराम महतो, डॉक्टर संजय सिंह आदि ने कहा कि झारखंड सरकार की नाकामी को दर्शाता है।

# होम डेब्यू से पहले दिल्ली कैपिटल्स का हुआ भव्य स्वागत




**एजेंसी। नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम का राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने पर टीम के आधिकारिक फैन क्लब, डीसी टोली द्वारा भव्य स्वागत किया गया। 2023 में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के अस्तित्व में आने के बाद डीसी पहली बार अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी।

लीग का पहला भाग बेंगलुरु में आयोजित किया गया था। डब्ल्यूपीएल का दिल्ली चरण मंगलवार से अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू होगा। मेग लैनिंग की अगुवाई वाली घरेलू टीम दिल्ली कैपिटल्स आज शाम अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी।

टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण में फाइनल में पहुंचने वाली कैपिटल्स वर्तमान में चार मैचों में तीन जीत के बाद छह अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

## मेग लैनिंग ने अपने संन्यास के बाद की योजनाओं पर कहा

# किसी भी चीज में जल्दबाजी नहीं करूंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग, जो मौजूदा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व कर रहीं हैं। उन्होंने स्वीकार किया है कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय सेवानिवृत्ति के बाद कुछ अलग विकल्प तलाश रही हैं, लेकिन किसी भी चीज में जल्दबाजी नहीं करेंगी।

लैनिंग ने उस समय आश्चर्यचकित कर दिया जब उन्होंने पिछले साल के अंत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया और 31 वर्षीय खिलाड़ी केवल कुछ समय के लिए ऑस्ट्रेलिया में घरेलू प्रतियोगिताओं में दिखाई दीं।

हाल के दिनों में उन्होंने भारत में अपने जीवन के अगले चरण को अपना लिया है और मौजूदा डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान बन गई हैं। जहां वह अपनी टीम के लिए बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष पर शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में 117.46 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 146 रन बनाए हैं।

उस फॉर्म ने कैपिटल्स को चार मैचों में तीन जीत के साथ डब्ल्यूपीएल तालिका में शीर्ष पर पहुंचने में मदद की है और लैनिंग ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व साथियों एनाबेल सदरलैंड और जेस जोनासेन के साथ टीम में अपनी भूमिका का आनंद ले रही हैं।



आईसीसी ने लैनिंग के हवाले से कहा मैं बस क्रिकेट खेलने का आनंद ले रही हूं। दिल्ली के साथ बहुत अच्छा समय बिता रही हूं हमारे पास खिलाड़ियों और कर्मचारियों की एक बहुत अच्छी टीम है जो इसे एक अच्छा माहौल बनाती है। मुझे लगता है कि थोड़ा कम दबाव और अपेक्षा है। मैं खेल में योगदान देने और टीम को जीत दिलाने के इरादे से ही आयी हूं।

उन्होंने आगे कहा तो ऐसा करने में सक्षम होना अच्छा रहा। मुझे लगता है कि हम जिस तरह से खेल रहे हैं उसमें थोड़ा सुधार की जरूरत है, मैं पूरी तरह संतुष्ट नहीं हूं लेकिन योगदान देना अच्छा रहा है। जैसा कि मैंने कहा मैं बस कुछ मौज-मस्ती करने और आनंद लेने की कोशिश कर रही हूं।

उन्होंने कहा वास्तव में मेरे पास अभी तक ऐसा करने (नई चीजें तलाशने) के लिए ज्यादा समय नहीं है। जाहिर तौर पर ऑस्ट्रेलिया में घरेलू क्रिकेट खेल रही हूं और फिर यहां डब्ल्यूपीएल खेल रही हूं। एक बार टूर्नामेंट खत्म होने के बाद, समय का एक बड़ा हिस्सा होगा। यह संभवतः मुझ पर अधिक प्रभाव डालेगा और आप जानते हैं। इसके साथ थोड़ा और अधिक समझौता करना होगा।

## खबरें व्यापार जगत की

# एलन मस्क को पछाड़ फिर दुनिया के सबसे अमीर शख्स बने जेफ बेजोस



**एजेंसी। नई दिल्ली।** टेस्ला प्रमुख एलन मस्क को पछाड़कर जेफ बेजोस फिर दुनिया के सबसे अमीर शख्स बन गये हैं। बेजोस ने लंबे समय तक सबसे अमीर शख्स रहने वाले मस्क का यह ताज अब छीन लिया है। बेजोस 200.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहले स्थान पर हैं जबकि मस्क 197.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे अमीर शख्स जेफ बेजोस 200.3 बिलियन डॉलर की दौलत के साथ टॉप पर हैं। वहीं, एलन मस्क अब 197.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर हैं। इससे पहले लगातार 9 महीने से एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर शख्स बने हुए थे। वहीं, भारत के अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी 11वें पायदान पर हैं।

मुकेश अंबानी की दौलत ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक 115 अरब डॉलर है। वे इस साल अब तक 18.2 अरब डॉलर की दौलत अपनी नेटवर्थ में जोड़ चुके हैं। इसी तरह भारत के ही एक और अरबपति कारोबारी गौतम अडानी इस सूची में 12वें नंबर पर हैं और उनके पास फिलहाल 104 अरब डॉलर की नेटवर्थ है।

# ग्लोबल मार्केट से सुस्त संकेत, एशिया में मिला जुला कारोबार

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज सुस्त संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज दबाव में कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिलेजुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज मिलाजुला कारोबार हो रहा है।

# सर्राफा बाजार में लौटी तेजी, सोने और चांदी की बढ़ी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर तेजी का माहौल बना हुआ नजर आ रहा है। आज सोने की कीमत में 700 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर एक हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आ गई है। इसी तरह चांदी में भी आज 900 रुपये से लेकर एक हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक की तेजी आई है। इस तेजी के कारण देश के कई सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 65 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम या इससे ऊपर चला गया है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 59,450 रुपये प्रति 10 ग्राम या इससे ऊपर के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 22 कैरेट सोना आज 60 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से भी ऊपर चला गया है। आज की तेजी के कारण दिल्ली के सरार्फा बाजार में चांदी 74,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# फरवरी में कोयला उत्पादन और रवानगी में इजाफा

**नई दिल्ली।** देश में फरवरी, 2024 के दौरान कुल कोयला उत्पादन में भारी इजाफा दर्ज हुआ है। कोयला मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी अस्थाई आंकड़ों में यह जानकारी दी है। कोयला मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक फरवरी 2024 में 96.60 मिलियन टन (एमटी) (अनंतिम) कोयला का उत्पादन हुआ जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में कोयला उत्पादन 86.38 मीट्रिक टन रहा था। मंत्रालय के मुताबिक फरवरी में कोयला उत्पादन में सालाना आधार पर 11.83 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। मंत्रालय के मुताबिक कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन फरवरी 2024 में 8.69 फीसदी की वृद्धि के साथ 74.76 मिलियन टन (अनंतिम) रहा है जबकि फरवरी 2023 में यह 68.78 मिलियन टन था। चालू वित वर्ष 2023-24 में संचयी कोयला उत्पादन (फरवरी 2024 तक) 880.72 मिलियन टन (अनंतिम) रहा है जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की इसी अवधि के दौरान 785.39 मिलियन टन कोयला का उत्पादन हुआ था। इस प्रकार यह 12.14 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है।

# न्यूजप्रिंट की लागत बढ़ने से पब्लिशरों ने की कस्टम ड्यूटी माफ करने की मांग

**नई दिल्ली।** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने सरकार से अखबार के लिए इस्तेमाल होने वाले कागज पर 5 प्रतिशत सीमा शुल्क माफ करने का आग्रह किया है। लागत में वृद्धि के कारण प्रकाशक वित्तीय तनाव झेल रहे हैं। आईएनएस ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, लॉजिस्टिक्स, रुपए के मूल्यह्रास और सीमा शुल्क जैसे कारकों ने कुल मिलाकर अखबार के कागज की कीमत और उपलब्धता को प्रभावित किया है, जिससे प्रकाशकों के लिए एक बड़ा बोझ पैदा हो गया है। आईएनएस प्रेसिडेंट राकेश शर्मा के हवाले से एक बयान में कहा गया, पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने और रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर काफी प्रभाव डाला है। इसमें कहा गया है कि लाल सागर क्षेत्र में जहाजों को लगातार निशाना बनाने से भी स्थिति बिगड़ गई है, जिससे अखबारी कागज सहित आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में बाधा पैदा हो रही है। आईएनएस ने कहा इसके चलते अखबारी कागज आपूर्तिकर्ता ऑर्डर रद्द कर रहे हैं। भारत और दुनिया भर में कई न्यूजप्रिंट मिलों ने या तो अपना परिचालन निलंबित कर दिया है या बंद कर दिया है, जिससे भारत में न्यूजप्रिंट की आपूर्ति को लेकर चिंताएँ पैदा हो गई हैं।

# एआई पर जल्द ही बाजार अध्ययन शुरू करेगा सीसीआई : रवनीत कौर



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर बाजार का अध्ययन शुरू करेगा। एआई को लेकर बढ़ती चिंताओं को समझने के लिए यह अध्ययन किया जाएगा। इससे नवाचार और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए आयोग की तैयारियों में मदद मिल सकती है। सीसीआई प्रमुख रवनीत कौर ने मंगलवार को यहां आयोजित प्रतिस्पर्धा कानून के अर्थशास्त्र पर 9वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि हम जल्द ही भारतीय बाजारों में एआई और एआई के उपयोग के संबंध में व्यापक समझ हासिल करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक बाजार अध्ययन शुरू करेंगे। निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई की प्रमुख कौर ने कहा कि प्रतिबद्धता और निपटान पर नियम जल्द ही जारी किए जाएंगे। सीसीआई ने अगस्त 2023 में प्रतिस्पर्धा कानून के तहत प्रतिबद्धता और निपटान प्रावधानों के लिए मसौदा नियम जारी किए थे। दरअसल हाल के दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। उभरते दृष्टिकोण, सिद्धांत और उपकरण विषय पर आयोजित पहले सत्र की अध्यक्षता शिव नादर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और डीन डॉ रजत कथूरिया ने किया।

## अपने 100वें टेस्ट से पहले अश्विन ने कहा

# मैंने अपनी सफलता का उतना आनंद नहीं लिया जितना मुझे लेना चाहिए था



**अश्विन ने कहा उदाहरण के लिए स्टीवन स्मिथ ने मेरे खिलाफ शतक बनाया है। मैं उसे कैसे पकड़ सकता हूं या जो रूट ने शतक बनाया है। मैं उसे कैसे पकड़ सकता हूं इसलिए लगातार वह विचार एक नई कार्रवाई शुरू करता है।**

**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारतीय स्पिन लीजेंड रविचंद्रन अश्विन अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन उन्होंने खुलासा किया कि मैंने अपनी सफलता का उतना आनंद नहीं लिया जितना मुझे लेना चाहिए था क्योंकि वह हर दौरे के बाद एक बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए अपने आप में वापस चले जाते हैं।

धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान, अश्विन खेल के लंबे प्रारूप में अपना 100वां मैच खेलेंगे।

राजकोट में चल रही श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में अश्विन 500 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले नौवें और अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गये तथा मुथैया मुरलीधरन, शेन वार्न, जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड, कुंबले, ग्लेन मैकग्रा, कर्टनी वॉल्श और नाथन लियोन जैसे गेंदबाजों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गये। अपने महत्वपूर्ण अवसर से पहले अश्विन कुंबले के साथ जियोसिनेमा पर स्पिन मास्ट्रोस कार्यक्रम में बातचीत कर रहे थे। यह पूछे जाने पर कि यदि चीजें सही नहीं होती हैं या सही होती हैं तो आप किस पर भरोसा करते हैं? अश्विन ने कहा मैं एक व्यक्ति के पास वापस जाता हूं और यह उस व्यक्ति के लिए बहुत तनावपूर्ण है। वह व्यक्ति मैं हूं।

उन्होंने कहा क्योंकि मुझे लगता है कि क्रिकेट सबसे महान आत्म-विचार वाले खेलों में से एक है और यदि आप अपने बारे में निर्दयी और बहुत आलोचनात्मक हैं तो मुझे लगता है कि यह आपके चेहरे पर सच्चाई देखेगा। भारत में पर्याप्त और अधिक आलोचक हैं जो ऐसा करेंगे आपको बता देंगे। उनमें से 10 आपको गलत बातें बताएंगे लेकिन वे निश्चित रूप से आलोचनात्मक हैं। लेकिन उनमें से 10 आपको सही चीजें भी बताएंगे।

मैं हमेशा कहता हूं, मेरी सबसे बड़ी पीड़ा यह है कि मैं अपनी सफलता का उतना आनंद नहीं ले पाता, जितना मुझे लेना चाहिए था। लेकिन इससे मुझे एक बेहतर क्रिकेटर बनने में भी मदद मिली है। मैंने लगातार चीजों में सुधार की तलाश की है और मैंने यह सुनिश्चित कर लिया है कि किसी विशेष दिन मैं जो हूं उससे मैं बहुत असहज हूं और फिर मैं ड्राइंग बोर्ड पर वापस आता हूं और इस पर ध्यान केंद्रित करता हूं कि खेल में और अधिक लाने के लिए मैं और क्या कर सकता हूं।

अश्विन ने कहा उदाहरण के लिए स्टीवन स्मिथ ने मेरे खिलाफ शतक बनाया है। मैं उसे कैसे पकड़ सकता हूं या जो रूट ने शतक बनाया है। मैं उसे कैसे पकड़ सकता हूं इसलिए लगातार वह विचार एक नई कार्रवाई शुरू करता है और अंततः इसने मेरे लिए वर्षों काम किया है इसलिए मैं वहां आराम से बैठा हूं।

इस महत्वपूर्ण अवसर से पहले बोलते हुए अश्विन ने विनम्रतापूर्वक अपनी क्रिकेट यात्रा के दौरान अपने परिवार के अपार समर्थन और त्याग को स्वीकार किया। वह इस बात पर जोर देते हैं कि जहां 100वां टेस्ट व्यक्तिगत महत्व रखता है। वहीं यह उनके पिता, मां, पत्नी और बच्चों के लिए और भी अधिक मायने रखता है। जो उनके लिए समर्थन और प्रोत्साहन के दृढ़ स्तंभ रहे हैं। मेरे बच्चे टेस्ट को लेकर अधिक उत्साहित हैं। एक खिलाड़ी की यात्रा के दौरान परिवार बहुत कुछ झेलता है। मेरे पिता अभी भी जवाब देते हैं उनके बेटे ने मैच के दौरान क्या किया। इस पर 40 कॉल आईं।

जब 37 वर्षीय खिलाड़ी से सफेद गेंद वाले क्रिकेट के संदर्भ में स्पिनरों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में पूछा गया और वह फिंगर-स्पिन गेंदबाजी को आगे कैसे देखते हैं, तो अश्विन ने कहा फिंगर स्पिन की सबसे बड़ी सफलता की कहानियों में से एक यह है कि मैं कैसा हूं पिछले कुछ वर्षों में टी20 टीम और वनडे टीम में वापसी की है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह मेरे साथ हुआ है, इसलिए यह एक सफलता की कहानी है। ऐसा कुछ भी नहीं है कि फिंगर-स्पिनर कम कुशल हों और कलाई-स्पिनर अधिक कुशल हों या इसके विपरीत।

# इंडियन वेल्स में वापसी करेंगे नडाल

## पहला मुकाबला 'मिसाइल मैन' राओनिक से



**इंडियन वेल्स (यूएस) :** तीन बार के चैंपियन स्पेन के राफेल नडाल को परिबा ओपन के पहले दौर में कनाडा के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिक से भिड़ना है क्योंकि साल के पहले एटीपी मास्टर्स 1000 का ड्रा निकाला गया है। नडाल, जो इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन की अपनी आखिरी यात्रा के दौरान 2022 में फाइनल में पहुंचे थे। सीजन के पहले सप्ताह में ब्रिस्बेन में एटीपी 250 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद, वर्ष की अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कूल्हे की चोट के कारण 11 महीने के अंतराल के बाद 37 वर्षीय स्पैनियार्ड ने जनवरी की शुरूआत में दौरे पर वापसी की। ब्रिस्बेन में दो मैच जीते। फिर एक के दौरान उनके बाएं कूल्हे के पास की मांसपेशी में हल्की चोट लग गई जिसमें उन्हें जॉर्डन थॉम्पसन से क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

# शहबाज नदीम ने लिया संन्यास



**एजेंसी। नई दिल्ली।** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 500 से भी अधिक विकेट लेने वाले बाएं हाथ के अनुभवी गेंदबाज शहबाज नदीम ने सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। नदीम ने इस रणजी सीजन में राजस्थान के खिलाफ अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच खेला था। संन्यास के बाद वह विश्व भर के अलग-अलग टी20 लीगों में हिस्सा लेने का मन बना रहे हैं। हाल ही में झारखंड के दो और वरिष्ठ क्रिकेटर सौरभ तिवारी और वरूण आरोन ने भी संन्यास की घोषणा की थी।

क्रिकइंफो हिंदी के साथ बात करते हुए नदीम ने कहा मैं काफी समय से अपने संन्यास के फैसले पर विचार कर रहा था और अब मैंने यह फैसला लिया है कि मैं तीनों फॉर्मेट से संन्यास ले रहा हूं। मुझे हमेशा से ऐसा लगता है कि जब आपके पास कोई मोटिवेशन हो तो आप हमेशा खुद को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। हालांकि अब मुझे जब पता है कि भारतीय टीम में मुझे मौका नहीं मिल सकता तो यह बेहतर है कि मैं युवा क्रिकेटरों को मौका दूं। साथ ही अब मैं दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने का भी मन बना रहा हूं।

नदीम ने भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने अपना पदार्पण मैच रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्टूबर 2019 में खेला था। जहां उन्होंने चार विकेट लिए थे। इसके बाद उन्हें 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच खेलने का मौका मिला था।

# डब्ल्यूसीबीए ऑल-स्टार गेम का आयोजन 16-17 मार्च को हांग्जो में

**हांग्जो।** 2023-24 महिला चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन (डब्ल्यूसीबीए) ऑल-स्टार गेम 16 से 17 मार्च तक हांग्जो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में आयोजित किया जायेगा। राइजिंग स्टार गेम और थ्री-पॉइंट कॉन्टेस्ट और स्किल चैलेंज की प्रारंभिक प्रतियोगिताएं 16 मार्च को आयोजित की जाएंगी, जबकि ऑल-स्टार गेम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं का फाइनल एक दिन बाद होगा। स्किल चैलेंज में चीनी अंतरराष्ट्रीय ली युआन के साथ-साथ ली शुआंगफेई और फैंग मिन सहित अन्य प्रसिद्ध खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। थ्री-पॉइंट प्रतियोगिता में राष्ट्रीय खिलाड़ी वांग सियू और हुआंग सिजिंग के साथ-साथ शार्पशूटर झांग जिंगी और डोंग कीर भी शामिल होंगी।

# रोहित और द्रविड़ ने सांसद खेल महाकुंभ -3 का किया आगाज



**एजेंसी। बिलासपुर।** मंगलवार को बिलासपुर के लुहणू मैदान में रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ ने सांसद खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का शुभारंभ किया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसका नतीजा है कि भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है।


ठाकुर ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ के दूसरे चरण में लगभग 45 हजार युवाओं ने भाग लिया था और यह कार्यक्रम युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों के प्रति जागरूक करने में कारगर साबित हुआ है।

# अंतिम क्वालीफाइंग दौर में पहुंचे सुमित नागल



**इंडियन वेल्स।** भारतीय नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने इंडियन वेल्स ओपन के अपने पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच में अमेरिकी वाइल्डकार्ड स्टीफन डोस्टानिक पर सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से जीत हासिल की और अंतिम क्वालीफाइंग दौर में प्रवेश कर लिया। अंतिम क्वालीफाइंग दौर में पहुंचते हुए, नागल ने न केवल जीत दर्ज की, बल्कि पुरस्कार राशि में 14,400 अमेरिकी डॉलर भी प्राप्त किए। इंडियन वेल्स में नागल की सफलता उनकी हालिया उपलब्धियों में शामिल है।

# एथलेटिक बिलबाओ ने अल्वारो जालो के साथ किया पांच साल का करार



**एजेंसी। मैड्रिड।** एथलेटिक बिलबाओ ने सोमवार को पुर्तगाली पक्ष स्पोर्टिंग ब्रागा के साथ 24 वर्षीय फॉरवर्ड अल्वारो जालो को 20 मिलियन यूरो (21.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की फीस पर अनुबंधित करने के लिए एक समझौता किया है। इनिगो मार्टिनेज और यूरी बर्चिचे के बाद जालो क्लब के तीसरा सबसे महंगे खिलाड़ी बन गये हैं। क्लब के अनुसार, वह अगले सीजन में एथलेटिक बिलबाओ में शामिल होंगे। उन्होंने जून 2029 के अंत तक पांच साल के अनुबंध पर सहमति व्यक्त की है।

हालांकि उनका जन्म मैड्रिड में हुआ था और उन्होंने पिछले छह साल पुर्तगाल में बिताये हैं। जालो केवल बास्क क्षेत्र में पैदा हुए या पले-बढ़े खिलाड़ियों को साइन करने की एथलेटिक बिलबाओ की नीति में फिट बैठते हैं क्योंकि उनका पालन-पोषण बिलबाओ के बगल में बसौरी शहर में हुआ था और उनके करियर की शुरूआत स्थानीय टीम, बेगोना के साथ हुई थी।

अगस्त 2022 में जालो को ब्रागा की पहली टीम में पदोन्नत किया गया था, उन्होंने 41 मैचों में पांच गोल किए और छह सहायता दी, जबकि इस सीजन में उन्होंने 14 गोल किये हैं, जिसमें यूईएफए चैंपियंस लीग में पांच गोल शामिल हैं।

# डब्ल्यूपीएल टीम से मिलने के बाद खुश हैं पैरा-क्रिकेटर आमिर



**बेंगलुरु।** विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल), जो अपने दूसरे सीजन में है, किसी उत्सव से कम नहीं है। इसमें भाग लेने वाली टीमों में अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स भी शामिल है। लीग के बेंगलुरु लेग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए मैच के दौरान पैरा क्रिकेटर आमिर हुसैन लोन इसके विशेष अतिथि थे। जम्मू-कश्मीर टीम के कप्तान पैरा-क्रिकेटर आमिर को अदाणी ग्रुप का सपोर्ट प्राप्त है। वह गुजरात जायंट्स की टीम से मिलने और प्रतिष्ठित एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में उनका मैच देखने के लिए बेंगलुरु में थे।

# पेरिस ओलंपिक ने शहर के शानदार अतीत से प्रेरित आर्ट डेको-शैली के पोस्टर का किया अनावरण



**एजेंसी। पेरिस।** फ्रांसीसी चित्रकार उगो गैटोनी द्वारा डिजाइन किये गये पेरिस 2024 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के प्रतिष्ठित पोस्टर सोमवार को म्यूसी डी'ऑर्से में जारी किये गये। पोस्टर शहर के शानदार अतीत से प्रेरित आर्ट डेको-शैली के हैं। पोस्टरों का एक विशाल संस्करण प्रसिद्ध कला संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया और दुनिया भर के आगंतुकों के लिए 10 मार्च तक वहां रखा जायेगा। पेरिस 2024 आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी एस्टांगुएट ने सिन्हुआ के हवाले से कहा ग्रीष्मकालीन खेलों में पहली बार प्रतिष्ठित पोस्टर एक ही कलात्मक दिशा के साथ एक डिप्टीच का रूप लेते हैं। वे ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की कहानी बताने वाले दो स्वतंत्र पोस्टर हैं। जो एक साथ रखे जाने पर, पेरिस 2024 की पूरी कहानी बताते हैं। समृद्ध विवरण के साथ पोस्टरों में एक स्टेडियम शहर का एक सपने जैसा चित्रण दिखाया गया है। जो पेरिस 2024 के नारे गेम्स वाइड ओपन को प्रतिध्वनित करता है और आयोजकों की महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। गैटोनी ने कहा जब मुझसे पेरिस 2024 के लिए प्रतिष्ठित पोस्टर डिजाइन करने के लिए कहा गया तो मैंने तुरंत दुनिया के लिए खुले एक शहर के स्टेडियम की कल्पना की, एक समय जिसमें आप सूक्ष्म जगत में घूम सकते हैं जहां पेरिस के स्मारक और खेल अनुशासन खुशी से सह-अस्तित्व में हैं।

पोस्टर म्यूसी डी'ऑर्से और पेरिस 2024 शॉप वेबसाइट पर खरीदने के लिए उपलब्ध होंगे। 5 मार्च से, उन्हें पेरिस 2024 स्टोर्स और पेरिस 2024 गेम्स के भागीदार एफएनएसीमें भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव निवासी कृष्णा यादव उम्र 50 वर्ष मोटरसाइकिल के धक्के से मंगलवार की सुबह गंभीर रूप से घायल हो गए।वही मोटरसाइकिल पर सवार जपला निवासी प्रेम शंकर गुप्ता और नेहा कुमारी भी धक्का लगने के बाद अनियंत्रित होकर बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी नेहा कुमारी और कृष्णा यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां इलाज के बाद दोनों खतरे से बाहर है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायलों का इलाज करवा रहे हैं।

### ग्रामसभा में ग्रामीणों का फैसला, ऑनलाइन रसीद के लिए करेंगे आंदोलन

**लातेहार।** सदर प्रखंड के दुगिला ग्राम के ग्रामीण पूर्वजों की ऑफलाइन रसीद को ऑनलाइन करने की मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। मंगलवार को ग्रामीणों ने दुगिला ग्राम के चारमुहान में ग्रामसभा की और इसमें यह निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने ग्रामसभा में कहा कि यदि दुगिला गांव के उनके पूर्वजों की जमीन को ऑफलाइन से ऑनलाइन नहीं किया गया तो अंचल व समाहरणालय का घेराव किया जायेगा. ग्रामसभा में ग्रामीणों ने प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी की. ग्रामीणों ने कहा कि आदेश के बावजूद भी लातेहार अंचल में ऑनलाइन रसीद नहीं काटा जा रहा है. इस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. पहले ही उपायुक्त जिला पुलिस अधीक्षक और अंचल कार्यालय को आवेदन दिया जा चुका है. बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### चयन समिति के जावेद अख्तर ने की 17 सदस्यीय टीम की घोषणा

**लातेहार।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित बोधनवाला ट्रॉफी 2023-24 में भाग लेने लिए लातेहार जिला टीम की घोषणा कर दी गयी है। चयन समिति के जावेद अख्तर ने 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम में श्रवण महली (कप्तान), प्रभात कुमार यादव (उपकप्तान), रौशन कुमार गुप्ता, राजा बाबू (विकेटकीपर), सनी सचिन तिवारी, अमोश एक्का, कुमार आस्तिक, आकाश कुमार सिन्हा, विकास पांडेय, राकेश यादव, प्रभात कुमार सिंह, रितिक अनंत, राम कुमार साहनी, अमन कुमार झा, धनंजय पांडेय (विकेटकीपर), आलोक कुमार यादव व हर्ष राणा का चयन किया गया है जबकि स्टेंड बाय खिलाड़ियों में हर्ष कुमार, अनिकेत पाठक , जयदेव, अमित मिश्रा तथा मो इमरान को रखा गया है. लातेहार जिला क्रिकेट संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों के चयन के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनायी गयी थी. इस कमेटी में संघ के संयुक्त सचिव जावेद अख्तर व प्रकाश कुमार, सदस्य नीरज कुमार सिंह, दिलीप कुमार प्रसाद तथा शैलेश कुमार शामिल थे।

# ट्रांसजेंडरों के अधिकारों के लिए सरकार ने बनाए हैं कई कानून



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपविकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि ट्रांसजेंडरों के अधिकारों के लिए सरकार ने कई प्रकार के कानून बनाए है। जरूरत है ट्रांसजेंडरों को उन कानूनों का अध्ययन कर उसका उपयोग करने की। सुप्रीम कोर्ट ने 2019 अपने एक जजमेंट में कहा है कि ट्रांसजेंडर भी भारत के किसी भी क्षेत्र में अपने हक व अधिकार के साथ जीवन जी सकते हैं। वह मंगलवार को गांधी स्मृति टॉउन हॉल में ट्रांसजेंडर अभयालिंग व्यक्तियों के अधिकारों की सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व उपविकास आयुकत रवि आनंद, समाजिक सुरक्षा कोषांग के साहयक निदेशक विक्रम आनंद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शीला किस्कू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी व अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। उपविकास आयुक्त ने कहा कि ट्रांसजेंडरों के दशा व दिशा के सुधार के लिए सरकार के स्तर पर कई नियम बनाए गए है। शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी आदि क्षेत्र में कहीं भी इन समाज के साथ भेदभाव नहीं करना है। अगर कोई भी इन लोगों के साथ भेद भाव करता है तो उसके लिए कानून के तहत सजा का भी प्रावधान किया गया है। ट्रांसजेंडर अपने हक व अधिकार के तहत किसी भी सरकार व गैरसरमारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर सकता है। अगर उसके साथ स्कूल में गलत व्यवहार होता है वह गलत है। ऐसी स्थिति में स्कल प्रबंधन पर कार्रवाई हो सकती है। इसी प्रकार स्वास्थ व नौकरी के क्षेत्र में भी उनके साथ समान व्यवहार करना है। सरकारी प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए ट्रांसजेंडर आंदोलन भी कर सकती है। उन्होंने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान को पलामू जिले में निवास करने वाले ट्रांसजेंडरों को चिन्हित कर उसकी सूची उपलब्ध कराने का आदेश दिया है ताकि उन्हें सरकार सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। मौके पर कई ट्रांसजेंडरों ने भी अपनी समस्याओं को मंच के माध्यम से रखा। कार्यक्रम में पाटन सीडीपीओ अनिता कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका अनुपम भवानी, पुनम देवी, पुनम कुमारी, राखी सिन्हा, ट्रांसजेंडरों में अमरजीत सेरगील, आयशा सिंह,कमली सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जंगल से भटके हिरण को आवारा कुत्तों ने काटकर किया घायल

**मोहम्मदगंज।** थानान्तर्गत मोहम्मदगंज प्रखंड आवासीय परिसर के पीछे जंगल से भटके हिरण को सोमवार को आवारा कुत्तों ने काटकर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया।जिसकी सूचना ग्रामीणों ने मोहम्मदगंज थाना को दिया,थाना ने इसकी सूचना वनकर्मी को दिया।सूचना पाते ही वनकर्मी घटनास्थल पहुँचे तबतक हिरण का मौत हो चुका था।वनकर्मी राजूरंजन कुमार ने बताया कि मृत हिरण को पास ही के वनक्षेत्र में दफना दिया गया है।लोगो ने बताया कि सोमवार करीब 3 बजे दिन में एक हिरण पास के जंगल से भटककर सिंचाई विभाग स्थित प्रखंड आवास के पीछे में पहुंच गया था। यहां आवारा कुत्तों ने घेर लिया और हमले से घायल कर दिया।आवाजाही के लिए निकले ग्रामीण सुखराम कुमार ने हिरण को देखा।घायल हिरण को ग्रामीणों ने पानी पिलाया,जिसके कुछ देर के बाद ही हिरण की मौत हो गई।जिसके बाद वनकर्मी राजू रंजन कुमार ने स्थानीय लोगो से पंचनामा करा मृत हिरण को दफनाया।

## परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में युवा मतदाताओं को किया प्रोत्साहित

**लोकतंत्र के उत्सव में सभी को अनिवार्य रूप से भाग लेना चाहिए : फादर इनोसेंट कुजूर**

**मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत ईवीएम मशीन पर कार्यशाला आयोजित**



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** केंद्र सरकार के निर्देशानुसार संचालित मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के तहत गुमला के चैनपुर स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए दूसरे दिन कई कार्यक्रम संपन्न हुए। दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरूआत पहले दिन आयोजित हुए पेंटिंग कंपीटीशन के परिणाम की घोषणा से हुई। जिसमें नेहा खलखो को प्रथम, करीना बेबी कुमारी को द्वितीय और ज्ञानन्द कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. पुष्पलता डुंगडुंग द्वारा एश्ट मशीन पर कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें उससे जुड़ी हुई सभी बारीकियों के बारे में विद्यार्थियों को बतलाया गया। इस मौके पर मशीन पर आयोजित कार्यशाला में प्रोफेसर एलविन लकड़ा के द्वारा चर्चा की गई और साथ ही विद्यार्थियों के सभी प्रश्नों का जवाब भी दिया गया। कॉलेज के प्राचार्य फादर इनोसेंट कुजूर ने बताया कि 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान में भाग लेने से कॉलेज के बच्चे बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के बीच आगामी चुनाव में अपने वोट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए चुनाव में सक्रिय रूप से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने और दूसरों को भी भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा की यह लोकतंत्र का ऐसा उत्सव है जिसमें सभी को अनिवार्य रूप से भाग लेना चाहिए। दूसरे दिन चल रहे जागरूकता अभियान में पहली बार वोट दे रहे युवाओं को मद्देनजर रखते हुए सेल्फी अभियान चलाया गया।

## सांसद वीडी राम से मुकाबले को तैयार राजद प्रदेश महासचिव राजेश रोशन



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव राजेश रोशन आगामी लोकसभा चुनाव में पलामू से भाग्य आजमाने को बेताब हैं। उन्होंने आवास में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंगलवार को कहा कि पार्टी हाई कमान को निजी विचारों से अवगत करा दिया हूं। इस राजेश रोशन ने सांसद वीडी राम पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना (मंडल डैम) पर कार्य शुरू नहीं हुआ। मूलभूत सुविधाएं लोगों तक नहीं पहुंची। साथ ही कहा कि वह राजद के सच्चे सिपाही हैं। उम्मीद है कि पार्टी हाईकमान उन पर भरोसा करेगा। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार विष्णु दयाल राम को प्रत्याशी बनाया है। वह लगातार दो बार से पलामू के सांसद बन चुके हैं। मजेदार बात यह है कि राजेश रोशन और विष्णु दयाल राम रिश्तेदार हैं। राजेश, विष्णु दयाल राम के साले हैं। राजेश के पिता जोरावर राम भी पलामू के सांसद रह चुके हैं।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में मना त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव

**सतबरवा ।** सतबरवा ठाकुरबाड़ी मंदिर के सामने प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा में मंगलवार को 88वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती का महोत्सव ध्वजारोहण कर मनाया गया । इस अवसर पर बीके कविता बहन ने बताया कि शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य परमात्मा शिव कलयुग के अंत में जबकि संसार में घर अंधकार होता है । प्रजापति ब्रह्मा के तन में अवतरित होकर ईश्वरीय ज्ञान और योग की शिक्षा देते हैं ।और उसी के द्वारा संपूर्ण पवित्रता सुख और शांति का ऐश्वर्या जन्मसिद्ध अधिकार देते हैं आध्यात्मिक अर्थ में रात्रि आत्माओं के अज्ञान अंधकार विकारों अथवा आसुरी लक्षणों की चरम सीमा की घोतक है । अभी हमें आत्मा का जागरण और उपवास रहना अर्थात परमात्मा शिव की स्मृति में राणा विकारों रूपी कडुवे अंक शिव पर चढ़ा देना चाहिए और शिव के प्रति ज्ञान का बिंदु बिंदु निरंतर प्रवाहित करते रहना चाहिए शिवरात्रि मनाने की सच्ची रीति को अपना कर हमें अब वरदानी शिव पिता से इसी जन्म में मुक्ति और जीवन मुक्ति का सर्वश्रेष्ठ वरदान ले लेना चाहिए।

### अपराधियों ने 70 वर्षीय महिला को मारी गोली गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के छट्टीपार निवासी चंद्रिका मांझी की पत्नी सुमित्रा देवी उम्र 70 वर्ष मंगलवार की दोपहर अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि मंगलवार की दोपहर करीब 2:30 बजे सुमित्रा देवी अपने खेत पर काम कर रही थी।इसी दौरान खेत के पास दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से पहुंचे और सुमित्रा देवी के ऊपर गोली चला दिया। गोली सुमित्रा देवी के दाहिने बाह में लगी है।वही इस घटना के बाद परिजनों के द्वारा घटना की जानकारी चैनपुर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घायल महिला को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं से आ रही जीवन में खुशहाली : अमित तिवारी

**मोदी के नेतृत्व में देश का सांस्कृतिक वैभव व गौरवशाली इतिहास समृद्ध हो रहा है**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक भाजपा के बैरिया बिसफुट्टा में स्थित जिला कार्यालय में हुई।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप केसरी उपस्थित थे। इस बैठक में ओबीसी मोर्चा के सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी मंडलों के अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष शंकर गुप्ता ने की ।




बैठक को संबोधित करते हुए प्रदीप केशरी ने ओबीसी मोर्चा के द्वारा चलाई जाने वाले आगामी अभियान की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि विभिन्न विधानसभा क्षेत्र मे ओबीसी समाज का सम्मेलन, ओबीसी युवा संवाद, लाभार्थी जनसंपर्क अभियान एवं ओबीसी छात्रावास में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी की नियुक्ति करनी कर कार्यक्रमों को सफल बनाना है,ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रति लोगों का रुझान,बढ़े और हमारी जीत सुनिश्चित हो। इन सभी कार्यक्रमों की बृहद तैयारी करनी है। उन्होंने बताया कि एक टोल फ्री नंबर केंद्र के द्वारा जारी की गई है। जिस पर मिस कॉल भी आम जनों से लेकर लाभार्थियों तक करवाना है और मोदी जी को समर्थन देना है। बैठक में उपस्थित पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की भावना से समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में खुशहाली आ रही है। देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे देश का सांस्कृतिक वैभव तथा गौरवशाली इतिहास समृद्ध हो रहा है।आज विश्व में भारत का तेजी से सम्मान बढ़ रहा है।

## एके सिंह कॉलेज जपला में चला मतदाता जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार 28 फरवरी से 06 मार्च 2024 तक आयोजित 'मेरा पहला वोट देश के लिए' कार्यक्रम के अंतर्गत एके सिंह कॉलेज जपला में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही साथ प्राचार्य प्रो सूर्यमणि सिंह ने उपस्थित स्वयंसेवकों,शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई।इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह ने कहा कि देश के कुशल नागरिक होने के नाते मुझे स्वच्छ मतदान करने का दायित्व बनता है। अर्थात स्व से ऊपर उठकर हमलोगों को मतदान करने की आवश्यकता है। भारत युवाओं का देश है। युवा शक्ति कदम से कदम मिलाकर आएंगे तभी अपना देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ सकता है। साथ ही साथ स्वयंसेवक, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सेल्फी फोटो के माध्यम से आम नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग बिना दबाव एवं प्रलोभन के बिना करने का संदेश दिया है।

## पेज एक के शेष

### झारखंड में कानून का ...

देने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है। कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक कहा कि सरकार को रूल ऑफ लॉ पर संवेदनशील होना चाहिए। कानून तोड़ने की इजाजत किसी को नहीं दी जानी चाहिए। अभी तक इस मामले में सभी लोगों की गिरफ्तारी भी नहीं हुई है, पूरा चार्जशीट भी दाखिल नहीं हुआ है। क्या राज्य सरकार विचार कर रही है कि नई जगह पर एकलव्य विद्यालय निर्माण कार्य हो जाने के बाद पूरा चार्जशीट दाखिल किया जाए? इससे पूर्व सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि नौ दिसंबर, 2022 को हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए शिलान्यास किए जाने वाले स्थान पर एकलव्य विद्यालय बनाने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाई कोर्ट के आदेश में फेरबदल करने से इनकार कर दिया था। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि मांडर में एकलव्य विद्यालय के लिए जो सबसे पहले जगह चयनित हुआ है उसी जगह पर स्कूल बनाया जाए। मांडर जिला के चान्हो में एकलव्य स्कूल बनाने के लिए राज्य सरकार ने 52 एकड़ जमीन दी थी।

### सीएमओ से हटे...

के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह को कृषि विभाग का सचिव बनाया गया है। साथ ही सिंह को खान आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जबकि ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर को ग्रामीण कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता ...

भारतीयों से मुझे शिकायत नहीं है। भारत एक महान देश है। ऐसी घटना दुनिया में कहीं भी किसी से हो सकती है।

**हेलमेट में लगे हिडेन कैमरे से पीड़िता ने एक आरोपी की तस्वीर जारी की :** पीड़िता ने रेप के एक आरोपी की तस्वीर भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इसे ढूंढने में उनकी और पुलिस की मदद करें। यह तस्वीर उनकी बाइक और हेलमेट में लगे हिडेन कैमरे में रिकॉर्ड हुई थी। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "बात यह है कि रेप या डकैती आपके साथ, आपके भाई के साथ, आपकी मां के साथ, आपकी बेटी के साथ, किसी के भी साथ हो सकती है। विश्व के किसी भी देश में कोई भी इससे मुक्त नहीं है। स्पेन में ऐसा कई बार हुआ है। यह पूरी दुनिया में हुआ है। स्पेन, ब्राजील, अमेरिका सभी देशों में उल्लंघन हुआ है। हमें ऐसे अन्याय के खिलाफ लड़ना पड़ेगा। इसके पहले उसने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं आज भी मानती हूं कि भारत एक महान देश है, यहां के लोग अच्छे हैं। उन्होंने त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस और प्रशासन के प्रति आभार जताया। इसके पहले दुमका जिला प्रशासन ने कानूनी प्रावधानों के तहत पीड़िता को 10 लाख रुपए का चेक सौंपा। बता दें कि स्पेनिश महिला के साथ शुक्रवार की रात दुमका में गैंगरेप हुआ था। वह अपने पति के साथ टूरिस्ट वीजा पर अलग-अलग बाइक पर कई देशों की यात्रा पर निकली हैं। वह शुक्रवार को रात होने पर जिले के कुरमाहाट इलाके में पति के साथ एक खेत में टेंट लगाकर आराम कर रही थीं, तभी उनके साथ वारदात हुई। तीन आरोपी शनिवार को गिरफ्तार हो गए थे। जबकि, चार आरोपी फरार हैं।

### सरकार गरीबों के ...

ने एक अच्छी विधायक को सदन में भेजा है, जो क्षेत्र के हक के लिए हमेशा आवाज उठाती रहती है।

इसके पूर्व मंत्री बना गुप्ता ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए निशिकांत दुबे पर निशाना साधा। साथ ही कहा कि धर्म और जाति के नाम पर लोगों को बांटने का काम किया जा रहा है जबकि हमारी सरकार आम लोगों के लिए काम कर रही है। विधायक प्रदीप यादव ने भी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सरकार आम लोगों की भावना पर काम कर रही है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि वे मुख्यमंत्री की शुक्रगुजार हैं कि इस क्षेत्र के लिए उन्होंने तमाम योजनाओं को स्वीकृति दी तथा आज सभी सड़क एवं अन्य सुविधाएं यहां उपलब्ध हो गई है। करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न योजनाओं में डिग्री कॉलेज एवं सिंचाई एवं पेयजल योजनाओं, महागामा के बहुप्रतीक्षित 300 बेड अस्पताल का शिलान्यास, नगर पंचायत क्षेत्र के लिए 83 करोड़ की लागत से हर घर नल जल योजना का शिलान्यास भी किया गया।

### पीएम ने 19,600 करोड़ की...

ओडिशा के विकास के लिए पूर्वी भारत में प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता का उपयोग करने वाली केंद्र सरकार पर प्रकाश डाला और गंजम जिले में अलवणीकरण संयंत्र के बारे में बात की, जो प्रतिदिन लगभग 50 लाख लीटर खारे पानी का उपचार करेगा और इसे पीने के लिए उपयुक्त बनाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ओडिशा में आधुनिक कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि स्थानीय संसाधनों से राज्य की अर्थव्यवस्था बढ़े। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में 3000 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे बजट 12 गुना बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि रेल-राजमार्ग-बंदरगाह कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए जाजपुर, भद्रक, जगतसिंहपुर, मयूरभंज, खोर्दा, गंजाम, पुरी और केंदुझार में राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई अंगुल-सुकिंदा रेलवे लाइन कलिंग नगर औद्योगिक क्षेत्र के विकास का रास्ता खोलेगी। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उपस्थित थे।

### सियासी संग्राम में ...

ओडिशा के विकास के लिए पूर्वी भारत में प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता का उपयोग करने वाली केंद्र सरकार पर प्रकाश डाला और गंजम जिले में अलवणीकरण संयंत्र के बारे में बात की, जो प्रतिदिन लगभग 50 लाख लीटर खारे पानी का उपचार करेगा और इसे पीने के लिए उपयुक्त बनाएगा।प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ओडिशा में आधुनिक कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि स्थानीय संसाधनों से राज्य की अर्थव्यवस्था बढ़े। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में 3000 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे बजट 12 गुना बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि रेल-राजमार्ग-बंदरगाह कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए जाजपुर, भद्रक, जगतसिंहपुर, मयूरभंज, खोर्दा, गंजाम, पुरी और केंदुझार में राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई अंगुल-सुकिंदा रेलवे लाइन कलिंग नगर औद्योगिक क्षेत्र के विकास का रास्ता खोलेगी। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उपस्थित थे।

## नगर उंटारी में मनरेगा सहित कई कार्यों का नहीं हो रहा सही निष्पादन

# प्रभारी बीडीओ से चलाया जा रहा है काम




नवीन मेल संवाददाता

**शरीबबंशीधर नगर।** पिछले कई महीनों से श्री बंशीधर नगर अनुमंडल स्थित अति महत्वपूर्ण नगर उंटारी प्रखंड बीडीओ का पद प्रभार के रूप में रहा है। यहां तक कि सरकार द्वारा जारी अधिसूचना को धत्ता बताते हुए कोई भी प्रतिनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी आना ही नहीं चाहते हैं। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपनी मर्जी के मालिक हैं। मजबूरी में जिला प्रशासन द्वारा अन्य प्रखंड के बीडीओ को प्रभार देकर कार्य कराया जा रहा हैं। जिससे जनता को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। वही सरकार के आदेश का अवहेलना करते हुए प्रखंड पदाधिकारी प्रभार लेना नही चाहते हैं। वहीं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दो-दो प्रखंडों के प्रभार में कार्य कर रहे हैं। जिससे मनरेगा सहित अन्य कार्यों का निष्पादन ढंग से नही हो पा रहा है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम के जाने के बाद सरकार द्वारा दो प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह व अदिति गुप्ता के रूप में अधिसूचना जारी की गई थी। लेकिन दोनों के द्वारा प्रभार लेना तो दूर प्रखंड मुख्यालय में भर्मण तक नही किया गया। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न लोगो को अतिरिक्त प्रभार देकर किसी तरह से कार्य कराया जा रहा है।नगर उंटारी प्रखंड का अभी तक 6-7लोगो को पिछले 4 महीनों में प्रभार दिया जा चुका है।सरकार की इस उदासीनता के कारण लोगो मे सरकार के प्रति आक्रोश जन्म ले रहा है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी का सरकार में इतना पहुच है की उन्हें आने की आवश्यकता ही नही पड़ता।उनका घर बैठे-बैठे ही मनचाहा स्थान पर अपना ट्रांसफर करा लेते है।इस संबंध में लोगो मे सुगबुगाहट हो रही है कि अपने जिले का पहुच वाला नेता जिसकी राज्य में अपनी सरकार है और वह मंत्री भी है।उसके जिले में तीन से अधिक प्रखंड प्रभार में चल रहे है। इस संबंध में 'आम आदमी पार्टी के नेता मंटु पांडेय ने' कहा कि पिछले कई महीनों से नगर उंटारी का बीडीओ का पद प्रभार में चल रहा है।जिससे लोगो को कई प्रकार के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर के प्रखंडों के विकास के प्रति भारी उदासीनता दिखा रही है।जिसका परिणाम विकास कार्यो में अवरुद्ध के रूप में दिख रहा है।उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री से मांग करती है, कि अविलम्ब स्थाई प्रखंड विकास पदाधिकारी बहाल कर सुचारू रूप से विकास कार्यो की व्यवस्था को बहाल करें।

## जनता के टैक्स के करोड़ों रुपये बर्बाद स्टेडियम निर्माण अधूरा : रुचिर तिवारी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी अखिल भारतीय किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष रामराज तिवारी नौजवान संघ के जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी ने जीएलए कॉलेज में बन रहे स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के क्रम में पाया कि स्टेडियम का निर्माण अधूरा पड़ा है। जिला सचिव श्री तिवारी ने यह पाया कि इस स्टेडियम का निर्माण आज से 20 वर्ष पूर्व झारखंड के विधानसभा स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने शिलान्यास किया था निर्माण कार्य पूरा भी नहीं हुआ संवेदक के द्वारा बार-बार आवंटन राशि को बढ़ाया गया जिसमें माननीय स्पीकर की कृपा रही जिसमें माननीय के पुत्र लाभान्वित हुआ लेकिन स्टेडियम नहीं बन सका। उसमें उसके बाद आम जनता के टैक्स के पैसा करोड़ रुपया स्टेडियम निर्माण में लगाया गया लेकिन फिर भी स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ यही नहीं जीएलए कॉलेज परिसर में गर्ल्स हॉस्टल भी बना और आज जर्जर स्थिति में हो गया लेकिन उसका इस्तेमाल नहीं किया गया इस स्टेडियम का पुनः निर्माण कार्य 4 करोड़ की लगभग राशि से 2017 के बाद शुरू हुआ लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक स्टेडियम के कार्य अधूरा पड़ा है। कई सरकारें बदली लेकिन लेकिन अभी तक इस संबंध में पूर्व स्पीकर माननीय इंदर सिंह नामधारी की एक शब्द नहीं बोलते हैं। पलामू उपायुक्त इस पर संज्ञान ले और चिन्हित ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड करने का काम करें।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट


Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### मोदी ने शहबाज शरीफ को दी पाक का पीएम बनने पर बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहबाज शरीफ को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर आज बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, शहबाज शरीफ को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर बधाई। उल्लेखनीय है कि हाल ही में हुए चुनाव के बाद शहबाज शरीफ दूसरी बार और पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के नेता ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान और अन्य के साथ गठबंधन कर सरकार बनाई है।

### जम्मू-कश्मीर के डोडा में 3.2 तीव्रता का भूकंप

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सोमवार की रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। 9.08 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.2 दर्ज की गई। इस दौरान भूकंप के झटकों से घबराए लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि इसमें अभी तक किसी के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप का केंद्र डोडा क्षेत्र में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे स्थित था।

### कर्नाटक के डिप्टी सीएम शिवकुमार के खिलाफ ईडी केस रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के खिलाफ ईडी द्वारा शुरू की गई मनी लॉन्ड्रिंग जांच को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ कर्नाटक हाई कोर्ट के उस फैसले के खिलाफ कांग्रेस नेता की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें ईडी के समन को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। ईडी ने आईटी विभाग द्वारा दायर आरोप पत्र के आधार पर शिवकुमार, दिल्ली में कर्नाटक भवन के एक कर्मचारी हौमनथैया और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच शुरू की थी।

# वो कहते हैं परिवार प्रथम, मोदी कहता है राष्ट्र प्रथम

## तेलंगाना की लूट में एक दूसरे को कवर फायर दे रहे बीआरएस और कांग्रेस

### 'परिवारवाद' लोकतंत्र के लिए खतरा, नई प्रतिभाओं को उभरने नहीं देता

**एजेंसी। संगारेड्डी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भ्रष्टाचार को लेकर बीआरएस और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच घोटाला बंधन बहुत मजबूत है। ये दोनों तेलंगाना की लूट में एक-दूसरे को कवर फायर दे रहे हैं। इसे रोकना है इसलिए तेलंगाना को भी कहना चाहिए अबकी बार 400 पार। गठबंधन के परिवारवाद पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। वो कहते हैं परिवार प्रथम। मोदी कहता है राष्ट्र प्रथम। उनके लिए उनका परिवार ही सबकुछ है। मेरे लिए देश का हर परिवार सबकुछ है। इन्होंने अपने परिवार के हितों के लिए देशहित को बलि चढ़ा दिया। मोदी ने देशहित के लिए खुद को खपा दिया है। कहा कि 'परिवारवाद' लोकतंत्र के लिए खतरा है और नई प्रतिभाओं को उभरने नहीं देता है। कहा जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक, शासक परिवार मजबूत हो गए हैं, लेकिन राज्य कमजोर हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवार केंद्रित पार्टियां इतनी असुरक्षित हैं कि वे युवाओं को राजनीति में आने ही नहीं देतीं। जब से कांग्रेस परिवारवादी बनी है, उसने 50 वर्ष से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को आने की अनुमति नहीं दी है। वे 75, 80 और 85 साल के लोगों को लाते हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि अगर 50-55 साल के लोग आकर उनसे आगे निकल गए तो उनके परिवार का क्या होगा।"

तेलंगाना के संगारेड्डी में भाजपा की जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बीआरएस सरकार में भ्रष्टाचार से परेशान होकर आपने कांग्रेस को मौका दिया है। यह समझना जरूरी है कि दोनों दलों में समानताएं हैं। विपक्ष की आलोचना करते हुए मोदी ने कहा, उन्होंने विदेशी बैंकों में अपना काला धन छिपाने के लिए विदेशी खाते खोलने का सहारा लिया। मैंने लाखों गरीब भाइयों और बहनों के लिए जन धन खाते खोले।



### सीएआरओ से हैदराबाद को मिलेगी नई पहचान : पीएम

तेलंगाना दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री ने नागरिक उड्डयन अनुसंधान संगठन (सीएआरओ) को देश को समर्पित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने 72,00 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं की नींव रखी। इन परियोजनाओं में रोड, रेल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीएआरओ से केंद्र के साथ आगामी दिनों में हैदराबाद और तेलंगाना को भी नई पहचान मिलेगी। यह अपनी तरह का पहला विमानन केंद्र, जो बेगमपेट हवाई अड्डे पर खुला है। यह विमानन स्टार्टअप, अनुसंधान और कौशल विकास के लिए एक मंच प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने 1,300 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली एनएच-65 के 30 किलोमीटर लंबे पुणे-हैदराबाद (संगारेड्डी एक्स रोड-मदीनागुडा) खंड को छह लेन बनाने की आधारशिला रखी, जो यह परियोजना क्षेत्र में आईटी, औद्योगिक गलियारे और आईआईटी जैसे शैक्षणिक संस्थानों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने इंडियन ऑयल पारादीप-हैदराबाद उत्पाद पाइपलाइन भी राष्ट्र को समर्पित किया। 4.5 एमएमटीपीए की क्षमता वाली 1,212 किमी लंबी उत्पाद पाइपलाइन ओडिशा (329 किमी), आंध्र प्रदेश (723 किमी) और तेलंगाना (160 किमी) राज्यों से होकर गुजरती है। पाइपलाइन, जिसकी लागत 3,340 करोड़ रुपये है, पारादीप रिफाइनरी से विशाखापत्तनम, अचुतापुरम और विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश में) और हैदराबाद के पास मलकापुर (तेलंगाना में) के डिलीवरी स्टेशनों तक पेट्रोलियम उत्पाद का सुरक्षित और किफायती परिवहन सुनिश्चित करेगी। इसके साथ ही छह नए स्टेशन भवनों के साथ-साथ सनथनगर-मौला अली रेल लाइन के दोहरीकरण और विद्युतीकरण का भी उद्घाटन किया।

### अनुच्छेद 370 हटने के बाद कल पहली बार श्रीनगर जाएंगे पीएम

**श्रीनगर।** अनुच्छेद 370 हटने के बाद सात मार्च को पहली बार कश्मीर घाटी जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए श्रीनगर पूरी तरह तैयार है। संघीय क्षेत्र के सभी वरिष्ठ भाजपा नेता यह सुनिश्चित करने के लिए श्रीनगर में डेरा डाले हुए हैं कि सात मार्च को बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री की रैली पूर्ण रूप से सफल हो। इस अवसर पर पूरे शहर में स्वागत द्वार, झालरें, होर्डिंग्स और झंडे लगाए गए हैं। सड़कों व गलियों को साफ कर दिया गया है। व्यापार, यात्रा, पर्यटन, आतिथ्य, लघु उद्योग, हस्तशिल्प आदि से जुड़े लोग पीएम मोदी के दौरे को लेकर उत्सुक हैं। उनका मानना है कि पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर में कभी खाली हाथ नहीं आए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक कौल ने कहा, हमें यकीन है कि प्रधानमंत्री को सुनने के लिए आने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए स्टेडियम की क्षमता कम पड़ जाएगी। श्रीनगर में भी प्रधानमंत्री का विकास परियोजनाओं के उद्घाटन/शिलान्यास का कार्यक्रम है।

## पीएम आज देश के पहले अंडर रिवर मेट्रो का करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी। कोलकाता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को फिर बंगाल आ रहे हैं। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना के बारासात में उनके कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। एक मार्च को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाल आए थे। प्रधानमंत्री सुबह करीब 10:15 बजे कोलकाता में 15 हजार 400 करोड़ रुपये की कई कनेक्टिविटी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें सबसे महत्वपूर्ण हुगली (गंगा) नदी के नीचे चलने वाली देश की पहली मेट्रो सेवा सहित कोलकाता मेट्रो रेलवे की तीन परियोजनाएं शामिल हैं, जिसका प्रधानमंत्री उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री उसी दिन उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। महानगर में लोगों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए प्रधानमंत्री जिन तीन नए मार्ग पर मेट्रो सेवाओं का शुभारंभ करेंगे, उनमें कोलकाता मेट्रो के हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड, कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय खंड और तारातला-माझेरहाट मेट्रो खंड (जोका-एस्प्लेनड लाइन का हिस्सा) शामिल है। प्रधानमंत्री इन खंडों पर मेट्रो ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे।

### एक सप्ताह में दूसरी बार आ रहे हैं पश्चिम बंगाल



### गंगा नदी के नीचे 30 मीटर गहरी सुरंग बनाई

4.8 किलोमीटर लंबी हावड़ा मैदान- एस्प्लेनेड मेट्रो खंड देश की पहली ऐसी मेट्रो परियोजना हैं, जिसमें हुगली नदी के नीचे सुरंगें तैयार की गई हैं। भारत की किसी भी नदी के नीचे यह पहली परिवहन सुरंग है। नदी सुरंग की लंबाई 520 मीटर है। अप व डाउन लाइन के लिए दो सुरंगें तैयार की गई है। मेट्रो को नदी पार करने में एक मिनट से कम का समय लगेगा। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि यह देश की सबसे गहरी सुरंग है, क्योंकि गंगा नदी के नीचे 30 मीटर गहरी सुरंग बनाई गई है, जिसमें से मेट्रो गुजरेगी।

## तमिलनाडु में कांग्रेस एआईएडीएमके के साथ कर सकती है गठबंधन

**एजेंसी। चेन्नई**



आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस तमिलनाडु में एआईएडीएमके के साथ हाथ मिला सकती है। डीएमके से कांग्रेस ने 9 सीटों की मांग की थी लेकिन डीएमके महज 7 सीटें ही दे रही है। तमिलनाडु में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व एआईएडीएमके के साथ हाथ मिलाने के लिए तैयार है। कांग्रेस नेता ने कहा, हम आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतना चाहते हैं। एआईएडीएमके हमें 16 सीटें देना चाहती है, तो हम क्यों नहीं उनके साथ गठबंधन करें। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि एआईएडीएमके और कांग्रेस एक-दूसरे के हाथ मिलाने के लिए तैयार है। एआईएडीएमके कांग्रेस को 16 सीटें देने का मन बना चुकी है। सूत्रों ने बताया कि डीएमके द्वारा ज्यादा सीटें नहीं दिए जाने के बाद कांग्रेस ने अपमानित महसूस किया। स्थानीय कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि पार्टी एआईएडीएमके के साथ अच्छा तालमेल स्थापित कर सकती है और इसके अलावा ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने की अपनी इच्छा को भी मूर्त रूप दे सकती है।

भारी बर्फबारी व बारिश

## अबतक 39 की मौत 30 से ज्यादा घायल

**काबुल।** भारी बारिश और बर्फबारी की वजह से अफगानिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में अभी तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है और 30 से अधिक लोग घायल हैं। अफगानिस्तान इस वक्त भारी बारिश और बर्फबारी से जूझ रहा है। चार दिनों से भीषण बर्फबारी और बर्फीले तूफान का सिलसिला चल रहा है। इससे प्रांतों और जिलों को जोड़ने वाली ज्यादातर सड़कें पूरी तरह अवरुद्ध हैं। अफगानी आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रवक्ता जनान सईक ने खामा प्रेस से कहा कि हाल ही में हुई बर्फबारी और बारिश ने 637 आवासीय घरों को पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट कर दिया है और 14,000 मवेशियों की जान ले ली है।

## लोस चुनाव की निगरानी में शामिल होंगी केंद्रीय एजेंसियां : मुख्य चुनाव आयुक्त

**एजेंसी। कोलकाता**

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि आयोग लोकसभा चुनाव की निगरानी के लिए केंद्रीय एजेंसियों को भी शामिल करेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि निगरानी के लिए अलग से एक पोर्टल खोला जाएगा, जिसमें सभी केंद्रीय एजेंसियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, "सी-विजिल : नागरिक सतर्क रहें" नाम से एक मोबाइल एप लॉन्च किया जाएगा। इस एप्लिकेशन के जरिए कोई भी व्यक्ति चाहे तो अपने क्षेत्र में होने वाली चुनावी अनियमितता या हिंसा के बारे में फौरन जानकारी दे सकेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि



निर्वाचन आयोग की संपूर्ण पीठ ने पश्चिम बंगाल दौरे में सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक की थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव में धन और बल के दुरुपयोग के अलावा अधिकारियों द्वारा कोताही बरतने की भी शिकायत मिलती है। आमतौर पर शिकायत में कहा जाता है कि अधिकारी निष्पक्ष ढंग से काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक राजनीतिक दल को छोड़कर सभी पार्टियों ने अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात करने का निवेदन किया है। एक राजनीतिक दल ने एक ही चरण में पश्चिम बंगाल में चुनाव कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस को शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, मतदान त्योहार के रूप में होना चाहिए। राज्य के सभी प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वो अपने सभी अधीनस्थ अधिकारियों को इस संदर्भ में संदेश भेजें, ताकि हिंसामुक्त चुनाव संपन्न हो सके।

### हिजबुल्लाह के हमले में एक भारतीय की मौत, दो अन्य घायल

**तिरुवनंतपुरम।** इजरायल में हिजबुल्लाह के हमले में एक भारतीय की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह ने मार्गालियट में मिसाइल हमला किया था। कई सालों में लेबनान के साथ इजरायल की सीमा के पास किसी भारतीय की मौत की यह पहली रिपोर्ट है। रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने हमला सोमवार को किया था। मृतक की पहचान केरल में कोल्लम के वाडी निवासी निबिन मैक्सवेल (31) के रूप में हुई है। हमले में कुल सात अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिसमें दो केरल के निवासी हैं। उनकी पहचान जोसेफ जॉर्ज और पॉल मेल्विन के रूप में हुई है।

## जयशंकर के सियोल पहुंचने पर इंडो-पैसिफिक व्यापार पर चर्चा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने तीन दिवसीय एशियाई दौरे की शुरूआत सियोल में भारत-प्रशांत, व्यापार और आर्थिक सहयोग पर चर्चा के साथ की। वह मंगलवार को दोनों देशों के बीच 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए दक्षिण कोरिया पहुंचे। द्विपक्षीय आदान-प्रदान को और तेज करना और भविष्य के सहयोग के लिए एजेंडा तय करना मंत्री की कोरिया गणराज्य और जापान की यात्रा के मुख्य आकर्षणों में से एक है। जयशंकर ने कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक, चांग हो-जिन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बुधवार को 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक से पहले दक्षिण कोरियाई प्रधान मंत्री हान डक-सू से भी मुलाकात की और भारत-कोरिया संबंधों के लिए उनके मूल्यवान मार्गदर्शन की सराहना की। संयुक्त आयोग की बैठक में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने और इसे और मजबूत करने के रास्ते तलाशने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस दौरान दोनों पक्ष क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए मंत्री जयशंकर ने व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्री अहं डुकगेन के साथ-साथ विभिन्न थिंक टैंक के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। ईएएम जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज सियोल में व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्री अहं डुकगेन से मिलकर खुशी हुई। उनके साथ व्यापार और आर्थिक सहयोग पर व्यापक बातचीत हुई।


### नौसेना अधिकारियों व रक्षा क्षेत्र के असैन्य कर्मियों के लिए आवासीय भवनों का भी उद्घाटन

# प्रोजेक्ट सीबर्ड से कारवार नौसेना बेस की क्षमता बढ़ी : रक्षा मंत्री

### कारवार के दो प्रमुख तटबंधों में अब 32 जहाज, पनडुब्बियां और 23 यार्ड क्राफ्ट समायोजित होंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की मौजूदगी में नौसेना बेस कारवार में दो प्रमुख तटबंधों और नौसेना अधिकारियों व रक्षा क्षेत्र के असैन्य कर्मियों के लिए 320 निवास गृहों तथा अधिकारियों के 149 एकल आवास वाले सात आवासीय भवनों का उद्घाटन किया। प्रोजेक्ट सीबर्ड के पहले चरण को 10 जहाजों को समायोजित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था और इसे साल 2011 में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश की सबसे बड़ी नौसेना बुनियादी ढांचा



निर्माण परियोजना के रूप में लाया गया प्रोजेक्ट सीबर्ड भारतीय नौसेना की क्षमता बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों तटबंध देश के पश्चिमी तट पर रणनीतिक उपस्थिति को और मजबूत करेंगे। रक्षा मंत्री ने इस आयोजन की स्मृति में एक उद्घाटन विशेष डाक टिकट भी जारी किया।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि नई प्रशिक्षण सुविधा न केवल भारतीय बलों के अधिकारियों के लिए बल्कि समुद्री पड़ोसियों के लिए भी समुद्री दृष्टिकोण सीखने और साझा करने के लिए एक गुरुकुल के रूप में काम करेगी।


ये बुनियादी ढांचा विकास प्रोजेक्ट सीबर्ड के चल रहे दूसरे चरण का पहला हिस्सा है, जिसमें 32 जहाजों, पनडुब्बियों, 23 यार्डक्राफ्ट, एक दोहरे उपयोग वाले नौसेना एयर स्टेशन, एक पूर्ण नौसेना डॉकयार्ड, चार कवर किए गए ड्राई बर्थ और जहाजों, विमानों के लिए रसद को समायोजित किया जाएगा। इसमें लगभग 10,000 वर्दीधारी और नागरिक कर्मी परिवारों के साथ रहेंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास को काफी बढ़ावा मिलेगा। सिविल एन्क्लेव के साथ नेवल एयर स्टेशन से उत्तरी कर्नाटक और दक्षिण गोवा में पर्यटन बढ़ने की उम्मीद है। यह परियोजना 'आत्मनिर्भर भारत' के अनुरूप है, जिसमें 90 फीसदी से अधिक सामग्री घरेलू स्तर पर प्राप्त की गई है। इस परियोजना के दूसरे चरण के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति (सीसीएस) की मंजूरी के अनुसार 23 यार्डक्राफ्ट के साथ 32 जहाजों और पनडुब्बियों की बर्थिंग दी गई थी। ऊंचाई के मामले में यह दिल्ली में कुतुब मीनार से भी ऊपर है और 33 हजार वर्ग मीटर भूमि क्षेत्र में फैला हुआ है।

इस ड्राई बर्थ को चार बड़े जहाजों की एक साथ डॉकिंग तथा व्यापक बंद रखरखाव की सुविधा के लिए बनाया गया है। 2700 मीटर के रनवे और सिविल-एन्क्लेव के साथ एक ग्रीन फील्ड दोहरे उपयोग वाले नेवल एयर स्टेशन की स्थापना से नौसेना के विभिन्न जहाजों पर चढ़ने वाले विमानों को हवाई सहायता मिलेगी। इससे वाणिज्यिक विमान उड़ानों के संचालन में भी सुविधा होगी।

फिल्म जगत

## रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज

**फिल्म** जगत के कुछ मेहनती अभिनेताओं की सूची में रणदीप हुड्डा का नाम लिया जाता है। रणदीप फिलहाल वह अपनी आने वाली फिल्म "स्वातंत्र्य वीर सावरकर" को लेकर सुर्खियों में हैं। पहले इस फिल्म का निर्देशन महेश मांजरेकर करने वाले थे। बाद में किसी वजह से महेश मांजरेकर ने इस फिल्म से किनारा कर लिया। इसके बाद निर्देशन की जिम्मेदारी रणदीप के कंधों पर आ गई। पिछले साल फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' का टीजर रिलीज किया गया था। तभी से दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इस फिल्म का दमदार ट्रेलर भी दर्शकों के सामने आ गया है। टीजर की तरह ही ट्रेलर भी दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा रहा है। ट्रेलर में स्वतंत्रता सेनानी सावरकर के जीवन की प्रमुख घटनाओं और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया है। इसके साथ ही विनायक दामोदर सावरकर और महात्मा गांधी के बीच वैचारिक मतभेद भी भी इस फिल्म में दर्शाए गए हैं। फिल्म में सावरकर को दी गई दो आजीवन कारावास की सजा, सजा काटने के बाद



भारत में उनके और उनके परिवार के साथ हुए अन्याय और उनके साथ किए गए दोयम दर्जे के व्यवहार पर भी टिप्पणी की गई है। ट्रेलर से इस बात की भी झलक मिलती है कि फिल्म में हमें दमदार डायलॉग्स सुनने को मिलेंगे। फिल्म में सावरकर के साथ हमें लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, मोहम्मद अली जिन्ना, जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, भीकाजी कामा, मदनलाल ढींगरा, भगत सिंह आदि क्रांतिकारियों की भूमिकाएं भी देखने को मिलेंगी। फिल्म में सावरकर का मुख्य किरदार निभाने वाले रणदीप हुडा के अभिनय की जबरदस्त चर्चा हो रही है और इस किरदार के लिए रणदीप की मेहनत की भी खूब सराहना हो रही है।